## 18 को बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव रांची आ रहे है

रांचीः झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि बिहार विधासभा में विपक्ष के नेता व युवाओं के दिल की आवाज माननीय श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी दिनांक 18/10/2024 को रांची आ रहे है ।रांची में राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात तथा चुनाव से संबंधित सभी से बातचीत करेंगे। मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि हमारे नेता आदरणीय तेजस्वी प्रसाद यादव जी सड़क मार्ग से रांची पहुंचेंगे और वर्तमान राजनीतिक स्थिति एवं राष्ट्रीय जनता दल कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस पर भी अपने दल के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श करेंगे ।

## साकची में मेडिकल स्टोर पर छापेमारीःप्रतिबंधित दवाओं का बड़ा भंडार मिला, ड्रग कंट्रोलर विभाग ने की कार्रवाई



जमशेदपुरः जमशेदपुर के साकची इलाके में स्थित डेज मेडिकल स्टोर पर बुधवार को ड्रग कंट्रोलर विभाग ने अचानक छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद की गईं। जांच में यह खुलासा हुआ कि स्टोर बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रहा था। विभाग ने अब स्टोर को सील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला तब सामने आया जब मंगलवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर कुछ युवकों को प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान युवकों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ये दवाएं साकची स्थित डेज मेडिकल स्टोर से खरीदी थीं। इस जानकारी के आधार पर, जमशेदपुर ड्रग कंट्रोल विभाग 1 और 2 की संयुक्त टीम ने बुधवार को छापेमारी की। इस कार्रवाई का नेतृत्व ड्रग इंस्पेक्टर अबरार आलम और सोनी बारा ने किया, जिसमें विभाग के अन्य अधिकारी भी शामिल थे। फिलहाल स्टोर को सील करने की प्रक्रिया जारी है।

## डेमकाडीह चौक पर ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं



जमशेदपुर : राष्ट्रीय उच्च पर 33 पर डेमकाडीह चौक के समीप बुधवार की दोपहर में एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गया. घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. मिली जानकारी के अनुसार ट्रेलर डिमना की ओर से घाटशिला जा रहा था. डेमकाडीह चौक पर चालक द्वारा एका एक ब्रेक लगाए जाने के कारण ट्रेलर का अगला हिस्सा अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर पर चढ़ गया तथा ट्राली की दूसरी तरफ मुड़ गया. जिससे ट्रेलर पलटने से बच गया. घटना के समय कोई भी राहगीर उस ओर से नहीं आ रहा था. अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी. उक्त घटना के बाद चालक भी पूरी तरह सुरक्षित बाहर निकल गया.

## चतरा उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक दी निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिले के समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप द्वारा मान्यता प्राप्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया। राज्य में चुनावी घोषणा के साथ सियासी और प्रशासनिक हलचल में वृद्धि हो गई है। चुनावी घोषणा के के साथ ही आचार संहिता का पालन करवाने के लिए पूरी तरह से सरकारी महकमा जुटा हुआ है।

जिला उपायुक्त के द्वारा बुलाई गई इस बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा 15 अक्टूबर को कर दी गई है। जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे एवं 72 घंटे के भीतर किए जाने वाले आवश्यक कार्रवाई के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात सभी सरकारी योजनाओं एवं राजनीतिक पार्टियों से संबंधित बैनर, पोस्टर हटाया जा रहा है, जिसमें सभी राजनीतिक पार्टियों के सहयोग की अपेक्षा है।पूरे राज्य में पहले चरण में 13 नवंबर व दूसरा चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा । जिसमे चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में चुनाव 13 नवंबर 2024 को पहले चरण में होगा। जिसके लिए 18 अक्टूबर 2024 से 25 अक्टूबर 2024 तक उम्मीदवारों का नामांकन, 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों का स्क्रुटनी। वहीं नाम वापसी तिथि 30 अक्टूबर है। मतगणना 23 नवंबर को होगा। उम्मीदवारों का नामांकन निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा/ सिमरिया के कार्यालय कक्ष में होना है। चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 475 मतदान केंद्र हैं। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 419 वहीं चतरा जिले के 20 मतदान केंद्र बड़कागांव विधासभा क्षेत्र में आता है। जिले में अगर कुल मतदान केंद्रों की बात करें तो कुल 914 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों को आदर्श आचार संहिता का पूर्णता अनुपालन करने एवं चुनाव के दौरान सहयोग करने का अपील किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात किसी भी राजनीतिक कार्यक्रम के आयोजन से 48 घंटे पूर्व इसकी सूचना निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक दें, साथ हीं कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व सुविधा एप्प के माध्यम से ऑनलाइन अनुमति लेना अनिवार्य है। स्टार कैंपेनर को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि आदर्श चुनाव प्रचार के लिए आने वाले स्टार प्रचारक की सूचना भी अनुमंडल पदाधिकारी को अवश्य दें, किसी भी सरकारी योजना का प्रचार प्रसार न करें, न ही किसी भी प्रकार का योजना से संबंधित फॉर्म भरवाया जाए, किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा एवं संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसी भी व्यक्ति के घर में किसी पार्टी का झंडा लगाने से पूर्व घर के मालिक से अनुमति अवश्य लें। सोशल मीडिया पर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट न करें, जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो, सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनीतिक पार्टियों द्वारा छापे गए बैनर पोस्टर आदि में पब्लिशर का नाम अवश्य अंकित करें और जो भी सामग्री छापे उसकी एक कॉपी निर्वाचन कार्यालय में जरूर उपलब्ध कराएं। प्रचार प्रसार एवं कार्यक्रम के दौरान चलने वाले वाहनों के लिए भी अनुमति लेना अनिवार्य है, लिए गए अनुमति पत्र को अपने गाड़ी के सामने जरूर चिपकाए।

## चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक




हज़ारीबाग।आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारीयों के साथ सभाकक्ष में बैठक की गईं। बैठक में कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईवीएम प्रबंधन, मीडिया मॉनीटरिंग, कम्युनिकेशन प्लान, स्वीप प्लानिंग, आदर्श आचार संहिता, विधि व्यवस्था, एसएमएस मॉनिटरिंग एंड कम्युनिकेशन प्लान, परिवहन कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग,मीडिया सेल समेत अन्य कोषांगों के दायित्व के निर्वहन और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।उपायुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, चुनावी प्रबंधन, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम, वीवीपैट की कार्य प्रणाली,आदर्श आचार संहिता, मीडिया कोषांग की भूमिका, कानून व्यवस्था आदि का ज्ञान रहे। इसलिए सभी बातों को अच्छी तरह से समझ ले।

बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया तथा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक कोषांग को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संबंधित डाटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया।चुनाव के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों से संबंधित सूची जल्द से जल्द सामग्री कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे बैठक में उपायुक्त ने मतदान के समय मतदान कर्मियों को सेक्टर व बूथ तक पहुंचाने के लिए छोटी-बड़ी वाहनों का आकलन करते हुए वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित कोषांग पदाधिकारी को दिया।उपायुक्त ने कहा कि आगामी चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में कोषांगों के गठन व पदाधिकारियों-कर्मियों की प्रतिनियुक्ति, मतदान दल-सेक्टर मजिस्ट्रेट को सामग्री वितरण, मतपेटी की उपलब्धता, पंजी संधारण, मतदान कर्मियों के आवागमन के लिए वाहन की सुविधाएं, मतदाता जागरूकता संबंधी कार्य समेत कई अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद,उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, एसडीएम सदर एवं बरही,डीसीएलआर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,समेत कार्यपालक दंडाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी पदाधिकारी मौजूद रहें।

## विश्व ट्रॉमा दिवस के अवसर पर आकस्मिक दुर्घटनाओं से होने वाले ट्रॉमा पर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया

रांचीः विश्व ट्रॉमा दिवस के अवसर पर, मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स अस्पताल, रांची के प्रमुख न्यूरो सर्जन डॉ. आनंद कुमार झा ने सड़क दुर्घटनाओं और अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं से होने वाले ट्रॉमा पर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

डॉ. झा ने कहा, "भारत में हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा गंभीर रूप से घायल हो जाता है। समय पर उपचार और ट्रॉमा प्रबंधन से हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।" उन्होंने बताया कि ट्रॉमा की स्थिति में स्वर्णिम घंटे (गोल्डन ऑवर) का अत्यधिक महत्व है। यदि इस समय में उचित चिकित्सा सहायता दी जाए, तो मरीज की जान बचाई जा सकती है और गंभीर स्थायी क्षति को रोका जा सकता है।



डॉ. झा ने कहा कि ट्रॉमा के प्रति जागरूकता और सही कदम उठाने से ही हम सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों और विकलांगताओं को कम कर सकते हैं। "सड़क सुरक्षा नियमों का पालन, हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग, और सही समय पर चिकित्सा सहायता ट्रॉमा से बचाव के प्रमुख उपाय हैं," उन्होंने कहा। मेदांता अस्पताल, रांची में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ टीम के साथ, हम हर प्रकार के ट्रॉमा मरीजों को सर्वश्रेष्ठ इलाज प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस विश्व ट्रॉमा दिवस पर, डॉ. झा ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें और ट्रॉमा के लक्षणों को पहचानने और समय पर मदद लेने के लिए तत्पर रहें।

मेदांता अस्पताल, राँची में विश्व स्तरीय इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर सुविधाः हॉस्पिटल डायरेक्टर विश्वजीत कुमार ने कहा की हर साल ४०० से भी ज़्यादा लोगो की सड़क दुर्घटना में मौत होती है । उन्होंने ने लोगो से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहे और ट्रैफिक रूल्स का पालन करें । मेदांता अस्पताल में इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर की विश्व स्तरीय सुविधा है। यहां विशेष प्रकार का अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन है जिससे मरीज की आसानी से स्क्रीनिंग हो जाती है।

## केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पहुंचे धनबादः झारखंड में सही मायने में विकास चाहिए तो डबल इंजन की सरकार को चुने, बोले - केंद्रीय मंत्री

धनबादः भारत के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल आज भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक एवं प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में शामिल होने धनबाद पहुंचे। जहां उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुड गवर्नेन्स और विकास यह दो एजेंडा के साथ भाजपा चुनाव में जाती है।

उन्होंने कहा कि जहां भी डबल इंजन की सरकार है, वहां विकास की गति बढ़ती है और गुड गवर्नेंस भी तेजी से आता है। अभी महाराष्ट्र के साथ - साथ झारखंड में भी चुनाव है। जनता से यही कहा है कि अगर सही मायने में विकास चाहिए तो डबल इंजन की सरकार को चुने।

### जहां डबल इंजन की सरकार नहीं, वहां विकास नहीं



उन्होंने बताया कि यह महसूस किया गया है कि जहां भी डबल इंजन की सरकार नहीं है वहां विकास रुक जाता है। केंद्र से मिलने वाले फंड का डायवर्सन शुरू हो जाता है। अभी झारखंड सरकार पेंशन की सारी योजनाओं को बंद करके मंइयां सम्मान योजना लेकर आ गई है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हो सकता है कि मंइयां सम्मान योजना में फंड का डायवर्सन हुआ हो। उन्होंने कहा भाजपा के गोगो दीदी योजना में फंड का डायवर्सन नहीं होगा। हमारी सरकार आने के बाद इस योजना के लिए प्रॉपर फंड की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने एक बात और कही कि हमारी सरकार झारखण्ड में बनती है तो निश्चित तौर पर कोयला चोरी पर लगाम कसी जाएगी साथ ही कोयले का उत्पादन भी बढ़ेगा।

## बिजारे फैशन शो का फाइनल राउंड आडिशन सम्पन्न



रांची : आईआईसीसी तथा आईएनआईएफडी संस्थान द्वारा आयोजित 27 अक्टूबर 2024 को होने वाले फैशन शो सह वार्षिक दिवस - बिजारे-24 का ऑडिशन 16 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को सम्पन्न हो गया है। इसमें मॉडलिंग के लिए इच्छुक झारखण्ड के कई शहरों से खास कर रांची , जमशेदपुर से 100-150 लडके और लड़कियों ने बड़े उत्साह और लगन के साथ भाग लिया इसमें चयनित मॉडल ही अगामी दिनांक 27 अक्टूबर को होने वाले बिजारे शो में भाग ले पायेगे। इसमें सबसे सफल मॉडल को Mr. Bizarre -24 और Miss Bizarre 24 के खिताब से भी नवाजा जायेगा। ज्ञात हो कि Bizarre - 24 फैशन शो का आयोजन होटल RADISSON BLU, RANCHI में किया जायेगा। इसमें संस्थान के फैशन डिजाइनिंग स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जायेगा। बिजारे शो पिछले 23 सालो से आयोजित किया जा रहा है जो कि झारखंड का सबसे बड़ा फैशन शो जाना जाता है। इसमें प्रतिभागियों को 5 अलग अलग थीमो में 5 राउन्ड दिये जायेगें. उक्त बातें संस्थान के निदेशक डा मो० महबूब आलम ने दी। शिक्षकगण में फैशन डिजाइनिंग विंग की HOD शिखा सरावगी, स्वीटी कुमारी, विन्नी जी, अमृता मिश्रा, आफरीन इरशाद उपस्थित थे.

## रुक्का पानी प्लांट के कर्मियों ने जायज मांगों क़ो लेकर प्लांट के मुख्य गेट पर हड़ताल पर बैठे



ओरमांझी(मोहसीनआलम)- राजधानी रांची के आधा आबादी को पानी मुहैया कराने वाला ओरमांझी का रुक्का पीएचईडी पानी प्लांट के 100 से अधिक कर्मचारीयों ने अपने अनेकों जायज मांगो को लेकर पिछले 2 दिनों से हड़ताल में है। सभी कर्मचारियों का कहना है की यदि हम लोगों का मांग पूरा नहीं हुआ तो हमलोग काम पर नहीं जाएंगे। जानकारी के मुताबिक़ पीएचईडी में पिछले 3 वर्षो से एपीसीएल कंपनी ऑपरेशन और मेंटेंस का कार्य कर रही थी। जो की उसका टेंडर समाप्त हो चुकी है। जिसके बाद न्यू एजेंसी पाठक इंजीनियरिंग को ऑपरेशन एवम मेंटेन्श का कार्य 10 अक्टूबर 24 से हेंडोवर मिला जिसके बाद पीएचई डी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी 10अक्टूबर 24 को सभी कर्मचारी पीएचईडी के मुख्य गेट के समीप धरने पर बैठ गए । जिसके बाद न्यू एजेंसी सभी कर्मचारियों के साथ बात हुई की 15अक्टूबर 24 को आपलोगो का मांग पूरा कर दिया जायेगा.परंतु समय बीत जाने के बात भी आउटसोर्स कर्मचारियों का मांग पूरा नहीं किया गया जिसे नाराज़ होकर सभी कर्मचारी हड़ताल पे चले गए। हड़ताल पर चले जाने से महज कुछ कर्मी ही प्लांट को संभाल रहे हैं। अब देखना होगा कि कर्मियों की मांग कब पूरी होती है,और कर्मी हड़ताल से वापस लौटते हैं।

## देवघर में एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाईःसिविल सर्जन घूस लेते रंगे हाथ धराए, नर्सिंग होम लाइसेंस रिन्यू के लिए मांगे थे पैसे



देवघरः देवघर एसीबी की टीम ने सिविल सर्जन रंजन सिन्हा को 70 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की टीम ने उन्हें बेला बागान स्थित आवास से पकड़ कर दुमका ले गई है। जानकारी के अनुसार देवघर के सिविल सर्जन रंजन सिंह रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। सिविल सर्जन पर आरोप है कि पश्चिम बंगाल के निवासी महफूज आलम से घूस मांगी थी।

दरअसल महफूज आलम देवघर के मधुपुर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड स्थित 10 बेड का बंगाल नर्सिंग होम के नाम से हॉस्पिटल चला रहा था। इसी अस्पताल का रिनुअल करने के लिए महफूज आलम ने सिविल सर्जन कार्यालय को आवेदन दिया था। काफी दिन बीत जाने के बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तब सिविल सर्जन से मिलने देवघर पहुंचा।

कार्यालय में सिविल सर्जन से मुलाकात कर नर्सिंग होम का लाइसेंस रिनुअल करने का आग्रह किया। तब सिविल सर्जन ने एक लाख रुपए बतौर रिश्वत मांगी। इसकी शिकायत महफूज आलम ने एसीबी से की। एसीबी ने जांच के बाद आरोप को सत्य पाते हुए यह कार्रवाई की।

## बीजेपी राज्य में बहुसंख्यक ओबीसी , एससी का आरक्षण में कटौती कर मौलिक हक और अधिकार छीना : कैलाश यादव

रांची : प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बीजेपी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झारखंड निर्माण के बाद भाजपा ने राज्य में ओबीसी को 27 से 14 एवं अनुसूचित जाति को 15 से 10 फीसदी आरक्षण में कटौती कर बहुसंख्यक समाज का मौलिक हक और अधिकार छीनने का काम किया है ! जिसका दंश आज तक बहुसंख्यक OBC, SC लगभग 75 फीसदी लोग झेल रहे हैं जिस कारण अब तक 20 लाख युवा बेरोजगार हुए हैं.

यादव ने कहा कि झारखंड निर्माण के बाद तत्कालीन प्रथम मुख्यमंत्री बने बाबूलाल मरांडी ने जेडीयू आजसू के साथ एनडीए सरकार



चलाई ,जिस दौरान उन्होंने राज्य के अहित में कई जनविरोधी निर्णय लिए ! डोमिसाइल लागू कर लोगो में जनाक्रोश करवाया , ओबीसी और अनुसूचित जाति का आरक्षण में कटौती कर बहुसंख्यक आबादी के खिलाफ नफरत भरी निर्णय लेकर पीछे धकेलने का काम किया ! ऐसे अनेकों उदाहरण हैं इसलिए भाजपाइयों को आरक्षण शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहिए .

राज्य में विगत 5 वर्षों से महागठबंधन सरकार राजद कांग्रेस जेएमएम ने कई ऐतिहासिक जनसरोकार का कार्य कर लोगो की जनाकांक्षाओं को पूरा करने का काम किया है ! किसानों का 2 लाख रु ऋण माफी,बिजली बिल माफी,200 यूनिट तक बिल माफ, मईया सम्मान योजना,छात्रवृति और गंभीर बीमारी के लिए राशि निर्गत करना जैसे अनेकों साहसिक और जनहित के कार्य किए गए इसलिए बीजेपी के पास थोथी दलील के अलावा कोई ठोस मुद्दा नहीं है ! जनता को राज्य में पुनः सेक्युलर सरकार चाहिए न कि कट्टरपंथी विचारधारा वाली भाजपाई सरकार चाहिए.

## पुलिस जीप का टायर फटा ; चालक की मौतःगिरिडीह के डुमरी NH-19 पर हादसा, मवेशी लदा वाहन का कर रहे थे पीछा

गिरिडीह के डुमरी NH-19 पर मवेशी वाहन का पीछा कर पकड़ने के दौरान डुमरी थाना के पुलिस जीप का टायर फट जाने से वाहन पलट गया। हादसे में वाहन प्राइवेट चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 1 पुलिस अधिकारी और जवान घायल हो गए। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र के लक्ष्मण मोड़ के पास घटी है।



बताया जाता है कि मवेशियों से भरा हुआ एक गाड़ी डुमरी थाना क्षेत्र से पार हो रही थी। तभी पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गाड़ी का पीछा करने लगी। तभी पुलिस के जीप का टायर फट गया और अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक रंजीत साव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि डुमरी थाना के एसआई भास्कर ठाकुर घायल हो गए उनके साथ एक जवान विवेकानंद मुर्मू भी घायल हुए। जिसका इलाज क्षितिज हॉस्पिटल में करने के बाद उन्हें उन्हें छोड़ दिया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झुरझुरी में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। मंगलवार 15 अक्टूबर की शाम को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में कौशल्या देवी 35 वर्ष पति राम कुमार घायल हो गईं। जिसे इलाज के लिए बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रलाया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं०-२, राँची**

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

पत्रांक............................ दिनांक : ........................

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि Supplying, Installation and Fabrication of Prefeb Structure for J.S.B.C.C.L ( Building Construction Department) at Roof Top of J.SB.C.C.L Building in the Campus of MDI Building at HEC, Dhurwa, Ranchi. का P.R. No. 338113 Building (24-25).D से प्रकाशित अल्पकालीन ई0 निविदा सख्या–11/2024–25 की बेबसाई पर निविदा प्रकाशन की तिथि 15.10.2024 निर्धारित है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR 339153 Building (24-25)_D


## आदर्श आचार संहिता लागु होते ही पहली बड़ी कार्रवाई, 6 लाख 22 हजार 9 सौ 70 रूपये जप्त

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण(हजारीबाग)ःआदर्श आचार संहिता लगने के बाद प्रशासन की पहली कार्यवाई। आगामी झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार सहिता के दौरान बुधवार को समय करीब 08.30 बजे चौपारण थाना गेट के सामने अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव एंव पु०अ०नि० बिन्देश्वर महतो एंव अन्य बलो के साथ सयुंक्त वाहन चेकिंग के दौरान महारानी बस सं0 बीआर 02 पिसी-0351 में एक व्यक्ति के पास से एक बैग में



रखे थैला से कुल नगद राशि कुल 6,22,970/- (छः लाख बाईस हजार नौ सौ सतर रु0) बरामद हुआ। जिसकी जाँच करने पर पकड़ाये व्यक्ति कमलेश प्रसाद शर्मा पिता- गया प्रसाद शर्मा पता-बरन्डी थाना- बाराचट्टी जिला० गया बिहार सही जानकारी एंव कैश से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया । तत्पश्चात वरीय पदाधिकारी एंव एफ० एस० टी० टीम के दण्डाधिकारी प्रदीप कुमार पासवान को सूचित किया गया, जिनके द्वारा विधिवत बरामद राशि की जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। जप्त राशि एंव पकड़े गये व्यक्ति को अग्रेतर कार्रवाई हेतु एफ० एस० टी० टीम के दण्डाधिकारी को सौंपा गया।मौके पर सीओ संजय यादव, पुअनि बिन्देश्वर महतो,सअनि बादल कुमार महतो, कमरुदिन एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## रांची के पिठोरिया इलाके से गिरफ्तार चोरी के चार आरोपियों को भेजा जेल



रांचीः राजधानी रांची के पिठौरिया थाने की पुलिस ने चोरी में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार व्यक्ति का नाम जमील अंसारी, सारिक अंसारी, फैज़ल खान और मोहम्मद शकिल है. इन सभी को गिरफ्तार मेडिकल जांच कराया गया जिसके बाद जेल भेज दिया गया. इनके ऊपर मोटर चोरी करने और चोरी का समान खरीद बिक्री करने का आरोप है. पिठौरिया थाना प्रभारी गौतम राय ने बताया की जानकारी मिली थी कि ये लोग कांके इलाके में सक्रिय है जिसके बाद छापेमारी की गई और पूछताछ के दौरान अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली. फिलहाल सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है.

## रांची बाइपास फोरलेन पर देना होगा टोल टैक्स, तैयारी तेज

रांचीः रांची बाइपास फोरलेन रोड पर जल्द टोल प्लाजा शुरू होगा. वाहन चालकों को इस सड़क में चलने के लिए पहले टोल टैक्स देना होगा. एनएचआई यह प्रयास कर रहा है कि जल्द ही इस महत्वपूर्ण परियोजना पर टोल प्लाजा की शुरूआत की जाये. हालांकि, इस रोड का उद्घाटन काफी पहले हो चुका है, लेकिन कुछ काम बाकी रहने की वजह से टोल वसूली शुरू नही हो सकी थी. यूटिलिटी शिफ्टिंग का कुछ काम बाकी है. बता दें कि, नेशनल हाइवे 33 में विकास से रामपुर तक इस फोरलेन रोड को बनाया गया है जो रांची रिंग रोड को भी कनेक्ट करता है. इसके बनने से रांची से जमशुदपुर व रामगढ़ की ओर जाना आसान हो गया है.

## 18 को रांची में होंगे तेजस्वी यादव, विधानसभा चुनाव में राजद कोटे की सीटों के लिए पार्टी लीडरों संग करेंगे चर्चा

रांचीः बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 18 अक्टूबर को रांची आएंगे. झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि रांची में राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से तेजस्वी मुलाकात करेंगे. चुनाव से संबंधित सभी पहलुओं पर बातचीत की जाएगी. मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि तेजस्वी प्रसाद यादव सड़क मार्ग से रांची पहुंचेंगे और वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर बात करेंगे. राष्ट्रीय जनता दल कितने सीटों पर झारखंड में चुनाव लड़ेगा, इस पर भी अपने दल के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श करेंगे.

## एलएलएम उपाधि प्राप्त तीन न्यायिक पदाधिकारियों के तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति

रांचीः तीन न्यायिक पदाधिकारियों को उच्च योग्यता भत्ता के लिए एलएलएम की उपाधि पर तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है. झारखंड हाइकोर्ट की अनुशंसा के आलोक में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है. अपर न्यायायुक्त रांची मिथिलेश कुमार, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय गढ़वा अनिल कुमार पांडेय व जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गरिमा मिश्रा को उच्च भत्ता योग्यता देय तिथि से देने की मंजूरी दी गयी है. उक्त अग्रिम वेतन वृद्धि वेतन का एक हिस्सा होगी और महंगाई भत्ता तदुनसार होगी.

## झाप्रसे के अधिकारियों को परफॉरमेंस मूल्यांकन प्रतिवेदन जमा करने के लिए मिला समय

रांचीः झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को वर्ष 2023-24 का परफॉरमेंस मूल्यांकन प्रतिवेदन जमा करने के लिए समय-सीमा को विस्तारित कर दिया गया है. ऑनलाइन एपीएआर जमा करने के लिए प्रतिवेदक पदाधिकारियों के स्तर से अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 रखी गयी है. वहीं, समीक्षी पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन एपीएआर मूल्यांकन के लिए अंतिम तिथि 15 नवंबर 2024 व स्वीकरण पदाधिकारियों के स्तर अंतिम तिथि 30 नवंबर रखी गयी है.

## रांची : पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किए गए दो इंस्पेक्टर समेत छह पुलिस पदाधिकारी

रांचीः झारखंड पुलिस मुख्यालय में दो इंस्पेक्टर समेत छह पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए. डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश के बाद डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है. जिनको पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया, उसमें इंस्पेक्टर अजय कुमार, महेंद्र दास के अलावा सब इंस्पेक्टर हेमंत भगत, ऋषिकेश कुमार सिन्हा, ललित खलखो और प्रीति कुमारी शामिल है.

## सिविल सर्जन 70 हजार घूस लेते गिरफ्तार

रांचीः एसीबी की टीम ने दुमका सिविल सर्जन को 70 हजार घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है. एसीबी की टीम सिविल सर्जन को अपने साथ ले गई है और पूछताछ कर रही है. एसीबी की टीम को जानकारी मिली थी कि सिविल सर्जन किसी काम को करने के लिए घूस मांग रहे हैं जिसके बाद एसीबी ने यह कार्रवाई की है.

## झारखंड पार्टी 20 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, पांच उम्मीदवारों की घोषणा

रांचीः झारखंड पार्टी राज्य के 20 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी. पार्टी प्रमुख एनोस एक्का ने बुधवार को पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. रांची के कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरनि एक्का, चाईबासा से कोलंबस हांसदा, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का का उम्मीदवार बनाया गया है.

एनोस एक्का ने बताया कि दो दिनों के बाद बचे हुए सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी. उन्होंने कहा कि झारखंड के हित की बात करने वाले और समान विचारधारा वाले दलों से भी गठबंधन किया जाएगा. जो भी नई सरकार बनेगी, उसमें झारखंड पार्टी की भूमिका अहम होगी. कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्वर्गीय रमेश सिंह मुंडा के बड़े पुत्र राजकुमार मुंडा ने अपने समर्थों के साथ झारखंड पार्टी का दामन थाम लिया. बताते चलें कि राजकुमार मुंडा के भाई विकास मुंडा झामुमो से विधायक हैं. इस बार वे तमाड़ से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं.

## देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स निर्माण मामलाः कोर्ट के आदेश का अनुपालन करे राज्य सरकारः हाई कोर्ट

रांचीः देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई. मामले में राज्य सरकार की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि इससे संबंधित जनहित याचिका में दिसंबर 2023 को हाई कोर्ट द्वारा पारित आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने रिव्यू पिटिशन हाई कोर्ट में दायर किया है, जिसपर कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि कि इतनी विलंब से 9 माह बाद रिव्यू पिटिशन क्यों दाखिल किया गया. जबकि कोर्ट ने जनहित याचिका में देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के क्यू कॉम्प्लेक्स का निर्माण जल्द करने का आदेश राज्य सरकार को दिया था. हाइकोर्ट की खंडपीठ ने जनहित याचिका में पारित आदेश का अनुपालन करने का राज्य सरकार को निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 अक्टूबर निर्धारित की. सुनवाई के दौरान पर्यटन सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालूका ने पैरवी की. पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर किए गए शो काज को रद्द कर दिया था. जिसमें राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सीएसआर फंड से देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के फेज दो का निर्माण नहीं कराया जा सकता है.

# एनयूएसआरएल के छात्रों की टीम अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता मूट प्रतियोगिता में भाग लेने जाएगी बर्लिन

रांचीः नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) के छात्रों की एक उत्कृष्ट टीम ने एफडीआई अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता मूट 2024 (दक्षिण एशिया राउंड) में सेमीफाइनलिस्ट के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है. इस टीम में सार्थक कुमार, लीजा गुप्ता, सूर्यांश सिंह, एयलाह सिंह और अभिनव शुक्ला शामिल हैं. कड़ी मेहनत और प्रतिभा के बदौलत इन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए बर्लिन जाने का अवसर मिला है. टीम ने अपनी उत्कृष्टता के बदौलत प्रतियोगिता के टॉप फोर में जगह बनाई है. इन्हें 1-4 नवंबर, 2024 को होने वाले अंतरराष्ट्रीय राउंड में हिस्सा लेना है.



### छात्रों की सफलता सामूहिक प्रयास का प्रमाण हैः सोनी

एनयूएसआरएल के छात्रों ने न केवल अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से देश का मान भी बढ़ाया है. टीम ने जटिल कानूनी मुद्दों जैसे क्रमिक स्पष्टीकरण, तृतीय पक्ष फंडिंग, लागत की सुरक्षा और प्रतिकूल निष्कर्ष निकालने की शक्तियों को सफलतापूर्वक संबोधित किया. मूट कोर्ट की संयोजक सोनी भोला ने कहा कि हमारी टीम ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है. सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर रिसर्च किया और शिक्षकों के मार्गदर्शन से संदेहों का समाधान किया. उनकी यह सफलता केवल व्यक्तिगत प्रतिभा का परिणाम नहीं है, बल्कि विश्वविद्यालय के बेहतरीन माहौल और सामूहिक प्रयास का भी प्रमाण है.

### छात्र आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगेः उपकुलपति

उपकुलपति डॉ प्रो अशोक आर पाटिल ने कहा कि हमारे छात्रों की प्रतिभा अब स्पष्ट रूप से सामने आ रही है. उनकी मेहनत के परिणाम सामने आ रहे हैं. मुझे विश्वास है कि वे आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे. पूरे विश्वविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं हैं कि वे इस प्रतियोगिता में सफल होकर लौटें. इस प्रकार, एनयूएसआरएल के छात्र न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं.

## पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा के पुत्र राजकुमार मुंडा झारखंड पार्टी में शामिल, पांच सीटों के लिए कैंडिडेट की घोषणा

रांचीः पूर्व मंत्री और झारखंड पार्टी प्रमुख एनोस एक्का ने बुधवार को पांच सीटों पर कैंडिडेट की घोषणा की. रांची में कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि झारखंड पार्टी जल, जंगल, जमीन के मुद्दों पर ही शुरू से राजनीति करती रही है. चुनाव आयोग ने राज्य में 13 और 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए डेट तय किया है. इसे देखते पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक हुई है. इसके बाद अभी पांच सीटों के लिए कैंडिडेट तय किये गए हैं. मनोहरपुर सीट से महेंद्र जामुदा, सिमडेगा से आयरिन एक्का, चाईबासा से कोलंबस हांसदा और कांके (रांची) से अनिल कुमार पासवान को अपना कैंडिडेट बनाया है. इसके अलावा उनके पुत्र संदेश एक्का कोलेबिरा से प्रत्याशी होंगे. श्री एक्का ने जानकारी देते बताया कि दो दिनों बाद पार्टी और भी सीटों के लिए कैंडिडेट की घोषणा करेगी. पार्टी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना तय की है. इसके अलावा झारखंडी हित की बात करने वाले समान विचारधारा वाले दलों से भी गठबंधन किया जाएगा. एनोस एक्का ने दावा करते कहा कि जो भी नयी सरकार यहां चुनाव बाद बनेगी, उसमें झारखंड पार्टी की अहम भूमिका होगी. झारखंड पार्टी राज्य में पलायन, पेयजल, रोजगार सहित दूसरे मुद्दों का निदान करेगी. मौके पर उन्होंने तमाड़ के पूर्व विधायक रहे स्व रमेश सिंह मुंडा के बड़े पुत्र राजकुमार मुंडा को उनके समर्थकों सहित पार्टी ज्वाइन कराया. बताया कि राजकुमार के छोटे भाई विकास मुंडा झामुमो से तमाड़ के विधायक हैं.



## झारखंड ताइक्वांडो की टीम पुडुचेरी रवाना

रांचीः पुडुचेरी ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन और भारतीय ताइक्वांडो महासंघ द्वारा आयोजित 40वीं सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 18 से 20 अक्टूबर को पुडुचेरी के राजीव गांधी इंदौर स्टेडियम में आयोजित होने वाली चैंपियनशिप के लिए झारखंड ताइक्वांडो की टीम रवाना हुई. टीम झारखंड ताइक्वांडो के वरीय सदस्य व रांची जिला के सचिव सैयद फारुक नदीम कोच के नेतृत्व में धनबाद अल्लपुजा एक्सप्रेस से रवाना हुई. देवघर, हजारीबाग, रांची, धनबाद जमशेदपुर, गोड्डा के खिलाड़ियों का चयन देवघर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में किया गया था. खिलाड़ियों, जो झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे, उनमें अविनाश नारायण सिंह,आदित्य नारायण सिंह, रोशन कुमार चौहान, उत्कर्ष सिंह, हर्षित राज, चेतन कुमार, दीपक कुमार, मनजीत सिंह, अकीब जावेद. महिला खिलाड़ीयों में बुधेश्वरी कुमारी, राजनंदिनी, नीरा कुमारी, अंजली केशरी शामिल है. सभी खिलाड़ियों को झारखंड ताइक्वांडो के सचिव नीरज कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष बमबम कुमार देव, संयुक्त सचिव रबीउल हुसैन, दिलीप कुमार, राजीव रंजन, देवघर ताइक्वांडो के अध्यक्ष अनूप कुमार, संरक्षक जेसी राज ने खिलाड़ियों को बधाई दी. साथ ही जीत के लिए शुभकामनाएं भी दी.



## खादगढ़ा सब्जी मंडी में लगी आग, मची अफरा-तफरी

रांची : सुखदेव नगर थाना के पास स्थित खादगढ़ा सब्जी मंडी में बुधवार की सुबह आग लग गयी. सब्जी मंडी के नीचे और ऊपरी फ्लोर पर भी आग लग गई. अगलगी के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गयी. आग लगने की सूचना मिलने के बाद सब्जी बेचने वाले दुकानदार मौके पर पहुंचे और अपनी सब्जी हटाने में लग गये. वहीं स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई. आग शॉर्ट सर्किट से लगी या फिर किसी असामाजिक तत्वों के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया, अब तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है. इधर पुलिस मौक़े पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है.

### मंडी के निचले हिस्से और ऊपर के फ्लोर पर लगी आग

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह अचानक से सब्जी मंडी के निचले हिस्से और ऊपर के फ्लोर पर आग लग गई. आग की लपटे काफी तेज थी. स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पायी. इसके बाद घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई.





## रांची सीट पर दावा झामुमो का, मगर कांग्रेस के दावेदार पोस्टर वार में जुटे

रांची : झारखंड में चुनाव की रणभेरी बज चुकी है. चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद सियासी हलचल तेज हो गयी है. सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में लग गये हैं. सीट बंटवारे को लेकर भी मंथन चल रहा है. वहीं रांची सीट को लेकर यह करीब-करीब तय हो चुका है कि यह झामुमो का ही रहेगा. यानि कि झामुमो इस सीट चुनाव लड़ेगा. इंडिया गठबंधन में अब तक ऑफिशियली सीट शेयरिंग का बंटवारा नहीं हुआ है. मगर इस सीट को लेकर दावेदार अपने-अपने तरीके से तैयारी में जुटे हैं और पार्टी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है.

### रांची सीट से कांग्रेस की ओर से ये हैं प्रमुख दावेदार

रांची सीट से झामुमो की प्रबल दावेदार राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी जमीनी स्तर पर कई महीनों से तैयारी में जुटी हैं. सांसद अपने पुराने कैडर को चुस्त-दुरूस्त करने में जुटी हैं, एक-एक कार्यकर्ता और सपोर्टर को निजी तौर पर उनके सहयोगी फोन करके हाल-चाल पूछ रहे हैं. दुआ-सलाम भी जारी है. रांची शहर में विगत एक साल से ही पोस्टर उनकी शोभा बढ़ा रहे हैं. मगर दूसरी तरफ कांग्रेस के दावेदार सोशल मीडिया पर पोस्टर वार शुरू कर दिया है. इस पोस्टर में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी सबसे आगे नजर आ रहे हैं. रांची सीट से इस बार कांग्रेस की ओर से प्रमुख दावेदारों में राजेश सिन्हा सन्नी के अलावा प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजेश गुप्ता छोटू, प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल, रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा आदि शामिल हैं. राजेश सिन्हा सन्नी तो इतने आगे बढ़ चुके हैं कि चुनाव की घोषणा के पूर्व ही कैडरों के साथ कई बैठक करके अपनी दावेदारी को मजबूत करने में जुट गये थे. वहीं चुनाव घोषणा होते ही सन्नी ने सोशल मीडिया में पोस्टर जारी किया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है. अब रांची सीट किसके खाते में जाती है, इसका इंतजार सभी को है.

## नव प्रोन्नत एएसआई को बैच पहनाकर किया गया सम्मानित



रांची : रांची पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में नव प्रोन्नत एएसआई को बैच पहनाकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर एसएसपी, सिटी एसपी, कोतवाली और सदर डीएसपी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे. मौके पर एसएसपी ने कहा कि नवप्रोन्नत एएसआई ऐसा बदलाव लायें, जिससे खुद के साथ-साथ रांची पुलिस की एक अच्छी छवि बन सके. सम्मानित किये गये नवप्रोन्नत पुलिसकर्मियों में खुशी साफ झलक रही थी. बता दें कि झारखंड पुलिस मुख्यालय ने बीते दिनों करीब दो हजार पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति दिया था.

## बीजेपी जल्द जारी कर सकती है प्रत्याशियों की लिस्ट, इन नेताओं को टिकट मिलने की उम्मीद

रांचीः झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही भाजपा एक्टिव हो गई है. मंगलवार देर रात तक दिल्ली में भाजपा के संसदीय बोर्ड की बैठक हुई है. प्रत्याशियों के नाम पर मुहर भी लग चुकी है. एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा, आजसू और जदयू के बीच सीटों का तालमेल फाइनल हो गया है. लिहाजा, जल्द ही उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने की पूरी संभावना है. वैसे झारखंड बीजेपी के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने भी स्पष्ट कर दिया था कि चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के 48 घंटे के भीतर लिस्ट जारी हो जाएगी. आजसू को 10, जदयू को दो और




लोजपा (रामविलास) को एक सीट दिए जाने की संभावना है. 13 नवंबर को पहले फेज में 43 सीटों पर चुनाव होना है. प्रत्याशियों के लिहाज से चुनाव की तैयारी करने के लिए बहुत कम समय बचा है. अब सवाल है कि कौन-कौन से सीटिंग विधायक का टिकट कट सकता है और कौन-कौन से नए चेहरे सामने आ सकते हैं. इस मामले में रांची और कांके सीट पर भाजपा नए नाम सामने ला सकती है. रांची से नवीन जायसवाल और कांके से कमलेश राम भाजपा के प्रत्याशी हो सकते हैं. हटिया सीट पर कोई नया चेहरा सामने आ सकता है. इसके अलावा चंदनकियारी से नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, राजधनवार से बाबूलाल मरांडी, सरायकेला से चंपाई सोरेन, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, बोकारो से बिरंची नारायण, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, गिरिडीह से निर्भय शाहाबादी, खिजरी से रामकुमार पाहन, झरिया से रागिनी सिंह, बरकट्ठा से अमित यादव का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है. इस बात की पूरी संभावना है कि पोटका से पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा मैदान में उतरें. पूर्व सांसद रहे सुनील सोरेन को दुमका, सुदर्शन भगत को गुमला, रविंद्र पांडे को बेरमो का प्रत्याशी बनाया जा सकता है. अरुण उरांव को सिसई, मनोज यादव को बरही, नागेंद्र महतो को बगोदर, गंगा नारायण सिंह को मधुपुर के मैदान में उतर जा सकता है.

## मंईयां सम्मान और गोगो दीदी स्कीम से झारखंड की 'आर्थिक सेहत' बिगड़ने की चिंता, सोशल मीडिया पर चल रहा अभियान

रांचीः राज्य में दो चरणों में विधानसभा का चुनाव होगा. 13 नवंबर और 20 नवंबर. झामुमो-कांग्रेस मंईयां सम्मान के जरिए जबकि भाजपा गोगो दीदी योजना के साथ वोटरों के बीच जा रही है. इन स्कीमों को लेकर वोटर्स का जो भी रूझान हो, लेकिन इन योजनाओं को लेकर मेडिकल सेक्टर से जुड़े लोग भी चिंता जता रहे हैं. सोशल मीडिया पर इसे लेकर अपनी राय भी साझा करते दिख रहे हैं.

झामुमो ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए अब 30 हजार रुपए सालाना देने की घोषणा की है. मतलब हर महीने एक हजार रुपए की जगह अब 2500 रुपए. पिछले दिनों राज्य सरकार के स्तर से इसे लेकर कैबिनेट में प्रस्ताव भी लाया गया था. भाजपा की मानें तो ऐसा उसकी ओर से लाये जा रहे गोगो दीदी योजना के जवाब में किया गया है. भाजपा ने विधानसभा चुनाव में अपेक्षित जीत मिलने और सरकार बनने की स्थिति में महिलाओं, बहनों को गोगो दीदी योजना के तहत हर माह 2100 रुपए मतलब सालाना 25000 रुपए देने की घोषणा की है. विधानसभा चुनाव में एनडीए और इंडी अलायंस इस स्कीम के साथ वोटरों को अपने तरीके से प्रभावित करने में लग गये हैं पर इससे इतर राज्य के चिकित्सकों, स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े एक्सपर्ट ने चिंता जताई है कि आखिर ऐसी स्कीमों से राज्य की 'सेहत' कितनी ठीक रहेगी.

### राज्य के हेल्थ बजट की हकीकत

रांची के एक फेमस डॉक्टर हैं अनुज कुमार।.उन्होंने मंईयां सम्मान और गोगो दीदी स्कीम को तुलनात्मक रूप से साझा करते बताया है कि चुनाव में कोई जीते, हारेंगे झारखंड के लोग. उनके मुताबिक, झामुमो की ओर से राज्यभर की 53,00,000 महिलाओं को 12 माह तक हर साल 2500 रुपए देने की बात कही गई है. मतलब सालाना इस पर 159,000,000,000 रुपए व्यय होंगे. भाजपा ने भी 53,00,000 महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपए देने का भरोसा दिलाया है. मतलब प्रतिवर्ष 133,560,000,000 रुपए इस पर लगेंगे. उन्होंने मुख्य रूप से झारखंड के हेल्थ बजट का जिक्र किया है जो 776,250,000,000 रुपए का है. मतलब सत्तापक्ष और विपक्ष का केवल इन दोनों योजनाओं के ऊपर ही जो व्यय होगा, वह राज्य के हेल्थ बजट से बहुत दूर नहीं. ऐसे में चुनाव में भले कोई भी अलायंस जीते पर यहां के लोग हारेंगे. राज्य की आर्थिक सेहत खराब हो जाएगी.

### जनप्रतिनिधियों को भी ढाई हजार

पंचायतों के जनप्रतिनिधि भी पक्ष और विपक्ष की ऐसी घोषणाओं से त्रस्त हैं. उनकी मानें तो पंचायत की जिम्मेदारी और चुनौतियों के निर्वाहन के बावजूद उन्हें हर महीने 3 हजार रुपय भी नसीब नहीं होते. बाजपुर पंचायत, रांची के मुखिया कुशल उरांव की मानें तो 2010 में पहली बार राज्य में पंचायत चुनाव हुए थे. उस समय से अब तक तीन दफा ये चुनाव हो चुके है. लगातार आवाज उठाने के बाद सरकार ने अभी मुखिया को ढाई हजार रुपया देना शुरू किया है. इस साल की शुरुआत तक मुखिया को एक हजार और उप मुखिया को 500 रुपया तथा वार्ड सदस्यों को प्रतिमाह 200 रुपय दिये जाते थे. हालांकि हजारीबाग के कई मुखियाओं ने कहा कि उन्हें 14 सालों से हर महीने मात्र 1000 रुपय ही दिये जा रहे है. जलसहिया को 1000 रुपय मिलते हैं. सरकार ने अब उन्हें 2000 रुपय देने की बात कही है. अगर घर बैठे ही महिलाओं को पक्ष-विपक्ष मंईयां सम्मान योजना और गोगो दीदी योजना के जरिये 2100 से 2500 रुपय प्रतिमाह देने को तैयार है. तो यह पंचायत प्रतिनिधियों के लिए हताशा की स्थिति है.

## धान के खेत में मिला अज्ञात युवक का शवः5 से 7 दिन पुराना होने की आशंका, पहचान में जुटी पुलिस

जहानाबाद. जहानाबाद के टेहटा थाना क्षेत्र के धिराबीघा और सुगाँव के बीच काली मंदिर के पास एक किसान के धान के खेत से अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। बुधवार को किसान रोशन कुमार खेत में पटवन कर रहे थे, तभी उन्होंने धान के खेत में शव पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। टेहटा थाना की पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि शव की हालत देखकर ऐसा लगता है कि यह पांच से सात दिन पुराना है और बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो चुका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। शव की पहचान होने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## खगौल में 6 महिला तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कियाः3 बैग से विदेशी शराब बरामद

पटना. पटना की खगौल पुलिस ने 37 लीटर विदेशी शराब के साथ 6 महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर खगौल पुलिस ने लोकों कॉलोनी के लोको गेट के पास से देर रात 10 बजे के आसपास 6 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं के पास से चार बैग, तीन पर्स में करीब 37 लीटर विदेशी शराब बरामद किए गए हैं। पटना की खगौल पुलिस ने 37 लीटर विदेशी शराब के साथ 6 महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर खगौल पुलिस ने लोकों कॉलोनी के लोको गेट के पास से देर रात 10 बजे के आसपास 6 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं के पास से चार बैग, तीन पर्स में करीब 37 लीटर विदेशी शराब बरामद किए गए हैं। शराब की कीमत कई गुना ज्यादा ली जाती है। महिलाओं ने बताया कि कई बार अलग राज्यों से शराब लाकर पटना के विभिन्न क्षेत्रों में बेच चुकी है। गिरफ्तार महिला तस्कर लंबे समय से शराब तस्करी के कारोबार में संलिप्त है। खगौल थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि कुछ महिलाएं उत्तर प्रदेश से शराब लेकर आ रही है। सूचना मिलते ही छापेमारी करते हुए लोकों कॉलोनी लोको गेट के पास से 6 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला तस्करो से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## खेलकूद को बढ़ावा को लेकर बनाया जा रहा मिनी स्टेडियमःबांका के 70 पंचायत में खोला गया क्लब

बांका. खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए सरकार गंभीर प्रयास कर रही है। प्रखंड स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण हो रहा है और पंचायतों में खेल मैदानों के समतलीकरण और सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। पंचायत स्तर पर खेल क्लब के गठन की भी शुरुआत हो चुकी है, जिसमें अब तक 70 पंचायतों में क्लब बनाए जा चुके हैं। खेल शिक्षक को निर्देश दिया गया है कि पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं, ताकि 14 से 45 वर्ष के खिलाड़ियों को क्लब में जोड़ा जा सके। खेल क्लब के गठन के बाद खिलाड़ियों की मांग के अनुसार खेल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें नए मैदान के लिए जमीन चिह्नित करना और खेल मैदानों का जीर्णोद्धार भी शामिल है। बांके के 11 प्रखंड में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाना है, जिसमें से पांच प्रखंडों में यह कार्य पूरा हो चुका है, जबकि बाकी प्रखंडों में काम प्रगति पर है। इसके अलावा, आठ पुराने स्टेडियमों के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भी विभाग के पास भेजा गया है। पंचायतों में खेल मैदानों की योजना के तहत रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन और वॉलीबॉल कोर्ट तैयार किए जाएंगे। जिससे सिपाही और आर्मी बहाली की तैयारी करने वाले युवाओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। रजौन के स्मार्ट विलेज बाबरचक में मनरेगा के तहत एक खेल मैदान पहले ही तैयार हो चुका है। इन खेल परियोजनाओं का उद्देश्य युवाओं को खेलकूद के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना और बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इससे न केवल खेलकूद का विकास होगा, बल्कि युवाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार आएगा।

## औरंगाबाद से एक नक्सली गिरफ्तारः4 थानों में 7 कांड को लेकर केस दर्ज, लंबे समय से चल रहा था फरार

औरंगाबाद. औरंगाबाद पुलिस ने बुधवार को एक नक्सली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रफीगंज प्रखंड के कासमा पुलिस ने ये कार्रवाई की है। गिरफ्तार नक्सली कासमा थाना क्षेत्र के जगरूप बीघा दुगुल गांव निवासी तपेश्वर भुइयां उर्फ कपिल भुइयां(55) है। बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे मदनपुर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टू अमित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि औरंगाबाद एसपी के निर्देश पर सभी थाना में फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में कासमा पुलिस को जानकारी मिली की कासमा थाना कांड संख्या 22/90 में फरार चल रहे नक्सली तपेश्वर भुइयां उर्फ कपिल भुइयां अपने घर जगरूप बीघा दुगुल आया हुआ है। पुलिस ने जानकारी के अनुसार छापेमारी की तो इस दौरान चाल्हो पहाड़ के बगल में चार्ट पर एक झोपड़ी से तपेश्वर भुइयां उर्फ कपिल भुइयां को गिरफ्तार किया गया। तपेश्वर भुइयां उर्फ कपिल भुइयां के खिलाफ औरंगाबाद जिला के 4 थाना में 7 प्राथमिकी नक्सली कांड और आर्म्स एक्ट में दर्ज है। कासमा थाना में दो प्राथमिकी दर्ज है। खुदवा थाना में दो प्राथमिकी दर्ज है। सलैया थाना में 2 और मदनपुर में एक प्राथमिकी दर्ज है।

## मुन्ना शुक्ला जेल में रहकर भी बंगले में बैठक करेगाःसरेंडर से पहले बाहुबली स्टाइल में की मीटिंग

पटना. पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी ने आज सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बिहार के पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद हत्याकांड मामले में कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था। कोर्ट ने पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं इस मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, राजन तिवारी समेत 6 आरोपियों को बरी कर दिया गया। आरजेडी नेता मुन्ना शुक्ला ने जेल जाने से पहले अपने पैतृक गांव में एक मीटिंग की और कहा कि 'मुन्ना शुक्ला भले ही जेल में रहेगा लेकिन सरकार भी बदलेगी और मुन्ना शुक्ला जेल में रहकर भी अपने घर पर बैठक करेगा।' मीटिंग के दौरान मुन्ना शुक्ला ने कहा कि 'जेल से टेंशन नहीं है। मुझे जनता ने बनाया है। मुझे नहीं पता था कि मुझे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी जानते हैं।' बैठक के दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि 'हम तो मुख्यमंत्री-मुख्यमंत्री 20 साल तक खेले हैं, लेकिन देश के पीएम और गृहमंत्री हमें जान रहे हैं, यह बड़ी बात है।' उन्होंने कहा 'अगर रमा देवी यह नहीं कहतीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रेशर में कोर्ट ने ये फैसला दिया है तो हम डार्क में रहते।

## भोजपुरी एक्ट्रेस के साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार का आरोपः नवादा में कार्यक्रम में पहुंची थी अनुपमा यादव

नवादा. नवादा में भोजपुरी एक्ट्रेस सिंगर अनुपमा यादव के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार होने की बात सामने आई है। भोजपुरी कलाकार ने कुटरी मुखिया सह नारोमुरार ग्रामीण अभिनव आनंद समेत अन्य के खिलाफ वारिसलीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना 15 अक्टूबर अहले सुबह 3 बजे की है। वहीं, मुखिया ने कलाकार के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि कार्यक्रम में देरी से आई थी और जल्दी चली गई। इसके कारण गांव के लोग आक्रोशित हो गए थे। बताया गया कि सोमवार की रात वारिसलीगंज में दुर्गा विसर्जन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। अनुपमा और उनके सहयोगी के आने की 31 अगस्त को बुकिंग की गई थी। 14 अक्टूबर की रात कलाकार पहुंचे थे। बताया गया कि उनके साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार हुआ है। पूजा समिति के सदस्यों को भी आरोपित किया गया है। भोजपुरी कलाकार अनुपमा यादव यूपी के गोरखपुर के गोरखनाथ रसूलपुर की रहने वाली है। उनकी प्राथमिकी में कहा गया है कि कार्यक्रम खत्म कर कर वह वापस लौटने लगी। इसी बीच उनके साथ मारपीट हुई है। कलाकार के कपड़े भी फट गए। मारपीट में उनके अन्य सहयोगी भी जख्मी हो गए। उनका इलाज सीएचसी में कराया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, कलाकारों के गले की चेन छीन लेने के साथ-साथ वाहन का शीशा तोड़ा है।

# छपरा-सीवान में जहरीली शराब से 7 की मौतःएक की हालत गंभीर, बोले- मछली पार्टी में भाई ने पिलाई शराब, 1 की आंख की रोशनी गई

छपरा. सीवान और सारण में जहरीली शराब से 7 लोगों की मौत हो गई है। सीवान में 5 की मौत हुई है, जिसमें 4 की जानकारी जिला प्रशासन ने दी है। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट नहीं किया है। सारण में 2 मौत हुई है। यहां जिला प्रशासन ने जहरीली शराब पीने से मौत की पुष्टि की है।



सारण में हुई घटना मशरख ब्लॉक के इब्राहिमपुर गांव की है। यहां रिश्ते में 3 भाइयों ने बीती रात मछली के साथ शराब पार्टी की थी। इनमें इस्लामुद्दीन अंसारी (32) की आज सुबह मौत हो गई। उसका शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया जा रहा है। इसके अलावा छपरा सदर अस्पताल लाए गए 2 लोगों की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जिसमें शमसाद नाम के शख्स की रास्त में मौत हो गई। तीसरे भाई की भी हालत नाजुक बताई जा रही है। सुबह उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद आंख की रोशनी भी कम होने लगी थी। छपरा के मशरख में मछली पार्टी के दौरान जहरीली शराब भी मंगवाई गई थी। मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में सोमवार की रात इस्लामुद्दीन ने अपने चचेरे भाइयों के साथ मछली पार्टी की थी। इसमें स्प्रिट वाली देसी शराब भी थी। मंगलवार की सुबह 9 बजे के आसपास सभी की तबीयत बिगड़ने लगी और बुधवार की सुबह 9 बजे के आसपास इस्लामुद्दीन की मौत हो गई। मुमताज और शहजाद की स्थिति गंभीर बनी हुईं थी। तीनों को पटना रेफर किया गया था। पटना ले जाने के दौरान शहजाद की भी मौत हो गई है। इस्लामुद्दीन, मुमताज और शहजाद तीनों चचेरे भाई हैं। बताया जा रहा है कि सीवान के माघर कौड़िया गांव से ये शराब आई थी। मशरख थाना क्षेत्र में सेवन करने वाले युवक सारण जिले के आखिरी गांव इब्राहिमपुर के रहने वाले हैं। जो सीवान जिले के मघर कौड़िया गांव से 5 किलोमीटर दूर है।

### सीवान में अब तक 5 की मौत

इधर सीवान के भगवानपुर हाट ब्लॉक के ही 5 लोगों की मौत भी संदिग्ध हालत में हुई है। जिला प्रशासन ने 3 की मौत होने की बात कही है। हालांकि किनकी मौत हुई है और वजह की जानकारी नहीं दी गई है। जानकारी के अनुसार मरने वालों में कौड़िया वैश्य टोला के राजेंद्र सिंह (38) और बिट्टू कुमार (38) का आज पोस्टमार्टम होगा, जबकि अरविंद सिंह (34) का शव बीती रात ही जला दिया गया है। इनके अलावा बिलासपुर और सरसैया के कम से कम 5 लोगों को गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया। इनमें से 3 को पटना रेफर कर दिया गया है। सभी को उल्टी-दस्त और आंख की रौशनी जाने की शिकायत थी। हालांकि इनकी प्रशासनिक पुष्टि नहीं की जा सकी है। सदर अस्पताल में पुलिस ने सख्त पहरा लगाया हुआ है। मीडिया समेत किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। एएसपी डॉ. राकेश का कहना है कि 'जिसका इलाज चल रहा उन्होंने बताया है कि देर रात 3 लोगों ने शराब पी थी। उसके बाद सभी की तबीयत खराब हुई है। अब ये जांच का विषय है कि उनको क्या दिया गया था। फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है।' डॉक्टर नवनीत ने बताया कि 'मरीजों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। कारण अभी पता नहीं है। पेशेंट ने बताया कि उसे धुंधला दिख रहा था। फिलहाल स्थिति सामान्य है।' स्थानीय अमरजीत सिंह का कहना है कि पुलिस का लापरवाही की वजह से यह घटना हुई है। पुलिस शराब को लेकर सख्ती से एक्शन लेती तो ऐसी घटना नहीं होती।

### जांच में जुटी पुलिस

वहीं सीवान के भगवानपुर हाट थानाध्यक्ष रमाशंकर साह ने बताया कि कौड़िया और माघर गांव में संदिग्ध परिस्थिति में लोगों की मौत हुई है। जहरीली शराब पीने की बात सामने आ रही है। इधर ,आज दो लोगों का पोस्टमार्टम कराया गया है। मंगलवार को 2 लोगों का अंतिम संस्कार परिवार वालों ने कर दिया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

दरअसल कच्ची शराब को जब ज्यादा नशीला बनाने के लिए केमिकल मिलाते हैं तो ये जहरीली हो जाती है। देसी शराब बनाने के लिए पहले गुड़, शीरा से लहान तैयार करते हैं और फिर इस मिट्टी में दबा दिया जाता है। इसे ज्यादा नशीला बनाने के लिए इसमें यूरिया, बेसरमबेल और ऑक्सीटोसिन मिलाते हैं।

## हेलीकॉप्टर से अवैध बालू खनन की होगी निगरानीः15 अक्टूबर से शुरू है खनन, ड्रोन से भी रखी जाएगी नजर

पटना. बिहार में बालू की अवैध खनन की निगरानी हेलीकॉप्टर से होगी। खनन विभाग ने हेलीकॉप्टर उतारने का फैसला लिया है। अवैध खनन की ड्रोन से भी निगरानी होगी। ड्रोन खरीदने की कार्रवाई शुरू हो गई है। 15 अक्टूबर से बालू खनन शुरू हो चुकी है। खनन मंत्री विजय सिन्हा ने साफ कर दिया है कि बिहार में बालू माफिया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनन विभाग जब 1 हजार करोड़ रुपए का आमदनी कर सकता है तो अवैध खनन को रोकने के लिए हेलीकॉप्टर का भी सहारा लिया जाएगा। विजय सिन्हा ने हेलीकॉप्टर की संख्या के सवाल पर कहा कि जरूरत के मुताबिक समय-समय पर बालू घाटों को रैंडम जांच में हेलीकॉप्टर से निगरानी की जाएगी। बालू माफियाओं पर नकेल कसने के लिए ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। खान एवं भूतत्व विभाग ड्रोन की खरीदारी करेगा। उन्होंने कहा कि 15



अक्टूबर से घाटों से बालों निकलना शुरू हो गया है।

खान एवं भूतत्व विभाग डिपार्टमेंट में इंस्पेक्टर राज को खत्म करना चाहती है। इसके लिए नए कानून लेकर आई है। नए कानून के तहत गाड़ी मालिकों को राहत दी गई है। ओवरलोडिंग पर इंस्पेक्टर राज को खत्म किया गया है। गाड़ियों पर बालू की 5 फीसदी की ओवरलोडिंग पर फाइन खत्म कर दिया गया है। साथ हीं अपनी खेत से मिट्टी खुदाई करने पर भी धड़-पकड़ नहीं की जाएगी। बिहार सरकार घाट को बंदोबस्त कर उसे बेचने वाली है। घाट की वीडिंग के एक सप्ताह के अंदर एलओआई जारी नहीं किए जाने पर विभाग अपने ही अधिकारियों पर 1 लाख रुपए का जुर्माना ठोक सकेगा। कानून में घाट की नीलामी के पहले पर्यावरण से एनओसी देने का प्रावधान किया गया है। पर्यावरण विभाग घाट का पहला निक देगा उसके बाद टेंडर जारी किया जाएगा। मंत्री विजय सिन्हा ने बताया कि पूर्व में घाट को एनओसी में 7 से 8 महीने की देरी होती थी लेकिन, अब इतनी देरी नहीं होगी।

### सांठ-गांठ पर जबरन सेवा से मुक्ति

खान एवं भूतत्व विभाग में साफ कर दिया है कि बालू माफियाओं से अधिकारियों की सांठ-गांठ नहीं चलने वाली है। बालू माफिया से विभाग के अधिकारियों से सांठ गांठ पाएं जाने पर उसे सस्पेंड किया जाएगा। यहीं नहीं विजय सिन्हा ने कहा कि आने वाले दिनों में एक बड़ा खुलासा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अफसर को सेवा से भी मुक्त कर दिया जाएगा। राज्य सरकार बालू के दाम को ओपन मार्केट कर कंट्रोल करेगा। ओपन मार्केट कर इसे कंट्रोल किया जायेगा। खान एवं भूतत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव मैं कहा कि बालू का दाम नियंत्रण ओपन मार्केट कर किया जाएगा सरकार इसका दर तय नहीं करेगी। ऑनलाइन बालू बेचने में डिमांड और सप्लाई के अनुपात में बालू तय होते रहेंगे अर्थशास्त्र के नियम मुताबिक दाम तय होंगे। बिहार में 190 घाट पर बालू खनन शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों में 27 और घाट खनन के लिए तैयार होगा। बिहार में कुछ दिन में 217 घाट पर बालू का खनन शुरू हो जाएगा। पिछले साल यह संख्या 115 थी।

## रसेल वाइपर सांप का मुंह पकड़कर व्यक्ति पहुंचा अस्पतालः घर जा रहे शख्स को डस लिया था, फर्श पर सांप के साथ लेटा पीड़ित

भागलपुर. भागलपुर में मंगलवार की रात एक अधेड़ रसेल वाइपर सांप को गले में लटकाते हुए मायागंज अस्पताल पहुंच गया। रसेल वाइपर सांप एशिया का सबसे खतरनाक सांप है। जीरोमाइल थाना क्षेत्र के मीराचक में प्रकाश मंडल घर जा रहे थे। इसी दौरान सांप ने उसे दाहिने हाथ में डस लिया। इसके बाद प्रकाश मंडल ने सांप को कंधे पर लटकाया और इलाज के लिए मायागंज अस्पताल पहुंच गए। वे सांप के मुंह को पकड़े थे। कुछ देर बाद सांप के साथ फर्श पर लेट गए। डॉक्टर ने मरीज के पास जाने से इनकार कर दिया। इधर, इलाज में काफी लेट हो जाने के कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो गई। फिलहाल इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है। दुनिया के पांच सबसे जहरीले सांपों में से एक रसेल वाइपर है। इससे भागलपुर में गंगा किनारे बसे



लोग परेशान हैं। मंगलवार रात में भी एक व्यक्ति इस सांप के शिकार हुए। वे काफी देर तक हाथ में सांप को पकड़े इमरजेंसी वार्ड की गली में खड़े रहे। उसके साथ आए व्यक्ति उन्हें संभाल रहे थे। डॉक्टर ने कहा कि इलाज करना मुश्किल होगा, जबतक कि सांप हटाया नहीं जाता है। वहीं, कुछ लोग यह कह रहे थे कि देखिएगा कहीं हाथ से सांप छूट न जाए। किसी तरह से हाथ से सांप छुड़ाकर बंद किया, तो प्रकाश का इलाज शुरू हो सका। रात करीब 12 बजे तक उसका इलाज चल रहा था।

## रेलवे कर्मचारी का गर्लफ्रेंड से पकड़ौवा विवाहः सरकारी नौकरी लगने के बाद शादी से किया इनकार

समस्तीपुर. समस्तीपुर में रेलवे के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी का पकड़ौया विवाह करा दिया गया। लड़का-लड़की का 2 साल से अफेयर चल रहा था, पहले दोनों शादी के सपने देखते थे। जैसे ही लड़के की रेलवे में नौकरी लगी उसका मूड बदल गया। शादी के लिए कभी 10 लाख दहेज मांगने लगा तो कभी शादी से ही इनकार कर रहा था। जिसके बाद लड़की और उसके परिवार वालों ने चाल चली। अंतिम बार मिलने की बात कहकर लड़की ने लड़के को विद्यापति धाम मंदिर बुलाया। लड़की पक्ष के परिजन पहले से वहां मौजूद थे। लड़के के आते ही पकड़ौवा विवाह करा दिया गया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। मामला विद्यापति नगर थाना क्षेत्र का है।

### लड़का-लड़की आपस में दूर के रिश्तेदार

युवक समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चकसिकंदर गांव निवासी विजय सहनी का बेटा प्रमोद कुमार सहनी है। उसकी प्रेमिका समस्तीपुर के हलई थाना अंतर्गत दरवा (अकौना) गांव निवासी बिरजू सहनी



की बेटी रौशनी कुमारी है। दोनों आपस में दूर के रिश्तेदार हैं। दोनों के बीच दो साल से प्रेम-प्रसंग भी चल रहा। जबकि लड़के का कहना है कि दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग नहीं बल्कि दूर के रिश्तेदार होने के कारण कभी-कभी बातचीत होती थी। लड़की के परिजनों के अनुसार भुवनेश्वर में नौकरी मिलने के बाद वो बदल लिया। वह शादी की बात से मुकरने लगा। ताजपुर और विद्यापति नगर थाने की पुलिस का कहना है कि अब तक इस तरह का कोई मामला नहीं आया है। सोशल मीडिया पर वीडियो जरूर वायरल हो रहा है। चर्चा है कि सभी लोग आपस में समझौता कर रहे हैं।

## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार भाई-बहन को रौंदाःएक की मौत...दूसरे गंभीर

सुपौल. सुपौल के निर्मली थाना क्षेत्र के हरियाही गांव के बुधवार को एनएच-27 पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाई-बहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार बहन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि भाई की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। मृतका की पहचान डगमारा थाना क्षेत्र के सोनापुर गांव निवासी योगेंद्र मंडल की 40 वर्षीय पत्नी जनकवती देवी के रूप में हुई है। जख्मी डगमारा थाना क्षेत्र के सिरकरहट्टा गांव निवासी मृतका के भाई सुरेंद्र कुमार मंडल का इलाज चल रहा है। उधर, टक्कर मार कर चालक अज्ञात वाहन लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी तेज थी कि आवाज सुनकर वहां पहुंचे लोगों के द्वारा डायल 112 नंबर की पुलिस को कॉल कर जानकारी दी गई। इसके बाद डायल 112 नंबर की पुलिस गाड़ी से जख्मी युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि दोनो-भाई बहन बैंक के काम से निर्मली शहर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पेट्रोल डलवाने के लिए फ्यूल सेंटर (पेट्रोल पंप) पर जा रहा था। पंप पर जाने के लिए फोरलेन क्रॉस करते समय ही उसे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बहन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## 20 हजार के इनामी बदमाश बेतिया से गिरफ्तारः लूट, रंगदारी सहित कई मामले में था नामजद, गुप्त सूचना घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा

बेतिया. बेतिया पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 20 हजार के इनामी बदमाश हिमांशु सिंह को गिरफ्तार किया है।हिमांशु की गिरफ्तारी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत राम लखन सिंह यादव कॉलेज के पीछे से हुई है। हिमांशु साठी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबनी गांव निवासी मृत्युंजय सिंह का पुत्र है। सदर एसडीपीओ-वन विवेक दीप ने बताया कि हिमांशु पर जिला स्तर से 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसके खिलाफ कुमारबाग एवं बलथर थाने में लूट, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में तीन मामले दर्ज है। हिमांशु को इससे पहले कुमारबाग थाने की पुलिस लूट और रंगदारी के मामले में जेल भेजी थी। एसडीपीओ ने बताया कि इसी साल 6 सितंबर को कुमारबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत मठिया गांव में बगहा के एक युवक के साथ मारपीट और रंगदारी मांगने का घटना हुई थी। जिस मामले में पांच नामजद समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले का हिमांशु प्राथमिकी अभियुक्त है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हिमांशु राम लखन सिंह यादव कॉलेज के पीछे आया है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन के द्वारा एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। हिमांशु के खिलाफ कुमारबाग थाना में मारपीट करना और रंगदारी मांगने के आरोप में दो केस दर्ज है। वहीं बलथर थाने में भी आर्म्स एक्ट समिति विभिन्न धाराओं में हिमांशु के विरोध एफआईआर दर्ज है।

## समस्तीपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलनःशहर में निकाला जुलूस

समस्तीपुर. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज समस्तीपुर में बिजली विभाग के कार्यालय पर स्मार्ट मीटर के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। बुधवार को शहर में कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अबू तमीम ने किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अबू तमीम ने कहा कि पहले घरों में समान्य मीटर लगा हुआ था। 200 से 300 तक बिजली बिल आता था। लेकिन अब जब से सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाया है। अब 10-15 दिनों पर 1000 रुपए चार्ज करना होता है।

### कांग्रेस का आंदोलन रहेगा जारी

पैसा खत्म होते ही बिजली भी गुल हो जाती है। जबकि पहले ऐसा कुछ भी नहीं था। लोगों के घरों में अंधेरा नहीं होता था। इस मीटर ने लोगों का बजट बढ़ा दिया है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब तक नीतीश सरकार स्मार्ट मीटर को वापस नहीं ले लेती कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।

### गरीब लोगों को लूटने का काम कर रही

इस कार्यक्रम को कांग्रेस के



समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार सनी हजारी ने संबोधित करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर गरीब लोगों को लूटने का काम कर रही है। आम घरों से बिजली अब गुल होने लगी है। पैसा के अभाव में लोग चार्ज नहीं कर पाते हैं, जिससे उनके घर अंधेरा छा गया है। शहर में निकाला जुलूस इससे पूर्व लोगों ने मथुरापुर स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय से शहर में जुलूस निकाला, जो शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए चीनी मिल चौक स्थित बिजली कार्यालय पहुंची। जुलूस के दौरान लोग स्मार्ट मीटर को वापस लेने की मांग कर रहे थे। लोगों का कहना था कि स्मार्ट मीटर उनका खून चूस रही है। इसे सरकार जल्द से जल्द वापस ले ले। कांग्रेस का यहां आंदोलन स्मार्ट मीटर वापस लेने तक जारी रहेगा। बिजली कार्यालय पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक सभा का आयोजन किया।

### मुजफ्फरपुर में बिजली कार्यालय को घेरकर किया प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने तिलक मैदान स्थित बिजली विभाग के कार्यालय पर स्मार्ट मीटर को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर हटाने को लेकर मांग किया। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। लोगों ने इसी सरकार की इस योजना को एक तुगलकी फरमान वाला बताया है। अरविंद कुमार मुकुल ने बताया कि जिस स्मार्ट मीटर को पूरे देश के अलग अलग राज्य में इसका बहिष्कार किया गया था आखिर उसको बिहार में जबरन थोप क्यों दिया गया। यह कुछ और नहीं बल्कि बिहार की सरकार का मनमाना व्यवहार है। इसे कुछ लूटने वाले IAS अधिकारी संजीव हंस द्वारा थोपा गया ताकि इससे आने वाली मोटी कमाई से गौतम अदानी जैसे लोगों को मजबूत किया जा सके। इतना ही नहीं बाकी निगरानी की जांच में भी इसका खुलासा हुआ है। बता दें कि बाकि लोगों का कहना है कि बिहार सरकार राज्य के गरीब लोगों को लूटने के लिए स्मार्ट मीटर लगाया है। जिसे स्मार्ट मीटर को देश के गुजरात सहित कई राज्य ने हटा दिया। आखिर एक गरीब राज्य में किस परिस्थिति में लगाया गया। इसको लेकर पूरे प्रदेश में इसके खिलाफ में किया जा रहा है।

### मोतिहारी में स्मार्ट मीटर के खिलाफ धरना, बिहार और केंद्र सरकार को घेरा

स्मार्ट मीटर के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी द्वारा राज्यव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन बिहार के सभी जिला मुख्यालय में किया गया। इसी दौरान मोतिहारी के कचहरी चौक पर जिला अध्यक्ष गप्पू राय के अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना में शामिल होने बिहार प्रभारी सुशील कुमार पासी भी शामिल हुए। धरना में शामिल होने आये कांग्रेस नेताओं ने बारी बारी से बिहार और केंद्र की एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान स्मार्ट मीटर को गरीबों का खून चूसने वाला मीटर बताया। धरना पर बैठे प्रभारी सुनील कुमार पासी ने कहा कि बिहार की जो नीतीश कुमार की सरकार है, गरीब बिहार को और गरीब करने के लिए केंद्र सरकार से मिलकर बिहार में गुजरात मॉडल लाया है, एक ऐसा राज्य है, जहां सुविधा से पहले पैसा लिया जाता है। आज आप डालो रात तक ख़त्म हो जाता है। देश के कई राज्य में 200 यूनिट बिजली फ्री है। बिहार में सबसे महंगी बिजली है, कांग्रेस तब तक इस स्मार्ट मीटर का विरोध करेगी जब तक इसे बंद न करा दे, अगर बिहार में कांग्रेस की सरकार आती है तो 300 यूनिट बिजली सभी को फ्री देगा। जिला अध्यक्ष गप्पू राय ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी से मिलकर बिहार के गरीब लोगों को लूटने का काम कर रही है। आप मीटर पर देखिएगा अडानी का नाम लिखा हुआ है। स्थिति यह है कि लाइट बंद रहने पर भी बिल उठता रहता है, इसलिए इसे हर हाल में बंद करा कर बिहार के लोगों को इससे मुक्ति दिला कर रहेगी।

### प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

पूर्णिया में प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस ने आक्रोश मार्च निकाला। कांग्रेस जिलाध्यक्ष छोटू सिंह उर्फ नीरज सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस दफ्तर गोकुल कृष्ण आश्रम से ये मार्च शुरू हुई, जो विभिन्न रास्तों से होते हुए आर एन साह चौक आकर संपन्न हुई। इसमें जिले भर से कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लिए इसमें जिलेभर से कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। इसको लेकर सरकार के नीतियों के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

आक्रोश मार्च का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष छोटू सिंह उर्फ नीरज सिंह ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर हल्ला बोला। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार स्मार्ट मीटर पर अपना रुख नहीं बदली तो हम सरकार बदल देगें। वहीं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य त्रिपुरारी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाजवाद की दुहाई देते हैं। बिहार, देश में सबसे कम पर कैपिटा इनकम वाला राज्य है, लेकिन यहां सबसे महंगी बिजली मिलती है। बिहार में प्रीपेड मीटर लगाने का उद्देश्य क्या है। जबकि बिहार में ना कोई रोजगार है, न कोई आय का बेहतर स्रोत। यहां के लोगों की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं।

## अब मणिपुर में होगी शांति, मैतेई, कुकी और नगा के बीच बनी सहमति

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच शांति की पहली हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर मणिपुर के मैतेई, कुकी और नगा समुदायों के 20 विधायक दिल्ली पहुंचे। बैठक पहले गृह मंत्रालय में तय थी, लेकिन बाद में उन्हें खान मार्केट स्थित आईबी दफ्तर ले जाया गया। मंगलवार को बैठक में आईबी के पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, बीजेपी के समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पहले कुकी, फिर मैतेई और बाद में नगा नेताओं से बातचीत की गई, जिसमें उन्होंने अपनी-अपनी मांगें केंद्र के सामने रखी। इसके बाद सभी नेताओं को एकत्रित कर संकल्प दिलाया कि मणिपुर में न तो कोई गोली चलेगी और न ही किसी की जान जाएगी। तीनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस पर सहमति जताई और एक-दूसरे से हाथ मिलाया। सूत्रों के मुताबिक मणिपुर में हालात को सुधारने के लिए नगा लोगों का अहम रोल था। राज्य में 2016 में सात नए जिले बनाए गए थे, जिन्हें कुकी बहुल कहा जाता है, हालांकि यहां नगा भी रहते हैं। नगा संगठन, यूनाइटेड नगा काउंसिल, इन जिलों को वापस लेने और 1972 की स्थिति को बहाल करने की मांग कर रहा है। 11 सितंबर को गृह मंत्रालय से 15 दिन में इस मुद्दे को हल करने की चेतावनी दी थी। कुकी जनजाति ने तीन मुख्य मांगें उठाई जिसमें सीएम एन. बीरेन सिंह को हटाना, कुकी इलाकों में अलग प्रशासन की मांग और हथियारबंद समूहों को गैर-कानूनी घोषित करना। इन मांगों पर अंतिम निर्णय कुकी काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## विकसित भारत के लिए जीडीपी में विनिर्माण का योगदान बढ़ाने की जरुरतः बाली

नई दिल्ली,(ईएमएस)। वोल्वो ग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक और अध्यक्ष कमल बाली ने विनिर्माण क्षेत्र को विकसित भारत के लिए 'कमजोर कड़ी' बताते हुए कहा कि इस लक्ष्य को पाने जीडीपी में विनिर्माण का योगदान बढ़ाकर 25 फीसदी करने की आवश्यकता है। बाली ने एक संगोष्ठी में कहा कि देश को गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करके अपने पड़ोसी से अन्य भौगोलिक क्षेत्रों में तीन लाख करोड़ डॉलर के विनिर्माण अवसर को भुनाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत बनाना है तो विनिर्माण को पूरी क्षमता से काम करना होगा। विनिर्माण क्षेत्र हमारी कमजोर कड़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले 20-25 सालों से विनिर्माण क्षेत्र भारत के जीडीपी के 15-16 फीसदी स्तर पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक सरकारों और कई नेताओं ने कोशिश भी की है लेकिन यह आगे नहीं बढ़ पाई है। इसलिए, इसमें बदलाव की जरुरत है। बाली ने जर्मनी, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि इनमें से ज्यादातर देश 40 से 50 सालों से विनिर्माण के जरिए से आगे बढ़ रहे हैं। भारत भी इससे अलग नहीं होगा। इसलिए विनिर्माण क्षेत्र को जीडीपी के 25 फीसदी तक बढ़ाना होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि यह एक बड़ा कदम होगा और एक तरह से चुनौती भरा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए ब्रांड इंडिया की धारणा को बदलना होगा और यह धारणा केवल गुणवत्ता पर मानसिकता बदलने के साथ ही बदल सकती है।

## 14 हजार फीट की ऊंचाई पर तैनात जवानों से सिंधिया ने की बात, जाना हाल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 प्रदर्शनी में नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात जवानों से एयरटेल सैटेलाइट कम्यूनिकेशन के जरिए बात की। वहीं उन्होंने रोबोटिक डॉग रॉकी से मुलाकात की और उसे उत्साहित भी किया। दूरसंचार विभाग द्वारा इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2024 का आठवां संस्करण भी विश्व दूरसंचार मानक सम्मेलन (डब्ल्यूटीएसए) 2024 के साथ-साथ आयोजित किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन भारत मंडपम में किया। इस प्रदर्शनी में दूरसंचार मंत्री सिंधिया ने एयरटेल सैटेलाइट कम्यूनिकेशन के जरिए से 14 हजार से लेकर 18 हजार फीट की ऊंचाई पर तैनात जवानों से बात की। नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, और हिमाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों से जवानों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए से जोड़ा था। सिंधिया ने जवानों से उनका हालचाल पूछा। घर परिवार की जानकारी ली और कहा कि आपकी सेवा के लिए दिल से धन्यवाद, जय हिंद। बता दें एशिया का सबसे बड़े टेलीकॉम सम्मेलन इंडिया मोबाइल कांग्रेस की शुरुआत दिल्ली के भारत मंडपम में पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। सिंधिया ने सम्मेलन में आयोजित प्रदर्शनी का दौरा किया और नवीन तकनीकों की जानकारी हासिल की। उन्होंने जवानों से बात करने के साथ ही रोबोटिक डॉग रॉकी के प्रदर्शन को भी देखा और उसे शाबाशी भी दी। बता दें कई देशों, प्रदर्शकों, स्टार्टअप आदि की भागीदारी के मामले में वार्षिक इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) का आकार पिछले साल से दोगुना हो गया है। पिछले साल आईएमसी ने 230 से ज्यादा प्रदर्शकों, 400 स्टार्टअप और करीब 67 देशों की भागीदारी दर्ज की थी।

## सीएम योगी से मिले इजराइली राजदूत, उपयोगी और सार्थक चर्चा की

लखनऊ,(ईएमएस)। भारत और इजराइल के बीच रिश्ते काफी मजबूत हुए हैं। आतंक के खिलाफ लड़ाई में दोनों देशों ने एक दूसरे का समर्थन किया है। इस बीच भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इजराइली राजदूत से मुलाकात को लेकर कहा कि भारत में इजराइल के राजदूत के साथ एक अत्यंत उपयोगी और सार्थक चर्चा हुई है। यह बैठक आपसी हितों के क्षेत्रों में यूपी और इजराइल के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है। सीएम योगी ने कहा कि हम यूपी के लोगों के हित के लिए सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए तत्पर हैं। यूपी के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही भी इजराइल के राजदूत से मिले। उन्होंने बताया है कि इस बैठक में कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी और विपणन के बेहतर उपयोग को लेकर चर्चा की गई है। इसके साथ ही इजराइल और यूपी के बीच कृषि क्षेत्र में तकनीकी साझेदारी पर भी बात हुई है। यूपी के कृषि मंत्री शाही ने बताया है कि प्रदेश के कन्नौज और बस्ती में दो उत्कृष्टता केंद्र सक्रिय हैं और एक इजराइली प्रतिनिधिमंडल बुधवार को कन्नौज में दो उत्कृष्टता केंद्र का दौरा करेगा। इसके साथ ही कौशांबी और चंदौली में दो और उत्कृष्टता केंद्र शुरू करने का फैसला भी किया गया है। सीएम योगी से मुलाकात के बाद इजराइली राजदूत रूवेन अजार ने सोशल मीडिया पर लिखा- सीएम योगी आदित्यनाथ, आपके इज़राइल के प्रति समर्थन और आज के आतिथ्य के लिए आपका सादर धन्यवाद। यूपी को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बनाने के आपके कार्यों के लिए आपको बधाई। चर्चा किए गए मुद्दों पर कार्य करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

# मडा स्कैम- चेयरमैन ने इस्तीफा दियाः लेटर लिखा- सीएम ने रिजाइन को बोला था; मैंने दबाव में नहीं तबीयत के चलते कुर्सी छोड़ी

**बेंगलुरुः** मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मडा) के चेयरमैन और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के करीबी मारी गौड़ा ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने रेजिग्नेशन लेटर में लिखा कि सीएम ने उन्हें इस्तीफा देने को कहा था। लेकिन उन्होंने किसी दबाव में नहीं, बल्कि स्वास्थ्य कारणों के चलते इस्तीफा दिया है। उन्होंने यह कदम मडा जमीन घोटाले की लोकायुक्त जांच के बीच उठाया है। मैसुरु लोकायुक्त मडा जमीन घोटाले की जांच कर रहा है। जांच शुरू होने के बाद से अब तक सिद्धारमैया की पत्नी मडा की तरफ से मिले 14 प्लॉट वापस करने की बात कह चुकी हैं, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे राहुल खड़गे ने भी अपने ट्रस्ट को दी गई 5 एकड़ जमीन को लौटा दिया है।



### इस्तीफे में लिखा- मुख्यमंत्री ने इस्तीफा देने को कहा पर दबाव नहीं बनाया

अपने इस्तीफे में मारी गौड़ा ने लिखा- 'मैंने अपना इस्तीफा अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी को दे दिया है। मुझे सीएम ने रिजाइन करने को कहा तो मैंने रिजाइन कर दिया। मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इसलिए मैंने इस्तीफा दिया है। मडा की जांच जारी है, ये हो जाने दीजिए। जांच में सच सामने आ जाएगा। मुझे पर कोई दबाव नहीं है। मैंने सिर्फ स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है। मुख्यमंत्री ने मुझ पर कोई दबाव नहीं डाला है।'

### सिद्धारमैया पर जमीन घोटाले मामले में केस चलेगा

कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन घोटाले से जुड़े मामले में केस चलेगा। कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने 21 सितंबर को कहा- 'याचिका में जिन बातों का जिक्र है, उसकी जांच जरूरी है। केस में मुख्यमंत्री का परिवार शामिल है, इसलिए याचिका खारिज की जाती है।' राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), 2023 की धारा 218 के तहत सिद्धारमैया के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दी थी। सीएम ने 19 अगस्त को इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी।

### मडा केस क्या है

साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मडा) ने रिहायशी इलाके विकसित करने के लिए किसानों से जमीन ली थी। इसके बदले मडा की इंसेंटिव 50:50 स्कीम के तहत जमीन मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई।

मडा पर आरोप है कि उसने 2022 में सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु के कसाबा होबली स्थित कसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन के बदले मैसुरु के एक पॉश इलाके में 14 साइट्स आवंटित की। इन साइट्स की कीमत पार्वती की जमीन की तुलना में बहुत ज्यादा थी। हालांकि, इस 3.16 एकड़ जमीन पर पार्वती का कोई कानूनी अधिकार भी नहीं था। ये जमीन पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें 2010 में गिफ्ट में दी थी। मडा ने इस जमीन को अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर स्टेज 3 लेआउट विकास किया था।

### 3 एकड़ जमीन से जुड़ा है मडा घोटाला

दरअसल, सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के पास मैसुरु जिले के केसारे गांव में 3 एकड़ और 16 गुंटा जमीन थी। ये जमीन पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें 2010 में गिफ्ट में दी थी। मडा ने इस जमीन को अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर स्टेज 3 लेआउट विकास किया था। हालांकि इस जमीन के बदले 2022 में बसवराज बोम्मई सरकार ने पार्वती को साउथ मैसुरु के पॉश इलाके में 14 साइट्स दिए थे। इनका 50:50 अनुपात योजना के तहत कुल 38,283 वर्ग फीट एरिया था।

### सिद्धारमैया पर क्या-क्या आरोप लगे हैं

सिद्धारमैया की पत्नी को मडा की ओर से मुआवजे के तौर पर मिले विजयनगर के प्लॉट की कीमत केसारे गांव की उनकी जमीन से बहुत ज्यादा है।

स्नेहमयी कृष्णा ने सिद्धारमैया के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। इसमें उन्होंने सिद्धारमैया पर मडा साइट को पारिवारिक संपत्ति का दावा करने के लिए डॉक्युमेंट्स में जालसाजी का आरोप लगाया गया है।

1998 से लेकर 2023 तक सिद्धारमैया कर्नाटक में डिप्टी सीएम या सीएम जैसे प्रभावशाली पदों पर रहे। भले ही सीधे तौर पर वे इस घोटाले से न जुड़े हों, लेकिन उन्होंने अपने पावर का इस्तेमाल कर करीबी लोगों की मदद की।

सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने साल 2004 में डेनोटिफाई 3 एकड़ जमीन अवैध रूप से खरीदी थी। 2004-05 में कर्नाटक में फिर कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन की सरकार में सिद्धारमैया डिप्टी सीएम थे।

# नायब सैनी ही रहेंगे हरियाणा के सीएमःशाह की मौजूदगी में नाम तय; राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया, शपथ आज

**चंडीगढ़/पंचकूलाः** हरियाणा में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बुधवार (16 अक्टूबर) को पंचकूला में बीजेपी विधायक दल की मीटिंग में उन्हें नेता चुना गया। मीटिंग में विधायक कृष्ण बेदी ने नायब सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका अनिल विज और आरती राव ने समर्थन किया। फिर सभी विधायकों ने नायब सैनी के नाम पर सहमति दे दी। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने नायब सैनी के सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। शाह ने कहा हरियाणा की स्थापना से लेकर अब तक कोई भी मुख्यमंत्री लगातार तीसरी बार सफल नहीं हुआ। युवा नायब सैनी के नेतृत्व में हम तीसरी बार चुनाव जीत पाए हैं। शाह के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी ऑब्जर्वर के तौर पर मौजूद रहे।

इसके बाद नायब सैनी ने अमित शाह के साथ राजभवन जाकर गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान



3 निर्दलीय विधायकों ने भी बीजेपी को समर्थन का पत्र सौंपा। गुरुवार को 11 बजे पंचकूला के शालीमार ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी समेत भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों के शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत 37 नेता मौजूद रहेंगे। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 48 सीटें जीती थीं। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह के साथ भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहेंगे. चुनाव के बीच में ही केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट कर दिया था कि नायब सिंह सैनी ही भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, ताकि किसी भ्रम की स्थिति न रहे, खासकर जब अनिल विज ने भी अपनी दावेदारी जाहिर की थी.

### पीएम मोदी सहित कई दिग्गज नेताओं ने दी बधाई

उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर का नया मुख्यमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई दिग्गज नेताओं ने बधाई दी है. पीएम मोदी एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला जी को बधाई. लोगों की सेवा के उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं. केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा. वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला को बधाई. मुझे उम्मीद है कि राज्य में शासन की गति आगे बढ़ती रहेगी और उनकी सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होगी. एक सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं.

बता दें कि जम्मू कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हुए हैं. कांग्रेस पार्टी ने उमर अब्दुल्ला की सरकार को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया है. जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे की बात करें तो नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) को 42 और कांग्रेस को 6 सीटों पर जीत मिली. वहीं भारतीय जनता पार्टी के खाते में 28 सीटें आयी.

## महाराष्ट्र में टिकट को लेकर भिड़े कांग्रेस विधायक-सांसद के समर्थक

### जमकर हुई मारपीट, एक दूसरे पर फेंकी कुर्सियां

गोंदिया,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के आमगांव विधानसभा क्षेत्र में टिकट की दावेदारी को लेकर कांग्रेसी सांसद डॉ नामदेवराव किरसान और कांग्रेसी विधायक सहसराम कोरोटे के गुट आपस में भिड़ गए। विवाद इतना ज्यादा बढ़ा कि दोनों गुटों के समर्थकों के बीच हाथापाई और मारपीट तक हो गई। इस दौरान कुर्सियां भी एक दूसरे पर फेंकी गईं।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में नवंबर में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में कांग्रेसी पर्यवेक्षक गोंदिया जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जाकर वहां के इच्छुक प्रत्याशियों के आवेदन मांग रहे हैं, साथ ही पार्टी संगठन स्तर पर बूथ कमेटियों के विषय पर भी समीक्षा और चर्चा हो रही है लेकिन कांग्रेस के लिए यह कार्यक्रम अब विवाद का विषय बन गया है। तीन दिन पहले भंडारा जिले के साकोली रेस्ट हाउस में कांग्रेसी पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री सतीश चतुर्वेदी के सामने दोनों गुट आमने-सामने आ गए थे। अब गोंदिया के आमगांव विश्रामगृह में नौबत गाली-गलौच और हाथापाई तक पहुंच गई।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वाइस चेयरमैन नाईक आमगांव विधानसभा क्षेत्र के बूथ कमेटी विषय पर समीक्षा बैठक कर रहे थे इस दौरान उनके बगल में विधायक सहसराम कोरोटे बैठे थे और क्षेत्र के कांग्रेसी सांसद डॉ नामदेवराव किरसान अपने विचार रख रहे थे, तभी पीछे से विधायक कोरोटे के समर्थकों ने बीच में टोकना शुरु कर दिया। सभा में रुकावट की और सांसद के प्रति अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे विवाद बढ़ गया और पर्यवेक्षक के सामने ही दोनों गुट के समर्थक आपस में भिड़ गए।

इस हाथापाई और मारपीट का वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें दो गुटों के बीच टिकट के लिए शक्ति प्रदर्शन, हाथापाई, गाली गलौज और नारेबाजी देखी जा रही है। करीब 10 मिनट तक चली इस लड़ाई और आधे घंटे तक चली नारेबाजी के बाद पुलिस ने बीच बचाव करते मामला शांत कराया। इस घटना के बाद दोनों ही गुट एक-दूसरे पर निजी स्वार्थ के लिए शक्ति प्रदर्शन और घटिया राजनीति का आरोप लगा रहे हैं।

# सरकार ने रबी की 6 फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ायाः सरसों-तिलहन में 300 रु. का इजाफा

### गेहूं 150 रुपए बढ़कर 2,425 रुपए/ क्विंटल

**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने बुधवार, 16 अक्टूबर को रबी की 6 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया। सबसे ज्यादा इजाफा सरसों-तिलहन में 300 रुपए किया गया। गेहूं में 150 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाया गया। इस तरह गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपए क्विंटल हो गया है। जौ, चना, मसूर, कुसुम की एमएसपी में भी बढ़ोतरी की गई है। ये फैसला कैबिनेट मीटिंग में लिया गया। रबी फसल की बुआई लौटते मानसून (अक्टूबर-नवंबर) के समय की जाती है। इन फसलों की कटाई आमतौर पर गर्मी के मौसम में अप्रैल में होती है। ये फसलें बारिश से ज्यादा प्रभावित नहीं होतीं। रबी की प्रमुख फसलें गेहूं, चना, मटर, सरसों और जौ हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य वो गारंटीड मूल्य है, जो किसानों को उनकी फसल पर मिलता है। भले ही बाजार में उस फसल की कीमतें कम हों। इसके पीछे तर्क यह है कि बाजार



में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का किसानों पर असर न पड़े। उन्हें न्यूनतम कीमत मिलती रहे। सरकार हर फसल सीजन से पहले कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राइसेस की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। यदि किसी फसल की बम्पर पैदावार हुई है तो उसकी बाजार में कीमतें कम होती हैं, तब एमएसपी उनके लिए फिक्स एश्योर्ड प्राइज का काम करती है। यह एक तरह से कीमतें गिरने पर किसानों को बचाने वाली बीमा पॉलिसी की तरह काम करती है।

एमएसपी में 23 फसलें शामिल होती हैं:

### 7 प्रकार के अनाज (धान, गेहूं, मक्का, बाजरा, ज्वार, रागी और जौ)

5 प्रकार की दालें (चना, अरहर/तुअर, उड़द, मूंग और मसूर)
7 तिलहन (रेपसीड-सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, कुसुम, निगरसीड)
4 व्यावसायिक फसलें (कपास, गन्ना, खोपरा, कच्चा जूट)

## मुर्शिदाबाद में टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में तनाव, पुलिस बल तैनात

कोलकाता,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में एक टीएमसी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई इसके बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया है। मृतक की पहचान प्रदीप दत्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दत्ता जब सुबह की मॉर्निंग वॉक पर निकले थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां बरसाईं। हमलावरों ने दत्ता पर बहुत पास से सात गोलियां चलाई। बताया जा रहा है कि गोली चलने की आवाज सुनकर लोग अपने घर से बाहर आ गए और देखा कि दत्ता खून से लथपथ थे। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बहरामपुर में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहीं पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है और हत्या के पीछे का कारण जानने की कोशिश कर रही है। वहीं हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिला पुलिस अधिकारी ने बताया घटना की जानकारी हासिल करने स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं एक अलग घटना में मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल में बुधवार सुबह देसी बम फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। विस्फोट इतना जोरदार था कि मृतक का शरीर टुकड़ों में बिखर गया। मृतक की पहचान मोमिन मंडल के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूरा परिवार था पेट की बीमारी से परेशान.....पेशाब से गूंथे आटे की रोटी खिला रही थी नौकरानी

गाजियाबाद,(ईएमएस)। योगी सरकार खाने-पीने की चीजों में गंदगी मिलाने जैसी घटनाओं के रोकने के लिए कड़ा कानून लाने जा रही है। वहीं गाजियाबाद में एक नौकरानी रीना की घिनौनी करतूत सामने आई है, जिसे सुनकर सभी हैरान हैं। नौकरानी परिवार को मूत्र से आटा गूंथकर रोटी बनाकर खिलाती थी। शक होने पर जब परिवार ने मोबाइल से वीडियो बनाया तो नौकरानी की करतूत का खुलासा हुआ। घटना गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की एक सोसाइटी की है। नौकरानी घर में आठ साल से काम करती है। मालिक ने जब अपने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए, तो इस घिनौनी करतूत का खुलासा हुआ। परिवार के खाने में पेशाब मिला रही थी। परिवार के सदस्य कई महीनों से पेट और लीवर की बीमारियों से परेशान थे और उनकी हालत बिगड़ती जा रही थी। उन्होंने इसे संक्रमण समझा, लेकिन जब उनकी सेहत में सुधार नहीं हुआ, तो उन्हें खाने में कुछ मिला होने का शक हुआ। सीसीटीवी फुटेज में दिखाया गया है कि नौकरानी, रीना, खाना बनाते समय उसमें पेशाब मिला रही थी। पीड़ित परिवार एक रियल एस्टेट कारोबारी है जो उस सोसाइटी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने घर और रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। कैमरों की फुटेज में घरेलू नौकरानी रीना रसोई में एक बर्तन में पेशाब करके खाना बनाती हुई दिखाई दे रही है। इसके बाद पीड़ित परिवार ने उसके खिलाफ मामला दर्ज करवाया। इस घटना पर डीसीपी ने कहा है कि क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और रीना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई करेगी। यह घटना एक बार फिर घरेलू नौकरों की भर्ती करते समय सावधानी बरतने की जाँच के महत्व को उजागर करती है।

# देश की पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन बनाएगी बीईएमएलः867 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट मिला, रोटेटिंग चेयर और ऑनबोर्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम मिलेगा

**मुंबईः** रेल, डिफेंस, ट्रांसपोर्ट और माइनिंग में इस्तेमाल होने वाले इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी बीईएमएल पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन के कोच बनाएगी। कंपनी को इसके लिए 867 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कंपनी को यह कॉन्ट्रैक्ट इंटिगरल कोच फैक्ट्री चेन्नई ने दिया है। जापान से बुलेट ट्रेन खरीदने की डील नतीजे तक नहीं पहुंचने के बाद भारतीय रेलवे ने इसे देश में ही बनाने का फैसला लिया था।

### 27.86 करोड़ की होगी एक कोच

बीईएमएल की ओर से जारी फाइलिंग के मुताबिक, हर कोच की कीमत 27.86 करोड़ रुपए होगी और टोटल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू 866.87 करोड़ रुपए है। इसमें डिजाइन कॉस्ट, वन-टाइम डेवलपमेंट कॉस्ट, नॉन-रिकरिंग चार्जेज, जिग्स, फिक्सचर, टूलींग और टेस्टिंग फैसिलिटीज के लिए वन-टाइम कॉस्ट शामिल है।

### हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन की डिलीवरी 2026 के अंत तक होगी

कंपनी ने बताया कि यह प्रोजेक्ट भारत की हाई-स्पीड ट्रेन जर्नी में मील का पत्थर है। इस प्रोजेक्ट में 280kmph की स्पीड वाली स्वदेशी रूप से डिजाइन्ड और मैन्युफैक्चर्ड ट्रेन्स मिलेंगी। ये बीईएमएल के बेंगलुरु रेल कोच कॉम्प्लेक्स में बनाए जाएंगे, जिनकी डिलिवरी 2026 के अंत तक होनी है।

### रोटेटिंग चेयर और ऑनबोर्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम मिलेगा

नई ट्रेनों की कोचेज पुरी तरह से एयर कंडिसंड होंगी और इनकी सीटें रिक्लाइनिंग और रोटेटिंग होंगी। दिव्यांग या रिस्ट्रिक्टेड



मोबिलिटी वाले पैसेंजर्स के लिए अलग सुविधा और ऑनबोर्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम मिलेगा। रेलवे ने पिछले साल राजस्थान में हाई-स्पीड ट्रेनों की टेस्टिंग के लिए स्टैंडर्ड गेज ट्रैक्स बनाया हैं। रेलवे बंदे भारत ट्रेनों को एक्सपोर्ट करने की तैयारी कर रहा है।

### बीईएमएल ने भारत की हाई-स्पीड लग्जरी ट्रेन वंदे भारत का स्लीपर कोच बनाया है

बीईएमएल ने ही भारत की हाई-स्पीड लग्जरी ट्रेन वंदे भारत का स्लीपर कोच बनाया है। केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले महीने (1 सितंबर) वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले मॉडल की झलक दिखाई। उन्होंने बताया था कि अगले 3 महीने यानी दिसंबर तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू हो जाएगी। कोच की मेन्युफैक्चरिंग का काम पूरा हो गया है। कुछ दिनों में यह बीईएमएल फैक्ट्री से बाहर आ जाएगी। अगले 2 महीने ट्रेन की टेस्टिंग चलेगी। इसके बाद यात्रियों के लिए ट्रेन की लॉन्चिंग होगी। रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को 800 से 1200KM दूरी की यात्रा के लिए तैयार किया गया है। इसमें यात्री रात करीब 10 बजे चढ़ेंगे और सुबह डेस्टिनेशन पर पहुंच जाएंगे। यह ट्रेन मिडिल क्लास के लिए बनाई गई है। इसका किराया राजधानी के जितना ही होगा। बीईएमएल के बेंगलुरु रेल कोच कॉम्प्लेक्स में यह सेट्स तैयार होने है और इनकी डिलीवरी 2026 के अंत तक निर्धारित है। जापानी बुलेट ट्रेन हासिल करने के लिए हुई वार्ताओं में असफलता के बाद, रेलवे ने अपनी खुद की ट्रेनें बनाने का फैसला किया है। हालांकि, बीईएमएल द्वारा तैयार ट्रेनें मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए होंगी या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। बीईएमएल के अनुसार, पूरी तरह एयर-कंडीशंड इन ट्रेनों में रेक्लाइनिंग और रोटेटेबल सीटें होंगी, विशेष प्रावधान विकलांग यात्रियों के लिए होंगे, और ऑनबोर्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम की सुविधा भी मिलेगी। पिछले एक साल में रेलवे ने राजस्थान में स्टैंडर्ड गेज ट्रेनों के परीक्षण के लिए एक ट्रैक तैयार किया है, ताकि हाई-स्पीड ट्रेनों के निर्माण में अपनी क्षमता को साबित किया जा सके।

# सम्पादकीय

**कोयलांचल संवाद** 6

रांची, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024

www.koylanchalsamvad.com


## मणिपुर में जागी आशा की किरण

17 महीने के बाद मणिपुर में एक आशा की किरण देखने को मिल रही है। मणिपुर के मैत्री कुकी और नगा समुदाय के नेताओं ने एक मंच पर आकर मणिपुर की हिंसा और मणिपुर में विभिन्न समुदायों के बीच में जो विवाद है उसको लेकर बातचीत की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस बार सही तरीके से पहल की है। मेतई कुकी और नगा समुदाय के 20 विधायकों को दिल्ली बुलाया गया और समस्या का समाधान निकालने की कोशिश की गई। इस बैठक में गृहमंत्री और मणिपुर के मुख्यमंत्री प्रत्यक्ष तौर पर शामिल नहीं हुए। विधायकों के साथ खान मार्केट स्थित इंटेलिजेंस ब्यूरो के कार्यालय में यह बैठक आयोजित हुई। इस अहम बैठक में पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, भाजपा समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र सरकार के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा और मणिपुर के 20 विधायक इस बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के दौरान सभी समुदाय के विधायकों ने अपनी-अपनी राय रखी। उनकी जो मांगें थीं और जो सुझाव दिए गए थे वो भी उन्होंने सभी के सामने रखे। इस तरह से पिछले डेढ़ साल में पहली बार मणिपुर में विभिन्न समुदाय के लोगों को अपनी बात सही मंच में रखने का अवसर मिला है। पिछले 17 महीनों से जो तनाव बना हुआ था, आपस में बातचीत तक नहीं हो रही थी, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को लेकर विधायकों को जो शिकायतें थीं वह भी खुलकर उन्होंने सामने रखीं। लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस अहम बैठक के दौरान कुकी समुदाय के विधायकों ने अपनी तीन मांगें रखीं हैं। इनमें पहली मांग थी कि भारत सरकार मणिपुर की लीडरशिप को बदले और मुख्यमंत्री पद से तुरंत बीरेन सिंह को हटाया जाए। सूत्र बताते हैं कि इस मांग को कुकी समुदाय ने जरूर उठाई लेकिन उसका समर्थन बैठक में शामिल अन्य विधायकों ने भी किया। कुकी समुदाय की दूसरी मांग थी कि कुकी इलाकों में निष्पक्ष प्रशासनिक अमले की तैनाती की जाए और तीसरी मांग हथियारबंद समूह को गैर कानूनी संगठन घोषित कर उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए। मणिपुर विधानसभा में कुल 60 विधायक हैं। इनमें आदिवासी समुदाय के 10 नगा और 10 कुकी समुदाय के विधायक हैं। मंगलवार को दिल्ली में हुई बैठक में 9 आदिवासी विधायक शामिल हुए थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज भवन ने इस बैठक के लिए प्रयास किया था जो सफल होते दिखे हैं। मणिपुर में 28 मैतई विधायक हैं। इनमें से 17 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए पहल की थी। कुकीज समुदाय के सभी संगठनों ने मिलकर कुकी काउंसलिंग बनाई। इसका मकसद था कि सभी समुदाय के लोगों की बात को आम राय के साथ काउंसिल में रखी जा सके। केंद्र सरकार भी काउंसिल से बात करने के लिए सहमत हुई। काउंसिल में नगा समुदाय को भी प्रतिनिधित्व दिया गया। 17 माह बाद सही तरीके से मणिपुर में हिंसा को रोकने और समस्या के समाधान में सही दिशा में प्रयास शुरू किया गया है। इस बैठक से मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को दूर रखा गया है। इसके पीछे जो लॉजिक बताया गया वह यह था कि मुख्यमंत्री बैठक से दूर रहे तब जाकर इस बैठक के लिए उपयुक्त माहौल बन पाया। यदि यह सच है तो फिर अब देखना यह होगा कि केंद्र सरकार इस मामले को किस तरह से सुलझाती है। मणिपुर के सभी समुदायों के बीच में लगातार हिंसा के बाद अब एक आशा की किरण दिखाई दी है और कहा जा सकता है कि अब आपसी बातचीत के जरिए तीनों समुदायों के बीच के विवाद को सुलझाया जा सकेगा। केंद्र सरकार को अब इस मामले में पहल करनी है। इसके लिए मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को बदला भी जा सकता है। समस्या के समाधान निकालने के लिए केंद्र सरकार इससे पहले एक मौका खो चुकी है। मणिपुर में राज्यपाल के रूप में अनसुईया उइके ने अपने स्तर पर सभी समुदाय के साथ बातचीत करके विवाद को सुलझाने की चेष्टा की थी, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उनका उपयोग उस समय नहीं किया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय मुख्यमंत्री के कहने पर आंख मूंदकर कार्रवाई करता रहा, जिसके कारण बार-बार हिंसा फैलती रही। 17 महीने में पहली बार - मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की गैरमौजूदगी में यह बैठक हुई है। काउंसिल में भी फैसला हो गया है। अतः ग्रह मंत्रालय और केंद्र सरकार को इस मामले में संवेदनशीलता के साथ इस मामले को सुलझाने के लिए त्वरित रूप से आवश्यक निर्णय लेने होंगे। मणिपुर के विवाद को सुलझाना है तो इसमें ऐसे लोगों को आगे लाना पड़ेगा, जिनके ऊपर तीनों समुदाय का विश्वास हो, तभी यह मामला आसानी से सुलझ पाएगा।

## साइबर ठगी का बढ़ता दायरा, सज्जनों पर संकट

आधुनिक संचार क्रांति के युग में मोबाइल एवं इंटरनेट जितने लाभदायक हैं उससे ज्यादा हानिकारक भी हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट के माध्यम से भारत ही नहीं दुनिया में आए दिन साइबर ठगी की घटनाएं सुनने में आ रही है साइबर अपराध करने वालों की गैंग जानबूझकर ऐसे समय संबंधित को निशाना बनाते हैं जब वह विचार ही नहीं कर पाता और उनके द्वारा जितनी राशि की मांग की जाती है तत्काल उनके खाते में डाल देते हैं। इसके बाद पछतावा ही हाथ रहता है। मैं साइबर ठगी की कुछ घटनाओं का यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा गुना जिले में श्री द्वारका प्रसाद शर्मा महिला बाल विकास विभाग में लिपिक हैं, इनको अपरिचित मोबाइल से फोन आया और मोबाइल नंबर का केवाईसी करने की बात कही ओटीपी पूछा और बैंक खाते से 16000 निकल लिये ।श्री बलवीर सिंह गुर्जर निवासी साडा कॉलोनी राघौगढ़ सेवानिवृत्त गुना तहसीलदार रीडर इनके पंजाब नेशनल बैंक शाखा साडा कॉलोनी राघौगढ़ के खाते में किसी ने 1 जमा किया उन्होंने जैसे ही मोबाइल खोलकर बैंक अकाउंट देखा उनके बैंक खाते से पहली बार रुपए 9970, दूसरे बार 9999 कट गए।

उन्होंने तत्काल बैंक शाखा में जाकर अपना खाता ब्लॉक कराया। रुठियाई तहसील राघौगढ़ निवासी रविंद्र सिंह परिहार के पास फोन आया और बताया कि आपका बेटा पुलिस थाने में बैठा है उन्होंने कहा कि मेरा बेटा तो नौकरी पर है उधर से कहा आपका बेटा एक लड़की के साथ होटल में अनैतिक कार्य करते हुए पकड़ा गया है। अपने बेटे को बचाना है तो तत्काल तीन लाख रुपए खाते में डालो। उन्होंने अपनी पत्नी से कहा बेटे को फोन लगाओ। उन्होंने बेटे से पूछा कहां हो बेटे कहा कि मैं तो ऑफिस में हूं फिर उन्होंने जिनका फोन आया था बेटा का फोन कनेक्ट कर बात करवायी।बेटे ने उनसे भला बुरा कहा तब फोन काट दिया।एक सेवानिवृत अधिकारी जिनकी लड़की इंदौर में पढ़ती है घटना चार माह पुरानी है उनके पास फोन आया आपकी बेटी थाने में बैठी है अनैतिक स्थिति में होटल में पकड़ी है उन्होंने दूसरे नंबर से बेटी को फोन लगाया बेटी कॉलेज में थी फोन बंद था इस कारण बात नहीं हो सकी। जिनका फोन आया था उन्होंने कहा अपनी बेटी को बचाना चाहते हो तो तत्काल 6 लाख रुपए खाते में डालो घबराहट में उन्होंने तीन लाख रुपये खाते में भेज दिये ।फिर लड़की का फोन आया कि पापा जी फोन क्यों किया। तब उन्होंने सारी घटना बतायी। उनके साथ साइबर ठगी हो गई ।मैं स्वयं भी साइबर ठगी से होते-होते बचा फोन आया मेरे से कहा कि आपके मोबाइल नंबर की केवाईसी होना है मैंने उनसे कहा मेरा नंबर तो एयरटेल का है अब बी एस एन एल में केवाईसी क्यों हो रही है तो उधर से जवाब आया आपकी सिम पुरानी है पहले बी एस एन एल की थी ।इसलिए आपको 24 घंटे के अंदर केवाईसी करना आवश्यक है अन्यथा सिम बंद हो जाएगी ।मैंने उनसे पूछा कि मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कि हम आपको एक प्रोफार्मा भेज रहे हैं उसमें हम जो जानकारी पूछे उनका आप मोबाइल चालू रखकर हमें जवाब देते जाएं। मैंने उनके कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए थोड़ी देर बाद मेरी पौत्री 14 वर्षीय तन्वी जैन मेरे पास आई और बोली दादाजी मुझे ऐसा लग रहा है आप साइबर ठगी के शिकार होने वाले हैं। आप तत्काल इस नंबर को काट दें और इस नंबर को ब्लॉक कर दें। इस प्रकार में साइबर ठगी से बच पाया । साइबर ठगी की ही यह घटना मेरे मित्र श्री राघवेंद्र सिंह परिहार सेवानिवृत्ति कृषि अधिकारी राघौगढ़ ने मुझे बताया मैं ऑनलाइन दवाइयां मंगाता था। उनके लिए अपरिचित नंबर से फोन आया और कहा कि आप जिस कंपनी से दवाइयां ऑनलाइन मांगते हैं उस कंपनी ने ड्रा निकाला है ड्रा में आपके नाम कार निकली है आपको बधाईयां।परिहार जी ने उनसे पूछा मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कार तो हम आपके लिए कोलकाता में डिलीवरी दे देंगे या फिर आप कहेंगे तो आपके निवास पर पहुंचा देंगे। आपको मात्र इतना करना है आप रजिस्ट्रेशन के पैसे हमारे खाते में डाल दो ।उन्होंने कहा मेरा भतीजा कोलकाता में ही सर्विस में है वह आपसे मिलेगा कहां मिलना है पता आप मुझे भेजिए दूसरी ओर से पता नहीं आया और वह साइबर ठगी से बच गये। पिछले माह एसिया के बड़े उद्योग पति ओसवाल ग्रुप लुधियाना के मालिक की भारत की संभवतः अभी तक की सबसे बड़ी सायवर ठगी हुई। यह ठगी साढ़े सात करोड़ रुपये की थी। इस सायवर ठगी का समाचार देश के अनेक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ।

## डाकू से ऋषि बने वाल्मीकि ने रामायण रची


महर्षि वाल्मीकि का पालन जंगल में रहने वाली भील जाति में हुआ था, जिस कारण उन्होंने भीलों की परंपरा को अपनाया। स्कंद पुराण के नागर खंड में महर्षि वाल्मीकि को ब्राह्मण बताया गया है। पुराण के मुताबिक ब्राह्मण परिवार में जन्में वाल्मीकि के बचपन का नाम 'लोहजंघा' था और वह अपने माता-पिता के प्रति बहुत समर्पित थे। गोस्वामी तुलसीदास को रामायण के रचयिता वाल्मीकि का अवतार माना जाता है। वाल्मीकि को भगवान श्रीराम के जीवन की हर घटना का ज्ञान था, ऐसा प्रतीत होता है अपनी दिव्य साधना एवं सिद्धि से श्रीराम के सम्पूर्ण जीवन का साक्षात्कार किया हो। वे रामायण के रचयिता ही नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के भाष्यकार भी है।


ललित गर्ग

महापुरुषों की कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती। उनका लोकहितकारी चिन्तन, कर्म एवं उपलब्धि कालजयी होती है और युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करती है। महर्षि वाल्मीकि हमारे ऐसे ही एक प्रकाश-स्तंभ हैं, जिनकी जयंती का सनातन धर्म में बहुत ही खास महत्व है। डाकू से ऋषि बने वाल्मीकि ने हिन्दू धर्म के महान् रामायण जैसे महाकाव्य की रचना की थी। ऋषि वाल्मीकि सबसे महान संस्कृत कवियों में से एक थे। उन्हें आदिकवि के नाम से भी जाना जाता है। ऋषि वाल्मीकि ने जिस रामायण की रचना की वो वाल्मीकि रामायण के नाम से जानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि अपने वनवास के समय भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम भी गए थे। वाल्मीकिजी को भगवान श्रीराम के जीवन में घटित घटनाओं की जानकारी थी। कहा जाता है कि ऋषि वाल्मीकि को तीनों कालों सतयुग, त्रेता और द्वापर का ज्ञान था। महाभारत काल में भी वाल्मीकिजी का उल्लेख मिलता है।

वाल्मीकि जयंती हर साल आश्विन महीने की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन मनायी जाती है। उनकी जन्मतिथि आज भी विवादों में ही है, क्योकि उनके जन्म के बारें मे कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है जिससे उनकी सही जन्म तिथि के बारे मे कुछ भी कहा जा सके। लेकिन रामायण के समयकाल को शामिल करते हुए यह कहा जाता है, कि वह पहली शताब्दी से लेकर पांचवीं शताब्दी के बीच के रहे होगें। वे एक संत थे और वो एक साधारण जीवन और उच्च विचार रखने वाले व्यक्ति थे। वे बहुत ज्ञानी होने के साथ-साथ एक महान व्यक्तित्व थे। हिंन्दू पौराणिक कथाओं अनुसार, वाल्मिकी ऋषि ही वह अलौकिक एवं दिव्य व्यक्ति थे, जिन्होंने देवी सीता को तब आश्रय दिया था, जब वो अयोध्या राज्य छोड़कर वन में चली गई थीं। यही नहीं मां ने उन्हीं के आश्रम में लव कुश को जन्म दिया था। महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही लव कुश ने भगवान श्रीराम का अश्वमेध यज्ञ बांध लिया था। जिसकी वजह से श्रीराम को वाल्मीकि आश्रम में आना पड़ा था। यहीं पर पहली बार लव कुश अपने पिता श्रीराम से मिले थे। बाद में महर्षि वाल्मीकि ने श्रीराम को लव कुश से परिचय करवाया। देवी सीता के पृथ्वी माता की गोद में समा जाने पर वाल्मीकि ने लव कुश को भगवान श्रीराम को सौंप दिया।

मान्यता है कि महर्षि वाल्मीकि का जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। किंतु डाकुओं के संसर्ग में रहने के कारण ये लूटपाट और हत्याएं करने लगे और यही इनकी आजीविका का साधन हो गया। इन्हें जो भी मार्ग में मिलता वह उनकी संपत्ति लूट लिया करते थे। एक दिन इनकी मुलाकात देवर्षि नारद से हुई। इन्होंने नारदजी को लुटते हुए कहा कि तुम्हारे पास जो कुछ है उसे निकाल कर रख दो, नहीं तो तुम्हें जीवन से हाथ धोना पड़ेगा। देवर्षि नारद ने कहा, मेरे पास इस वीणा और वस्त्र के अलावा कुछ और नहीं है? तुम लेना चाहो तो इसे ले सकते हो, लेकिन तुम यह क्रूर कर्म करके भयंकर पाप क्यों करते हो?' देवर्षि की कोमल वाणि सुनकर वाल्मीकि का कठोर हृदय कुछ द्रवित हुआ। इन्होंने कहा, 'मेरी आजीविका का यही साधन है और इससे ही मैं अपने परिवार का भरण पोषण करता हूं।' देवर्षि बोले, तुम अपने परिवार वालों से जाकर पूछो कि वे तुम्हारे इन पाप कर्मों में भी हिस्सा बंटाएंगे या नहीं? वाल्मीकि ने परिजनों से उक्त प्रश्न पूछा तो सभी ने कहा कि यह तुम्हारा कर्तव्य है कि हमारा भरण पोषण करो परन्तु हम तुम्हारे पाप कर्मों में क्यों भागीदार बनें? परिजनों की बात सुनकर वाल्मीकि को आघात लगा। उनके ज्ञान नेत्र खुल गये। उनके जीवन की दिशा बदल गयी। इस घटना से रत्नाकर बहुत दुखी हुआ और गलत मार्ग का त्याग करते हुए श्रीराम की भक्ति में डूब गया।

महर्षि बाल्मीकि परिजनों की बात सुनने के बाद जंगल में पहुंचे और वहां जाकर देवर्षि नारद को बंधनों से मुक्त किया तथा विलाप करते हुए उनके चरणों में गिर पड़े और अपने पापों का प्रायश्चित करने का उपाय पूछा। नारदजी ने उन्हें धैर्य बंधाते हुए श्रीराम नाम के जप की सलाह दी। लेकिन चूंकि वाल्मीकि ने भयंकर अपराध किये थे इसलिए वह राम राम का उच्चारण करने में असमर्थ रहे तब नारदजी ने उन्हें मरा मरा उच्चारण करने को कहा। बार बार मरा मरा कहने से राम राम का उच्चारण स्वतः ही होने लगा। इस राम नाम के जप ने रत्नाकर डाकू का जीवन ही नहीं बदला बल्कि उनके भीतर अनेक अलौकिक, दिव्य एवं विलक्षण शक्तियों का प्रस्फुटन भी कर दिया था। उनके इस जप एवं तप से ब्रह्मदेव प्रसन्न हुए और उन्होंने वाल्मीकिजी को श्रीराम का चरित्र लिखने का आदेश दिया। उसके बाद वाल्मीकिजी ने रामायण की रचना की।

महर्षि वाल्मीकि का पालन जंगल में रहने वाली भील जाति में हुआ था, जिस कारण उन्होंने भीलों की परंपरा को अपनाया। स्कंद पुराण के नागर खंड में महर्षि वाल्मीकि को ब्राह्मण बताया गया है। पुराण के मुताबिक ब्राह्मण परिवार में जन्में वाल्मीकि के बचपन का नाम 'लोहजंघा' था और वह अपने माता-पिता के प्रति बहुत समर्पित थे। गोस्वामी तुलसीदास को रामायण के रचयिता वाल्मीकि का अवतार माना जाता है। वाल्मीकि को भगवान श्रीराम के जीवन की हर घटना का ज्ञान था, ऐसा प्रतीत होता है अपनी दिव्य साधना एवं सिद्धि से श्रीराम के सम्पूर्ण जीवन का साक्षात्कार किया हो। वे रामायण के रचयिता ही नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के भाष्यकार भी है। तभी उन्होंने श्रीराम के जीवन एवं चरित्र को बहुत बारीकी से प्रस्तुति दी है। ऋषि वाल्मीकिजी कहते है कि भगवान श्रीराम का चेहरा चंद्रमा की तरह चमकदार और सुंदर है। उनकी आंखों की तुलना कमल से की गई। आंखों के कोणों के ताम्र रंग को ताम्राक्ष और लोहिताश के रूप में व्यक्त किया है। ऋषि वाल्मीकि के अनुसार भगवान श्रीराम के बाल लंबे और घने थे। उनके अनुसार, भगवान श्रीराम की नाक उनके चेहरे की तरह लंबी और सुडौल थी। उन्होंने श्रीराम को महानासिका वाला बताया है।

## अब प्रियंका की संसद से होगी कुड़माई


पिछले दो दशक में राहुल गांधी प्रधानमंत्री तो नहीं बन पाए लेकिन उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता का स्थान तो हासिल कर ही लिया है। संसद में अब वे अकेले नहीं होंगे। उनकी मदद के लिए उनकी बहन भी साथ होंगी बाशर्त कि वे वायनाड से चुनाव जीतकर आ जाएँ। भाजपा प्रियंका को शायद ही संसद में आने से रोक पाये । भाज पा के लिए संसद में प्रियंका का प्रवेश रोकने से ज्यादा महत्वपुर्ण महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव हैं। झारखण्ड के चुनाव है। इन दो राज्यों को बचाने में उलझी भाजपा शायद ही प्रियंका के सामने कोई चुनौती खड़ी कर पाए।


राकेश अचल

पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी की पौत्री और राजीव गाँधी की बेटी श्रीमती प्रियंका वाड्रा ने आखिर ना ना करते हुए भी चुनावी राजनीति में कदम रख ही दिया। अब अगले माह उनकी संसद से कुड़माई होगी। दो बच्चों की माँ और परिपक्व राजनेता बन चुकी प्रियंका वायनाड से लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बनाई गयीं हैं। कांग्रेसजनों के लिए ये खुशखबरी और सत्तारूढ़ दल के लिए ये एक और मुद्दा होगा भारतीय राजनीति में परिवारवाद पर हमला करने का। हम प्रियंका के संसदीय राजनीति में आने का स्वागत करते हैं। वर्तमान में वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं।प्रियंका न राजनीति के लिए नई हैं और न देशवासियों के लिए। उनके पास राजनीति की एक लम्बी विरासत भी है और अनुभव भी। कांग्रेसी ही नहीं अपितु आम भारतीय प्रियंका में स्वर्गीय इंदिरा गांधी का अक्श देखता है। अक्श और वस्तविक्ता में फर्क होता है ,लेकिन हम और आप अपने पूर्वजों के अक्श के अलावा और हैं भी क्या ?प्रियंका को कांग्रेस ने वायनाड की एक ऐसी सीट से चुनाव मैदान में उतारा है जो शायद कांग्रेस के लिए बेहद सुरक्षित और आसान है ,लेकिन बेहतर होता कि वे पांच महीने पहले हुए आम चुनाव के वक्त अमेठी की अपनी अघोषित रूप से पुश्तैनी संसदीय सीट से लड़तीं।

प्रियंका के लिए सक्रिय और संसदीय राजनीति में प्रवेश करना पार्टी की जरूरत है या उनकी अपनी विवशता ? इस विषय पर बहस हो सकती है ,लेकिन इस बात में कोई विवाद नहीं हो सकता कि वे एक धीर-गंभीर राजनेता के रूप में देश और पार्टी के लिए नयी नहीं हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने में जानबूझकर देर की ,ये सब जानते है। वे चाहतीं तो 20 साल पहले 2004 में ही संसदीय यात्रा शुरू कर सकतीं थीं ,लेकिन उन्होंने आम भारतीय परिवारों की तरह अपने परिवार की सियासी विरासत सम्हालने के लिए अपने से उम्र में दो साल छोटे भाई राहुल को ही आगे किया। ये प्रियंका का भाई के प्रति स्नेह है या त्याग कहना कठिन है । क्योंकि दोनों के बीच जो रिश्ता है वो सभी आशंकाओं,कुशंकाओं से परे खून का रिश्ता है।

कांग्रेस में प्रियंका को कमान देने की मांग समय -समय पर उठती रही हैं । राहुल गांधी से असहमत और नाउम्मीद कांग्रेसी ये मांग करते रहे हैं ,किन्तु प्रियंका ने कभी इसमें कोई रूचि नहीं दिखा। वे पिछले दो दशक से अपने भाई को राजनीति में प्रतिष्ठित करने के लिए साये की तरह सक्रिय हैं आलोचनाओं की परवाह किये बिना।

राहुल गांधी जब भी अकेले पड़े,लड़खड़ाए तो प्रियंका उन्हें सम्हालने में सबसे आगे रहीं। राहुल के ऊपर जितने सियासी हमले हुए ,उन सबके जबाब में प्रियंका ने जबाबी हमले भी किये और ढाल भी बनकर खड़ी दिखाई दीं। उनके और राहुल के बीच एक ही फर्क है कि वे राजनीयति का शालीन चेहरा मानी जाती हैं जबकि राहुल आक्रामक चेहरा।

मुझे वर्ष 1999 में प्रियंका का बीबीसी को दिया वो साक्षात्कार याद है जिसमें उन्होंने कहा था कि -मेरे दिमाग में यह बात बिलकुल स्पष्ट है कि राजनीति शक्तिशाली नहीं है, बल्कि जनता अधिक महत्वपूर्ण है और मैं उनकी सेवा राजनीति से बाहर रहकर भी कर सकती हूँ। तथापि उनके औपचारिक राजनीति में जाने का प्रश्न परेशानीयुक्त लगता हैः मैं यह बात हजारों बार दोहरा चुकी हूँ, कि मैं राजनीति में जाने की इच्छुक नहीं हूँ।यानि आप कह सकते हैं कि प्रियंका बेमन से राजनीति में आयन थीं लेकिन अब उनका मन राजनीति में रम गया है। प्रियंका किसी रेलवे स्टेशन पर चाय बेचते हुए राजनीति में नहीं आयीं । उनके पिता राजीव गाँधी, माँ श्रीमती सोनिया गाँधी ,दादी श्रीमती इंदिरा गाँधी, दादा फिरोज गाँधी ,और उनसे भी पहले पंडित जवाहर लाल नेहरू देश की राजनीति के महत्वपूर्ण अंग रहे हैं। उनके लिए राजनीति न अपरिचित क्षेत्र है और न जरूरी।

मुझे लगता है कि प्रियंका के लिए राजनीति के जरिये देश सेवा करने का ये उचित समय है । उनके बच्चे भी बड़े हो गए हैं ,वे तमाम पारिवारिक जिम्मेदारियों से भी लगभग फारिग हो चुकीं है। उनके पास अपनी माँ और भाई के चुनाव प्रबंधन का लंबा अनुभव भी है । 2007 के उप्र विधानसभा चुनावों में उन्होंने जमकर मेहनत भी की थी। बहुत से लोग नहीं जानते होंगे कि प्रियंका मनोविज्ञान में स्नातक भी हैं इसलिए वे देश की जनता के मन को भी भलीभांति समझती हैं। संसदीय राजनीयति में उनके प्रवेश से कांग्रेस को लाभ मिलेगा या नुक्सान होगा ये कांग्रेस आकलन कर चुकी है। प्रियंका की मौजूदगी से अब कांग्रेस में एक नए अध्याय का आगाज होग। संसद के भीतर भी और संसद के बाहर सड़क पर भी। जो लोग राहुल से असहमत हैं वे प्रियंका से सहमत हो सकते हैं। उनके साथ खड़े होकर काम कर सकते है। प्रियंका राहुल के लिए चुनौती नहीं बल्कि एक मजबूती साबित होंगी।

पिछले दो दशक में राहुल गांधी प्रधानमंत्री तो नहीं बन पाए लेकिन उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता का स्थान तो हासिल कर ही लिया है। संसद में अब वे अकेले नहीं होंगे। उनकी मदद के लिए उनकी बहन भी साथ होंगी बाशर्त कि वे वायनाड से चुनाव जीतकर आ जाएँ। भाजपा प्रियंका को शायद ही संसद में आने से रोक पाये । भाज पा के लिए संसद में प्रियंका का प्रवेश रोकने से ज्यादा महत्वपुर्ण महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव हैं। झारखण्ड के चुनाव है। इन दो राज्यों को बचाने में उलझी भाजपा शायद ही प्रियंका के सामने कोई चुनौती खड़ी कर पाए। बेहतर तो ये हो कि भाजपा वायनाड से चुनाव लड़े ही न और एक नई नजीर पेश कर नारी शक्ति वंदन की ,लेकिन ऐसा होगा नहीं। भाजपा का दिल इतना बड़ा नहीं है। भाजपा कोशिश करेगी कि प्रियंका को संसद में आने से रोका जाये ,क्योंकि प्रियंका का संसद में आना उसके लिए समस्याएं ही पैदा करने वाला होगा।

## गरीबी के शर्म के कलंक को धोना होगा

ललित गर्ग

अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर साल 17 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत 17 अक्टूबर, 1987 को हुई थी। उस दिन, पेरिस के ट्रोकाडेरो में एक लाख से ज्यादा लोग इकट्ठा हुए थे। इस दिन को मनाने का मकसद, अत्यधिक गरीबी, हिंसा, और भूख से पीड़ित लोगों को सम्मानित जीवन उपलब्ध कराना है। इस दिवस की 2024 की थीम है, 'सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और समावेशी समाज के लिए मिलकर कार्य करना।' यह दिन गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की ज़रूरत पर ज़ोर देता है। इस दिवस का मकसद गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनना, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करना और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर ज़ोर देना भी है। जो गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। गरीबी को खत्म करना सिर्फ़ गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2022 के अंत तक विश्व की 8.4 प्रतिशत जनसंख्या, या लगभग 670 मिलियन लोग, अत्यधिक गरीबी में रह रहे थे। अनुमान है कि वैश्विक जनसंख्या का लगभग 7 प्रतिशत लगभग 575 मिलियन लोग 2030 तक भी अत्यधिक गरीबी में फंसे रह सकते हैं। आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत दस वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही गरीबमुक्त संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन अब यह संकट और गहराया है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसी नींव पर कैसे साकार होगा? क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं युद्ध की मानसिकता में लगी। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।

आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है।

# 7 चीजें जो डायबिटीज रोगियों के लिए हैं अचूक उपाय

## आसानी से काबू में रखती हैं ब्लड शुगर लेवल



डायबिटीज होने पर आपके भोजन के विकल्प बहुत मायने रखते हैं. दूसरों की तुलना में कुछ बेहतर की मांग की जाती है. इसमें कुछ भी पूरी तरह से ऑफ-लिमिट नहीं है. यहां तक कि जिन वस्तुओं को आप सबसे खराब के रूप में सोच सकते हैं, वे कभी-कभार फायदेमंद हो सकती हैं, लेकिन कम मात्रा में. अगर आप मुख्य रूप से हेल्दी विकल्पों पर टिके रहते हैं तो आपके डायबिटीज को मैनेज करना सबसे आसान है. डायबिटीज को कंट्रोल करने के तरीके कई हैं. सबसे अहम डायबिटीज डाइट और डायबिटीज में ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने के नेचुरल तरीके. त्योहारों के मौसम में ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि लजीज भोजन और मिठाई इन समारोहों का एक अभिन्न अंग है. हालांकि ऐसे कई तरीके हैं जिनसे डायबिटीज के रोगी बिना



किसी प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव के उत्सवों और दावतों का आनंद ले सकते हैं.

### 1. बीन्स

दाल, किडनी बीन्स, काले या चने की फलियां लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स हैं. इसका मतलब है कि उनके कार्बोहाइड्रेट धीरे-धीरे जारी होते हैं, इसलिए उनके ब्लड शुगर में वृद्धि होने की संभावना कम होती है.

### 2. बादाम

ये कुरकुरे नट्स मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं. एक खनिज जो आपके शरीर को अपने स्वयं के इंसुलिन का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने में मदद कर सकता है. इस ब्लड शुगर-बैलेंस मिनरल्स की अपनी डेली डोज लेने के लिए अपनी डाइट में अधिक बादाम शामिल करने का प्रयास करें. साथ ही बादाम जैसे मेवे मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड, प्रोटीन और फाइबर में उच्च होते हैं, जो उन्हें ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने में मदद करने का एक शानदार तरीका है.

### 3. पालक

इस पत्तेदार हरी सब्जी में कैलोरी कम होती है और यह ब्लड शुगर के अनुकूल मैग्नीशियम और फाइबर से भरी होती है. इसके अतिरिक्त, आप अपने पसंदीदा पालक पनीर में या मिश्रित रूप में भी पालक के कच्चे, जैतून के तेल के साथ तली हुई पालक का आनंद ले सकते हैं और इसे एक बहुमुखी विकल्प भी बना सकते हैं.

### 4. चिया बीज

आपने सुना होगा कि वजन कम करना या मैनेज करना आपके ब्लड शुगर में सुधार के लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक है. चिया सीड्स इसमें मदद कर सकते हैं. फाइबर से भरपूर होने के अलावा, इन बीजों में प्रोटीन भी होता है और यह आपके अनुशंसित दैनिक कैल्शियम सेवन का 18 प्रतिशत प्रदान करते हैं.

### 5. ब्लू बैरीज

ब्लूबेरी खाने के स्वास्थ्य लाभों का प्रमाण काफी सम्मोहक है. ब्लूबेरी में ऐसे यौगिक होते हैं जो हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं और यह सुधारने में मदद करते हैं कि आपका शरीर इंसुलिन का उपयोग कैसे करता है. वे फाइबर और विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट जैसे अन्य पोषक तत्वों का भी एक बड़ा स्त्रोत हैं.

### 6. दलिया

दलिया सिर्फ आपके दिल के लिए अच्छा नहीं है. यह आपके ब्लड शुगर को भी फायदा पहुंचा सकता है. सेब की तरह स्टील-कट और रोल्ड ओट्स का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है. बस इस बात का ध्यान रखें कि स्टील-कट और रोल्ड ओट्स बहुत अच्छे होते हैं, लेकिन ज्यादा मात्रा में शामिल न करें.

### 7. हल्दी

इस सुनहरे मसाले में करक्यूमिन होता है, एक ऐसा पदार्थ जो आपके अग्न्याशय को स्वस्थ रख सकता है और प्रीडायबिटीज को टाइप 2 डायबिटीज में बदलने से रोक सकता है.

# डायबिटीज मरीजों के लिए संजीवनी है आम की पत्तियां

डायबिटीज की बीमारी आजकल बहुत तेजी से अपने पैर पसार रही है। इस बीमारी से आए दिन पीड़ितों की संख्या में इजाफा ही हो रहा है। डायबिटिक लोगों को एक नॉर्मल लाइफ जीने के लिए अपने डाइट में बहुत सारे बदलाव करने होते हैं, बहुत सारी चीजों से परहेज करना होता है। यदि आप डायबिटीज रोगी हैं, तो आपको अपने आहार में ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल करना होगा जो आपके रक्त शर्करा के स्तर को बहुत अधिक प्रभावित न करते हों।

ब्लड शुगर या डायबिटीज के मरीजों को मीठा खाने की मनाही होती है। यही कारण है कि डायबिटिक पेशेंट आम जैसे स्वादिष्ट फल को भी नहीं खा सकते हैं। लेकिन, इनके पत्तों को जरूर उपयोग में ला सकते हैं। डायबिटीज रोगियों के लिए आम के पत्ते काफी फायदेमंद हो सकते हैं। आम के पत्तों का अर्क ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है।

### कैसे उपयोगी होते हैं आम के पत्ते-

डायबिटीज के इलाज के लिए आम के पत्ते बहुत उपयोगी होते हैं। इसमें एंथोसाइनिडिन नामक टैनिन होते हैं, जो प्रारंभिक मधुमेह के इलाज में मदद करते हैं। यह मधुमेह एंजियोपैथी और मधुमेह



रेटिनोपैथी के इलाज में भी मदद करता है। आम की पत्तियों में विटामिन सी, पेक्टिन और फाइबर होता है। इसके अलावा, आम के पत्तों को डायबिटीज के लक्षणों से राहत देने के लिए भी जाना जाता है। आम की पत्तियों में इंसुलिन उत्पादन और ग्लूकोज के वितरण में सुधार करने की क्षमता होती है। वे ब्लड ग्लूकोज के लेवल को स्थिर करने में मदद कर सकते हैं। आम के पत्ते पेक्टिन, विटामिन सी और फाइबर भी होता है।

### कैसे करें आम के पत्तों का इस्तेमाल?

डायबिटीज के लिए आम के पत्तों का उपयोग करने के लिए आपको एक बहुत ही सरल विधि का पालन करना होगा। आपको बस 10-15 आम के पत्तों को लेना है और उन्हें ठीक से पानी में उबालना है। पत्तियों को ठीक से उबालने के बाद, उन्हें रात भर छोड़ दें। पानी को छान लें और इसे सुबह खाली पेट पिएं। कुछ महीनों के लिए नियमित रूप से इसे पीने से आपका ब्लड शुगर कंट्रोल में रह सकता है। प्राचीन चीनी दवाइयों में आम के पत्तों का अर्क डायबिटीज और अस्थमा के इलाज में उपयोग किया जाता है। आम के पत्तों में कैफीक एसिड जैसे फिनॉलिक, मैगीफेरिन जैसे पॉलिफिनॉल्स, गैलिक एसिड, फ्लेवोनोइड्स और कई अस्थाई यौगिकों जैसे घटक पाए जाते हैं।



# बैली फैट करता है शर्मिंदा? रोजाना सुबह पिएं आंवले का जूस, 15 दिनों में दिखेगा असर

वजन घटाने के लिए लोग कई तरह के तरकीब अपनाते हैं। इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है, क्योंकि कोई भी चीज शरीर पर जादू की तरह असर नहीं करती । वेट लॉस के लिए रोजाना एक्सरसाइज और सही खान-पान जरूरी है। साथ ही डाइट में कुछ फूड्स आइटम्स ऐसे हैं जिन्हें डाइट में शामिल करने से आप आसानी से वजन घटा सकते हैं। इन्हें में से एक है 'आंवले का जूस'। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। विटमिन सी, ऐंटीऑक्सिडेंट्स की भरपूर मात्रा होने के कारण ये शरीर में मौजूद नुकसानदायक टॉक्सिन्स को निकालने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें विटमिन सी भी पाया जाता है जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में सहायक है। आंवला फाइबर का भी बेहतरीन सोर्स है। इसका सेवन करने से पाचन को बेहतर बनाया जा सकता है।



### आंवले का जूस बनाने की विधि -

खाली पेट पिएं आंवले का जूस
कच्चा आंवला खाने में खट्टा होने के साथ-साथ स्वाद में थोड़ा कसैला भी होता है। इसलिए बहुत से लोगों इसे खाने से कतराते हैं। ऐसे में आंवले का जूस पीना फायदेमंद हो सकता है रोजाना सुबह खाली पेट 2 से 3 चम्मच आंवले का जूस या आंवले के पाउडर को गुनगुने पानी में मिलाकर पिएं। ऐसा करने से आपका शरीर डिटॉक्स होगा। साथ ही वजन घटाने में भी मदद मिलेगी।

### ड्रिंक बनाने के लिए सामग्री

7-5 कच्चे आंवले
2 चम्मच नींबू का रस
1 चम्मच अदरक का रस
10 पुदीने की पत्तियां
2 चम्मच चीनी की चाशनी
1 चुटकी काला नमक
1 चुटकी जीरा पाउडर
पानी

### रेसिपी

- सबसे पहले सभी चीजों को एक बर्तन में मिला लें।
- इसके बाद इसमें आईस क्यूब डालें और इसे अच्छे से मिला लें।
- फिर बारीक कटा हुआ अदरक और कुछ पुदीना की पत्तियां डालकर रोजाना सुबह के समय पिएं।

# अजवायन की पत्तियां दिलाती हैं गठिया के रोग से छुटकारा

अजवायन का उपयोग सालों से हमारे घरों में मसालों के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। अमूमन इसका इस्तेमाल पेट से जुड़ी परेशानियों से निपटने के लिए किया जाता रहा है। मगर क्या आप जानते हैं कि पोषक तत्वों से भरपूर अजवायन की पत्तियों का इस्तेमाल गठिया से पीड़ित लोगों के लिए भी काफी कारगर है। एंटी-इंफ्लेमेटरी कंपाउंड की मौजूदगी के कारण अजवायन की पत्तियों का सेवन करने से गठिया के कारण होने वाले दर्द से छुटकारा मिलता है। अजवायन की पत्तियों में दर्द को दूर करने के गुण होते हैं, जो गठिया से पीड़ित लोगों को होने वाले दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं।



अजवायन की पत्तियों में एंटीबायोटिक कंपाउंड होते हैं जो सूजन और अन्य संबंधित लक्षणों जैसे स्किन के लाल होने से निपटने में मदद करते हैं।

### गठिया के दर्द में कैसे करें इस्तेमाल

अजवायन की पत्तियों को पानी में गर्म करें और उस गर्म पानी अपने दर्द वाले जोड़ों को पानी में डूबाएं और 5-10 मिनट तक उसी अवस्था में रहें। यह सूजन और दर्द को कम करेगा, जो आमतौर पर गठिया से पीड़ित लोगों में देखा जाता है।आप चाहें तो अजवायन की पत्तियों को मूसल में भी कुचल सकते हैं और उसका पेस्ट तैयार कर जोड़ों पर लगा सकता है। ऐसा करने से दर्द से छुटकारा मिल जाता है।

# योग द्वारा हृदय रोग से मुक्ति

मेडिकल सांइस की दुनिया में डॉ. बिमल छाजेड़, एम.बी.बी.एस., एम. डी. एक जाने-पहचाने व्यक्ति हैं। ये भारत में नॉन इन्वेसिव कॉर्डियोलॉजी के जन्मदाता हैं। डॉक्टर छाजेड़ ने विख्यात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में छह वर्ष तक सीनियर रेसीडेण्ट और सहायक प्रोफेसर के पद पर काम कर चुके हैं। वर्ष 1995 में इन्होंने एम्स छोड़ दिया और अपनी रिसर्च के आधार पर साओल की स्थापना की। साओल का मतलब है- विज्ञान तथा जीवन जीने की कला (साइंस एण्ड आर्ट ऑफ लीविंग) जो आधुनिक मेडिकल साइंस और जीवन जीने की कला को जोड़ता है। इनका हृदय रोग के रिवर्सल के लिए चलाया गया त्रिदिवसीय कार्यक्रम बहुत प्रसिद्ध हुआ। यह कार्यक्रम भारत के लगभग सभी मुख्य शहरों में शुरू किया गया है। हृदय की देखभाल के लिए इन्होंने जो साओल हृदय कार्यक्रम चलाया है वह भारत में हृदय की देखभाल का सबसे लोकप्रिय तरीका है जिसमें चीर-फाड़ की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती।

डॉ. छाजेड़ ने सौ से ज्यादा किताबें लिखी हैं, जिनकी गिनती सर्वाधिक बिकने वाली किताबों में होती है। इनकी किताबों का भारत की लगभग सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया गया है। इन्होंने जीरो ऑयल कुकिंग के माध्यम से भोजन बनाने का नया तरीका भी बताया, जो पूरे भारत में बहुत प्रसिद्ध हुआ । इन्होंने हृदय रोगियों के लिए बिना तेल के 1000 व्यंजन तैयार किए हैं तथा भारत में सौ से ज्यादा शहरों में तथा विदेशों में भी व्याख्यान दिए हैं। इनकी तनाव प्रबंधन की कक्षाओं और तकनीकों ने हजारों लोगों की जिंदगी बदल दी है। इस क्षेत्र में अपनी इन उपलब्धियों के लिए इन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। लोग इन्हें नॉन-इनवेसिव डॉक्टर, हार्ट केयर और लाइफ स्टाइल एक्सपर्ट पुकारते हैं। यह खुद को उन डॉक्टरों (कॉर्डियोलॉजिस्ट्स और हार्ट सर्जन्स) से पूरी तरह अलग मानते हैं जो हृदय संबंधी अस्पतालों में हृदय रोगियों का उपचार करते हैं। इनकी संस्था साओल यानी ( साइंस एंड आर्ट ऑफ लिविंग) हृदय रोगियों की जीवनशैली में बदलाव करके बाईपास, एंजियोप्लास्टी किए बिना उनका उपचार करती है। हृदय रोगियों को हृदय सुरक्षा संबंधी चिकित्सकीय पहलुओं के साथ-साथ पारंपरिक दवाइयों, खानपान में बदलावों और योग के बारे में भी बताया जाता है।

डायमंड बुक्स द्वारा "योग द्वारा हृदय रोग से मुक्ति" पुस्तक प्रकाशित की गयी है जिसके लेखक डॉ. बिमल छाजेड़ हैं। हृदय रोगियों को इस नई प्रकार की परिवर्तित चिकित्सा पद्धति ( रिवर्सल थैरेपी) योग वस्तुतः जीवनशैली और जीवन को जीने का मार्ग बताया है, जिसमें आसन, प्राणायाम और ध्यान का समावेश होता है। यह एक विशाल विषय है और इस पर अनेक पुस्तकों की रचना की जा सकती है। चूंकि अलग-अलग लोग योग के ग्रंथों की अपने-अपने तरीके से व्याख्या करते हैं इसलिए इसके विभिन्न संस्करण होना स्वाभाविक है। यह 5,000 वर्ष पुरानी साधना और विषय है। जो प्रागैतिहासिक काल में यकीन करते हैं, उनका कहना है कि योग अनादिकाल ( लगभग 15,000 वर्षों) से चला आ रहा है। योग के हर अंश के कई रूप हैं किंतु इसका एक अभिन्न अंग है जिसमें यम और नियम के दर्शन का समावेश है जो योग में क्या करें और क्या न करें, का बोध कराता है। यह जीवन को किस प्रकार जीना चाहिए संबंधी निर्देश देता है। योग का दर्शन अत्यंत वृहद है जिसमें राजयोग, भक्तियोग, कर्मयोग आदि शामिल हैं।

"योग द्वारा हृदय रोग से मुक्ति" में इसी बात को सुस्पष्ट तरीके से बताने जा रहा है। यौगिक आसनों को हृदय रोगियों के लिए प्रायः सबसे लाभकारी और श्रेष्ठ व्यायाम माना जाता है। पिछले 20 वर्षों से हृदय रोगियों के साथ कार्य करने के दौरान हमने कई आसनों का प्रयोग किया और अंततः 20 मिनट के योग आधारित व्यायाम और आसनों से ही हृदय के खतरों को शून्य कर दिया।

जहां तक प्राणायाम की बात है तो हृदय रोगियों को कपालभाति और भास्त्रिका जैसे कठिन प्राणायाम करने की मनाही है क्योंकि उनके लिए ये खतरनाक साबित हो सकते हैं। बाबा रामदेव जी की कृपा से आजकल ये दोनों प्राणायाम बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। यद्यपि आम लोगों के लिए ये सही हैं किंतु ऐसे हृदय रोगियों को ये नहीं करने चाहिए जिन्हें हार्ट अटैक का खतरा हो। ऐसे रोगियों के लिए अनुलोम-विलोम प्राणायाम करना बेहतर प्राणायाम है। हृदय रोगियों के लिए योग का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भाग जीवनशैली में बदलाव लाने संबंधी परामर्श और ध्यान (मेडिटेशन) लगाना है।

# पाकिस्तान में जयशंकर बोले- आतंकवाद के साथ व्यापार नहीं: एससीओ बैठक में चीन का नाम लिए बिना कहा- बॉर्डर का सम्मान करने की जरूरत

इस्लामाबाद. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। जयशंकर ने पाकिस्तान-चीन का नाम लिए बिना कहा कि सभी देशों को एक दूसरे की सीमाओं का सम्मान करने की जरूरत है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि यदि एससीओ के मेंबर देशों के बीच दोस्ती में कमी आई है और पड़ोसी संबंध बिगड़े हैं तो इस पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हमारे बीच भरोसे में कमी आई है तो हमें अपने अंदर झांकने और इसकी वजह समझने की जरूरत है। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एससीओ बैठक की शुरुआत करते हुए कहा था कि पाकिस्तान शांति, सुरक्षा और आर्थिक तरक्की चाहता है। इससे पहले पीएम शहबाज शरीफ ने मंगलवार रात को एससीओ नेताओं के लिए डिनर रखा था। यहीं पीएम शहबाज और जयशंकर की मुलाकात हुई थी। पाकिस्तानी पीएम ने हैंड शेक किया। पिछले साल गोवा में एससीओ की एक बैठक में जयशंकर ने पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को नमस्ते किया था और हाथ मिलाने से परहेज किया था। डिनर के बाद एससीओ नेताओं के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। इसमें एक पाकिस्तानी कलाकार ने भरतनाट्यम किया। इस दौरान पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ चीन और कजाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के साथ बैठे नजर आए।



### पाकिस्तानी बच्चों ने दिया मोहब्बत का पैगाम, देखने वाले रह गए हैरान, -जयशंकर का हुआ पुष्पों से स्वागत

भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते अच्छे नहीं है। लेकिन बच्चों को इससे कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने एयरपोर्ट पर आकर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का पुष्पों से स्वागत किया और मोहब्बत का पैगाम देने की कोशिश की। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय पाकिस्तान में हैं, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में भाग लेने आए हैं। यह यात्रा पिछले नौ वर्षों में भारत के किसी विदेश मंत्री की पाकिस्तान की पहली यात्रा है, और इसके साथ ही दोनों देशों के बीच एक नई कूटनीतिक शुरुआत की संभावना पर सवाल उठ रहे हैं।

एस जयशंकर का पाकिस्तान में स्वागत शानदार रहा। उनका विमान पाकिस्तान के नूर खान एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद, एयरपोर्ट पर बच्चों द्वारा उनका फूलों से स्वागत किया गया। इसके बाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने घर पर एस जयशंकर के सम्मान में डिनर रिसेप्शन आयोजित किया। यहां जयशंकर की रेड कार्पेट पर ग्रैंड एंट्री ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शहबाज शरीफ ने खुद हाथ बढ़ाकर उनका स्वागत किया, और दोनों नेताओं के बीच संक्षिप्त लेकिन गर्मजोशी से हाथ मिलाने का दृश्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना।

# कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हिंदू मंदिरों पर हमले, लगा रहे भारत विरोधी नारे

### -इतना सब कुछ हो रहा फिर भी कनाडा की सरकार क्यों साधी है चुप्पी?

ओटावा (ईएमएस)। हिंदू मंदिरों पर हमले, भारत विरोधी पोस्टर और भारतीय उच्चायोग पर हमले कनाडा में आम हो गए हैं। दर्जनों खालिस्तानी आतंकी कनाडा के हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ और नारेबाजी करने के बाद खुलेआम घूमते रहते हैं और एक्शन के नाम पर कनाडा सरकार यह सब चुपचाप देखती रहती है। कनाडा में खालिस्तानी समर्थक भारतीय उच्चायोग पर न सिर्फ हमले करते हैं. बल्कि ग्रेनेड तक फेंकते है। खालिस्तानियों की इन हरकतों से कनाडा पीएम जस्टिन ट्रूडो ने ऐसे मामलों पर चुप्पी साध रखी है और बिना सबूत भारत पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे हैं। वतर्मान में कनाडा और भारत के रिश्ते में तनाव बना हुआ है।

दरअसल, कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में 18 जून 2023 को सिख धर्म के पूजा स्थल गुरुद्वारे के बाहर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा पीएम जस्टिन ट्रूडो ने इस हत्याकांड में भारतीय एजेंटों का हाथ होने का आरोप लगाया था, लेकिन जब सबूत मांगे गए तो कनाडा की तरफ से भारत को कोई सबूत नहीं दिया गया।

14 अक्टूबर सोमवार को कनाडा ने भारतीय हाई कमिश्नर के साथ दूसरे राजनयिकों को पर्सन ऑफ इंटरेस्ट और संदिग्ध बताना शुरू कर दिया है। कनाडा के इस आरोप के बाद तनाव में और इजाफा हो गया, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने कनाडा के 6 राजनयिकों को निष्कासित कर दिया और कनाडा में अपने राजदूत समेत अधिकारियों को भी वापस बुला लिया।

कनाडा में भारत और भारतीयों के खिलाफ बहुत कुछ होता है, लेकिन सबसे ज्यादा शर्मसार करने वाला मामला भारतीय उच्चायोग पर ग्रेनेड फेंकने का है। ये मामला 23 मार्च 2023 का है, जब वारिस पंजाब दे के चीफ अमृतपाल सिंह को जेल में बंद किया गया था। इस दौरान उसके बहनोई अमरजोत सिंह के नेतृत्व में खालिस्तानियों ने ओटावा के भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। यहां भारत विरोधी नारे लगाये और खालिस्तानी आतंकियों ने उच्चायोग के अंदर दो ग्रेनेड फेंक दिए।

खालिस्तानियों ने कनाडा की सड़कों पर भारत की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकाली। खालिस्तानियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी से दो दिन पहले ये परेड निकाली थी। इन घटनाओं के बाद भी ट्रूडो सरकार खालिस्तानियों पर मूक दर्शक बनी रही। 20 सितंबर 2023 को खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा के हिंदुओं को खुलेआम धमकी दी कि वे कनाडा छोड़कर भारत चले जाएं। खालिस्तानियों को जब-जब अपना एजेंडा ध्वस्त होता नजर आता है, वो कनाडा के हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ करते हैं। हाल ही में 22 जुलाई 2024 को कनाडा के एडमोंटन शहर में स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में खालिस्तानियों ने तोड़फोड़ की थी और दीवार पर भारत विरोधी नारे लिख दिए थे।

वहीं हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद 13 अगस्त 2023 को खालिस्तानियों ने ब्रिटिश कोलंबिया के सरे के एक मंदिर में तोड़फोड़ की और मंदिर के मुख्य दरवाजे पर निज्जर की मौत को लेकर जनमत संग्रह के पोस्टर चिपका दिए थे। इससे पहले अप्रैल 2023 में ओंटेरियो प्रांत में श्री स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी और दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे थे। खालिस्तानी आतंकियों ने कनाडा के पत्रकारों तक को नहीं छोड़ा और जिस भी पत्रकार ने उनके एजेंडे पर काम नहीं किया, उस पर भी हमला कर दिया।



न्यूयार्क में रनवे पर कैटवाक करती हुई एक मॉडल।

# इटली में बैंक खातों को लेकर मचा बवाल, पीएम मेलोनी ने बना लिया मुद्दा

रोम(ईएमएस)। इटली में नेताओं, उद्योगपतियों, मशहूर हस्तियों और खिलाड़ियों के निजी बैंक खातों की जानकारी एक बैंक क्लर्क को हो गई है। इसके बाद से पूरे देश में हड़कंप मच गया है। हालांकि ये जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है इसके बाद राजनीति हो रही है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है और आरोप लगाया है कि विपक्षी दल इस पूरे मामले को उनके खिलाफ साजिश के रूप में देख रहे हैं। मेलोनी के परिवार के अन्य सदस्य, उनकी पार्टी के कई नेताओं और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की डिटेल्स भी कोविएलो द्वारा चेक की गई हैं, जिनमें रक्षा मंत्री, यूरोपीय मामलों के मंत्री और पर्यटन मंत्री शामिल हैं।

क्लर्क का नाम विन्सेन्ज़ो कोविएलो है, जो इटली के सबसे बड़े बैंक बैंका इंटेसा सैनपाओलो में काम करता था। उसने फरवरी 2022 से लेकर अब तक 6,976 खातों की जानकारी चुपके से निकाल ली। कोविएलो ने अपनी कार्रवाई का कारण बताया कि उसे यह जानने की इच्छा थी कि देश के नेता और बड़े कारोबारी कितने



अमीर हैं। उसने कहा कि वह अपने करियर से निराश था और नेताओं की बैंक डिटेल्स देखकर उसे संतुष्टि मिली। उसने इस जानकारी को कहीं नोट नहीं किया और न ही किसी से साझा किया, बल्कि यह जानकारी केवल उसके पास है। कोविएलो की बैंक में काम करने की वजह से उसे इन खातों तक आसान पहुंच थी। उसने यह जानकारी हासिल की कि कब पैसे आए, कब निकाले गए, किसके खाते में पैसे ट्रांसफर हुए, और कहां से और कहां भेजे गए।

# विवाद: बिना बताए वाशरुम गई को-पायलट को कोकपिट में आने से रोका

कोलंबो(ईएमएस)।श्रीलंकन एयरलाइंस के एक फ्लाइट में दो पायलटों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि कैप्टन ने अपनी साथी महिला को-पायलट को कॉकपिट से बाहर निकाल दिया। वजह ये थी कि को पायलट बिना बताए वाशरुम चली गई और यह सुनिश्चित नहीं कर पाई कि किसी और अटेंडेंट को कॉकपिट में जाने की अनुमति दी जाए, जो कि 'मानक संचालन प्रक्रियाओं' (एसओपी ) का उल्लंघन है। इस घटना के बाद एयरलाइन ने कैप्टन को सस्पेंड कर दिया है और मामले की जांच जारी है।

यह घटना 21 सितंबर, 2024 को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से श्रीलंका के कोलंबो के लिए उड़ान भरने वाले एयरबस ए 330 विमान में हुई। फ्लाइट के 10 घंटे की लंबी यात्रा के दौरान महिला को-पायलट को वॉशरूम जाने की जरूरत पड़ी। हालांकि, वह कॉकपिट से बाहर जाने से पहले यह सुनिश्चित नहीं कर पाई कि किसी और अटेंडेंट को कॉकपिट में जाने की अनुमति दी जाए, जो कि 'मानक संचालन प्रक्रियाओं' (एसओपी ) का उल्लंघन है। इस पर कैप्टन पायलट नाराज हो गए और दोनों पायलटों के बीच बहस शुरू हो गई।

महिला को-पायलट ने वॉशरूम जाने के बाद जब कॉकपिट का दरवाजा खटखटाया, तो कैप्टन ने उसे अंदर जाने से मना कर दिया। इसके बाद मामला बढ़ता गया और दोनों पायलटों के बीच झगड़ा सार्वजनिक हो गया। फ्लाइट के अन्य यात्री और क्रू सदस्य भी इस विवाद से अवगत हो गए। एक सीनियर फ्लाइट अटेंडेंट को इंटरकॉम के माध्यम से पायलट से संपर्क करना पड़ा और उन्हें दरवाजा खोलने के लिए समझाना पड़ा, ताकि महिला को-पायलट को अपनी सीट पर वापस आने का मौका मिल सके।

इस घटना के बाद श्रीलंका के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने मामले की जांच शुरू कर दी है। श्रीलंकन एयरलाइंस ने बयान जारी कर कहा कि एयरलाइन अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया जा रहा है और जांच पूरी होने तक कैप्टन को ग्राउंडेड कर दिया गया है।

# अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव : ओबामा ने कमला के पक्ष में की अपील, ट्रंप पर लगाया ब्लैक समुदाय की उपेक्षा का आरोप

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस का समर्थन बढ़ता जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अमेरिकियों को अपील करते हुए कहा है कि ब्लैक समुदाय के लिए बेहतर योजना केवल कमला हैरिक के पास है। जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा ही ब्लैक समुदाय की उपेक्षा की है। इसलिए सभी को ध्यान कमला हैरिस के पक्ष में मतदान करना चाहिए। ओबामा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लोगों से कमला हैरिस के पक्ष में वोट करने की अपील की। पोस्ट में ओबामा ने लिखा, कमला हैरिस के पास एक ऐसी योजना है जो अश्वेत पुरुषों और उनके परिवारों को ऊपर उठाएगी। उन्होंने अश्वेत पुरुषों को धन संचय, वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने और लागत कम करने के कई तरीके सुझाए हैं। इससे पहले, 12 अक्टूबर को ओबामा ने ब्लैक नागरिकों से आग्रह किया था कि वे कमला हैरिस के पक्ष में मतदान करें, और यह भी कहा था कि हैरिस की परवरिश भी ब्लैक समुदाय से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा,



वे आपके साथ कॉलेज में पढ़ी हैं और उनके अनुभव भी आपके समान हैं। ओबामा ने रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना भी की और कहा कि ट्रंप ने ब्लैक समुदाय के साथ उपेक्षात्मक रवैया अपनाया है। उन्होंने ट्रंप को अहंकारी, अनाड़ी और विभाजनकारी बताया और कहा, हमें चार और सालों तक ऐसे नेतृत्व की जरूरत नहीं है। अमेरिका अब एक नए पन्ने को पलटने के लिए तैयार है, एक बेहतर कहानी के लिए, जो हमें एक-दूसरे के खिलाफ जाने के बजाय साथ काम करने में मदद करे। ओबामा ने यह भी कहा कि वह आर्थिक रूप से असुरक्षित लोगों को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो कमला हैरिस को वोट देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं एक आशावादी और परिवर्तनकारी व्यक्ति हूं, इसलिए मैं समझता हूं कि लोग निराश महसूस कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि हम बेहतर कर सकते हैं। मुझे यह समझ में नहीं आता कि कोई क्यों सोचेगा कि डोनाल्ड ट्रंप चीजों को इस तरह से बदल देंगे, जो आपके लिए अच्छा होगा। इस तरह ओबामा ने कमला हैरिस के समर्थन में अपनी बात रखते



हुए ट्रंप पर तीखी आलोचना की और चुनाव में एक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई। इससे पहले उन्होंने हैरिस के समर्थन में एक चुनावी कैंपेन को संबोधित किया था, जिसमें अमेरिकी ब्लैक समुदाय से भावुक अपील की थी।

### निज्जर मामले में भारत को सहयोग करना चाहिए : अमेरिका

आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्या मामले में भारत और कनाडा की लंबे समय से तनातनी चल रही है। कनाडा ने पहले हत्या की साजिश में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। अब कनाडा कह रहा है कि इस मामले की जांच में भारत सहयोग नहीं कर रहा है। अब इस विवाद में अमेरिका की भी इंट्री हो गई है। अमेरिका ने भारत को सलाह देते हुए कहा कि जांच में भारत को सहयोग करना चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाए हैं कि भारतीय एजेंसियों ने कनाडा की धरती पर निज्जर की हत्या की साजिश रची। कनाडा के इस आरोप के बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद बढ़ गया है, और इस मामले में अमेरिका भी हस्तक्षेप कर चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा है कि भारत को इस मामले में कनाडा की जांच में सहयोग करना चाहिए। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा कि कनाडा के लगाए गए आरोपों को भारत को गंभीरता से लेना चाहिए। हालांकि, भारत ने कनाडा के इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे निराधार बताया और कहा कि उसने कोई साक्ष्य साझा नहीं किए हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने इस विवाद के बीच भारत के खिलाफ पाबंदी लगाने की संभावना भी व्यक्त की है, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में और तनाव बढ़ सकता है। भारत ने स्पष्ट किया कि कनाडा के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है और यह देश में भारतीय एजेंटों से जुड़े किसी भी अपराध से संबंधित नहीं है। इस विवाद के बीच अमेरिकी राजनीति में भी दिलचस्प मोड़ आ सकता है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जो प्रधानमंत्री ट्रूडो को बेईमान और कमजोर व्यक्ति मानते हैं, ने उनके परिवार के कास्त्रो के साथ रिश्तों को लेकर भी सवाल उठाए हैं। ट्रंप के अनुसार, ट्रूडो के परिवार का कास्त्रो से करीबी संबंध था, और इस कारण उनके आरोपों की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। अब सवाल यह है कि यदि डोनाल्ड ट्रंप फिर से राष्ट्रपति बने, तो क्या अमेरिका का कनाडा के प्रति रुख बदल जाएगा? क्या इस कूटनीतिक विवाद का असर अमेरिका और कनाडा के रिश्तों पर भी पड़ेगा?

## कनाडा पुलिस का ओटावा के सिख समुदाय से आग्रह आगे आकर जांच में सहयोग करें

ओटावा (ईएमएस)। कनाडा में हुई हिंसा के मामले में भारत सरकार का संबंध होने के आरोपों की जांच कर रहे रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के प्रमुख ने ओटावा के सिख समुदाय से आगे आकर जांच में सहयोग का अनुरोध किया है। आयुक्त माइक डुहेम ने सिख समुदाय से आग्रह किया है, अगर उनके पास कोई जानकारी है तब वे आगे आएं और आरसीएमपी की जांच में सहयोग करें।

डुहेम ने आरोप लगाया कि भारत सरकार के ''एजेंट'' ने कनाडा में हत्याओं सहित ''व्यापक'' हिंसा की घटनाओं में भूमिका निभाई थी। पुलिस अधिकारी डुहेम ने आरोप लगाया कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों और वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों का संबंध कनाडा के स्थानीय निवासियों और वहां रहने वाले लोगों के खिलाफ हत्याओं तथा ''जबरन वसूली, धमकी एवं बल पूर्वक अपराध'' जैसे कृत्यों से रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुलिस बल को महसूस हुआ कि कनाडा में काम कर रहे इस नेटवर्क को खत्म करने के लिए लोगों का खुलकर आगे आना जरूरी है।

## पन्नू मामले में लगे आरोपों का पर्दाफाश करने अमेरिका गई भारतीय टीम

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका ने खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी के शामिल होने का आरोप लगाया है। हालांकि, भारत ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है और जांच के लिए सबूत मांगे हैं। अब इस मामले में भारत ने एक जांच समिति गठित कर उसे अमेरिका भेजा है। इस समिति में भारत के डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर विक्रम मिस्त्री और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटेरिएट के अधिकारी शामिल हैं।

अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक भारतीय जांच समिति का उद्देश्य अमेरिका के आरोपों की गहराई से जांच करना और सूचनाओं का आदान-प्रदान करना है। यह समिति अमेरिकी अधिकारियों के साथ चर्चा कर सभी संबंधित जानकारी हासिल करेगी। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था।

अभियोग के मुताबिक निखिल गुप्ता ने न्यूयॉर्क में पन्नू की हत्या की साजिश रचने के लिए एक भारतीय सरकारी अधिकारी के साथ मिलकर काम किया था, लेकिन यह साजिश नाकाम हो गई थी। गुप्ता को चेक गणराज्य से गिरफ्तार किया था और बाद में उसे अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया। अमेरिका ने दावा किया कि गुप्ता ने हत्या के लिए एक हत्यारे को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने की साजिश रची थी।

## पाकिस्तान के कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म, छात्रों-पुलिस में झड़प, कई घायल

लाहौर,(ईएमएस)। पाकिस्तान के लाहौर में एक महिला कॉलेज में छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। छात्रों की यूनियन और अन्य छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इन प्रदर्शनों के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच झड़पें भी हुईं, जिसमें कई छात्र घायल हो गए हैं। वहीं, कॉलेज प्रशासन ने इस घटना को अफवाह बताते हुए इसका खंडन किया है, जबकि पुलिस ने कहा कि अब तक किसी ने इस मामले में आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड ने एक छात्रा के साथ बेसमेंट में ले जाकर दुष्कर्म किया। वीडियो के वायरल होने के बाद छात्रों ने कॉलेज प्रशासन से मामले की जांच की मांग की है। कॉलेज प्रशासन और पुलिस ने इसे अफवाह बताया और कहा कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कॉलेज के गार्ड को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी हो, तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करें। कॉलेज के डायरेक्टर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद भी घटना से संबंधित कोई सबूत नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई पुलिस थानों का भी दौरा किया, लेकिन घटना का कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया। वहीं, छात्रों में आक्रोश है और वे इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। एक छात्रा ने कहा कि कॉलेज को तुरंत बंद कर देना चाहिए और आरोपी गार्ड को सख्त सजा दी जानी चाहिए। प्रोविंसियल सरकार ने इस बीच कॉलेज को अगले आदेश तक बंद कर दिया है।

## इधर इजरायल ने गाजा-लेबनान पर की बमबारी तो वहां हिजबुल्लाह ने भी रातभर दागे रॉकेट

गाजा(ईएमएस)। इजरायल पर पलटवार करते हुए हिजबुल्लाह ने मंगलवार रात में दर्जनों मिसाइल बरसाया। इजरायल सेना आईडीएफ ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि मंगलवार की देर रात को लेबनान की ओर कम से कम 50 रॉकेट दागे गए। हालांकि, आईडीएफ ने किसी भी प्रकार के क्षति से इंकार कर दिया है। वहीं, मंगलवार को इजरायल ने भी गाजा और लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर रॉकेट दागे। लेबनान में 3 बच्चों समेत 15 लोग तो गाजा में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई। वहीं, ब्रिटेन, फ्रांस और कई यूरोपिय देशों ने लेबनान में उनके यूएन के सैनिकों के ठिकानों पर इजरायल को हमला न करने की चेतावनी जारी की है। मिडिल ईस्ट में जंग खत्म होते नहीं दिख रहा है। इजरायल फिलहाल तीन मोर्चे पर जंग लड़ रहा है- पहला हमास के साथ, दूसरा हिजबुल्लाह और तीसरा ईरान के साथ। वहीं, इजरायल के ईरान और हमास से जंग में अमेरिका का हस्तक्षेप दिखने लगा है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु और पेट्रोलियम बेस पर अटैक न करने की हिदायत दी है। तो वहीं, अमेरिका ने कहा इजरायल से कहा कि गाजा में मानवीय सहायाता के लिए आपके पास 30 दिन अन्यथा आपको हथियारों की खेप मिलनी बंद हो जाएगी. इस पर बयान जारी करते हुए इजरायल के अधिकारी ने कहा, 'इजरायल इस मामले को गंभीरता से लेता है। अपने अमेरिकी समकक्षों के द्वारा इस पत्र में उठाई गई चिंताओं को दूर करने का इरादा रखता है।"

## निक जोनस को जान का खतरा, स्टेज पर हुआ हंगामा

लंदन(ईएमएस)। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के पति और प्रसिद्ध सिंगर निक जोनस को हाल ही में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान जान का खतरा महसूस हुआ। निक, उनके भाई केविन और जो जोनस के साथ प्राग में परफॉर्म कर रहे थे, जब एक बेहद चौंकाने वाली घटना हुई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में निक जोनस स्टेज से उतरते हुए दर्शकों के बीच भागते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा गया कि निक अपने सिक्यॉरिटी गार्ड को इशारा करते हुए दर्शकों के बीच से जल्दी से बाहर निकलते हैं। इसके बाद एक अन्य क्लिप में उनके सिर और शरीर पर लाल लेजर लाइट से निशाना साधते हुए दिखाई देती है। जैसे ही निक और उनके भाई इस खतरे को भांपते हैं, वे स्टेज से भाग जाते हैं, जिसके बाद कुछ समय के लिए कॉन्सर्ट को रोकना पड़ा। हालांकि, निक और उनके भाई जल्द ही शांति पाने के बाद कॉन्सर्ट को फिर से शुरू कर दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, उस व्यक्ति को मौके से हटा लिया गया था, जिसने यह संदिग्ध गतिविधि की थी। अभी तक जोनस ब्रदर्स की ओर से इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। यह घटना उनके फैंस के बीच चिंताएं बढ़ा सकती है, लेकिन राहत की बात यह है कि निक जोनस और उनके भाइयों की कोई शारीरिक क्षति नहीं हुई।

## सिंगापुर में एक भारतीय के खाते में आ गए 16 लाख,वापस नहीं करने पर 9 हफ्ते की सजा

सिंगापुर(ईएमएस)। सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक, के खाते में गलती से 16 लाख रुपए( 25,000 सिंगापुर डॉलर) ट्रांसफर हो गए। पेरियासामी मथियाझगन ये रकम वापस करने को तैयार नहीं थे। अंततः 9 हफ्ते की उन्हे सजा सुनाई गई।यह घटना तब हुई जब एक प्लंबिंग और इंजीनियरिंग फर्म के मैनेजर ने गलती से पेरियासामी के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। पेरियासामी मथियाझगन ने अदालत में स्वीकार किया कि उसे यह पैसे उसके नहीं थे, लेकिन उसने उन्हें वापस नहीं किया। उसने इन पैसों का इस्तेमाल अपने कर्ज चुकाने और कुछ हिस्सा भारत में अपने परिवार को भेजने में किया। पुलिस ने इस मामले की जांच की और पाया कि पेरियासामी को 11 और 12 मई 2023 को चार अलग-अलग लेन-देन के जरिए पैसे दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर किए। जांच में यह भी सामने आया कि पेरियासामी को इस बात की जानकारी थी कि ये पैसे उसके नहीं थे, लेकिन उसने इसका गलत उपयोग किया।

# अपने पालतू डॉगी को ट्रेनिंग देकर आप भी बना सकते हैं स्मार्ट

**आपने कई डॉग्स को हैंड शेक करते देखा होगा। इस ट्रिक को अपने डॉग को सिखाने में थोड़ा वक्त लगता है। जब वह हैंड शेक करना सीख जाएगा, तो आपको अपने दोस्तों और परिवार के सामने अपने डॉगी के साथ हैंड शेक करना काफी गर्व फील कराएगा। अपने डॉगी को हैंड शेक सिखाने के लिए आप सबसे पहले घुटने पर बैंठे। इसके बाद हैंड शेक कहते हुए अपना हाथ आगे बढ़ाएं। अब अपने डॉग के पैर को कोहनी से उठाते हुए, अपने हाथ पर रखें। जब आप ऐसा करें, तो उसके बाद अपने डॉगी को ट्रीट दें। कम से कम एक सप्ताह तक ऐसा अभ्यास कराएं।**

पालतू डॉग को मानसिक और शारीरिक तौर पर ऐक्टिव रखने के लिए उसे ट्रेनिंग देना सबसे अच्छा आइडिया होता है। डॉग को ट्रेनिंग देने के लिए पेट ओनर को धैर्य की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। हम आपको ऐसी 5 चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिसे सिखाने के लिए आपको किसी प्रफेशनल की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि आप खुद अपने डॉग को इसकी ट्रेनिंग दे सकेंगे।

डॉग पालने वाले चाहते हैं कि उनका डॉगी भी आज्ञाकारी और स्मॉर्ट बने। जब वह उसे हाथ मिलाने को कहें, तो वह हाथ मिलाए, जब उसे मेहमानों के सामने सम्मान के लिए झुकने को कहें, तो वह झुके। अगर आप भी अपने डॉग को ऐसी ट्रेनिंग देना चाहते हैं, तो इन टिप्स को फॉलो करें।



## सम्मान में झुकना

नमस्कार करना भारतीय संस्कृति में सम्मान देना माना जाता है। आप अपने डॉग को भी दूसरों के सामने झुककर उसे नमस्कार करना सिखा सकते हैं। ज्यादातर डॉग आराम करने के लिए खुद को फैलाते हैं और स्वाभाविक रूप से झुकते हैं। ऐसे में अगली बार जब भी आप उसे इस स्थिति में पाएं तो कोई भी कमांड बोलें, जैसे झुको, नमस्ते करो। ऐसा करने पर आप उसे रिवॉर्ड के तौर पर ट्रीट दें। इस तरह की प्रैक्टिस में थोड़ा समय लगता है। कुछ दिनों बाद आपकी इस कमांड को डॉगी समझने लगेगा।

## हैंड शेक करना

आपने कई डॉग्स को हैंड शेक करते देखा होगा। इस ट्रिक को अपने डॉग को सिखाने में थोड़ा वक्त लगता है। जब वह हैंड शेक करना सीख जाएगा, तो आपको अपने दोस्तों और परिवार के सामने अपने डॉगी के साथ हैंड शेक करना काफी गर्व फील कराएगा। अपने डॉगी को हैंड शेक सिखाने के लिए आप सबसे पहले घुटने पर बैंठे। इसके बाद हैंड शेक कहते हुए अपना हाथ आगे बढ़ाएं। अब अपने डॉग के पैर को कोहनी से उठाते हुए, अपने हाथ पर रखें। जब आप ऐसा करें, तो उसके बाद अपने डॉगी को ट्रीट दें। कम से कम एक सप्ताह तक ऐसा अभ्यास कराएं और फिर आपका डॉगी हैंड शेक करना सीख जाएगा।

## हाई फाइव की ट्रेनिंग

अपने कई बार देखा होगा कि डॉग का मालिक अपने एक हाथ को थोड़ा ऊपर करता है और डॉग अपने पैर से मालिक के हाथ को टच करता है। इसे हाई फाइव कहा जाता है। अगर आप भी अपने डॉगी को हाई फाइव की ट्रिक को सिखाना चाहते हैं, तो सबसे अपने डॉग के सामने बैठें और कमांड को बोलते हुए अपने एक हाथ को थोड़ा ऊपर की तरफ करें। जैसे ही डॉग आपके हाथ के पास अपने पैर को लाए, तो उसे ट्रीट दें। इस तरह कई बार कमांड बोलते हुए इस ट्रिक की ट्रेनिंग दें। ऐसा करने में डॉग को शुरूआत में थोड़ी परेशानी हो सकती है, लेकिन इसके बाद वह हाई फाइव करना सीख जाएगा।

## जंप करना

कई डॉग अपने मालिक के कहने पर जंप करते हैं। अगर आप भी अपने डॉगी को जंप करना सिखाना चाहते हैं, तो सबसे पहले आप ट्रीट को मुट्ठी में बंद करके डॉग की नाक के पास ले जाएं। इसके बाद धीरे-धीरे अपने हाथ को ऊपर की तरफ ले जाएं और कमांड को बोलें। आपका डॉग ट्रीट को पाने के लिए जंप करने का प्रयास करेगा। जब भी वह जंप करे, तो उसे ईनाम के तौर पर ट्रीट में से कुछ हिस्सा खाने को दें।



# हार्ट अटैक और स्ट्रोक से बचा सकता है ऑलिव ऑइल

**हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों जो कुछ साल पहले तक उम्र से जुड़ी बीमारियां मानी जाती थीं वह अब 35 और 40 साल के मिडिल एज लोगों में भी तेजी से बढ़ रही है। इसके लिए हमारी गलत लाइफस्टाइल, खानपान का गलत तरीका और इनऐक्टिव लाइफस्टाइल जिम्मेदार है। ऐसे में अगर आप भी सोच रहे हैं कि कहीं आप भी हार्ट अटैक की चपेट में न आ जाएं तो आज ही एक चीज को अपनी डायट में शामिल कर लें और दिल का दौरा पड़ने के खतरे को कई गुना कम कर सकते हैं।**

## हार्ट अटैक का खतरा कम

हार्ट अटैक का खतरा कम करने वाली जिस चीज की हम बात कर रहे हैं वह है- ऑलिव ऑइल। हाल ही में हुई एक स्टडी की मानें तो हमारे खून में एक तरह का प्रोटीन होता है जो ऑलिव ऑइल जैसी अनसैच्युरेटेड फैट वाली चीजें खाते ही बढ़ने लगता है और यह साबित हो चुका है कि ऑलिव ऑइल का नियमित रूप से सेवन करने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

## खून में मौजूद प्रोटीन को बढ़ाता है ऑलिव ऑइल

हमारे खून में एक तरह का प्लाज्मा होता है जिसे अपोलिपोप्रोटीन कहते हैं और जब हम ऑलिव ऑइल का सेवन करते हैं तो उसमें मौजूद अनसैच्युरेटेज फैट अपोलिपोप्रोटीन के लेवल को बढ़ाता है जिसकी वजह से हृदय से जुड़ी सभी तरह की बीमारियों का खतरा कई गुना कम हो जाता है। जब आप ऑलिव ऑइल में पका खाना खाते हैं तो खून में मौजूद प्लेटलेट्स उत्तेजित हो जाती हैं और वे सफेद रक्त कोशिकाओं के साथ मिलने जुलने लगती हैं। इस मेल जोल से प्लेटलेट्स की हाइपरऐक्टिविटी कम होती है और इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा भी कम हो जाता है।

हालांकि ऑलिव ऑइल या इसमें पके खाने का सेवन करने के बाद सोना बेहद जरूरी है क्योंकि स्टडीज में यह बात साबित हो चुकी है कि अपोलिपोप्रोटीन रात के वक्त जब हम सो रहे होते हैं उस वक्त सबसे ज्यादा ऐक्टिव रहता है और दिल से जुड़ी बीमारियों को हर तरह से कंट्रोल करने में मदद करता है लेकिन सुबह के वक्त जब हम जाग रहे होते हैं उस वक्त अपोलिपोप्रोटीन प्रोटीन का लेवल सबसे कम रहता है। शरीर को आराम और पोषक तत्वों की जरूरत सेंट माइकल्स हॉस्पिटल कीनन रिसर्च सेंटर फॉर बायोमेडिकल साइंस में की गई इस स्टडी के नतीजे इस बात का सबूत है कि हमें अपने शरीर के बॉडी क्लॉक को समझकर शरीर को सही तरीके से आराम देने की जरूरत है। साथ ही साथ शरीर को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन की भी जरूरत ताकि हमारा शरीर बीमारियों से बचा रहे और हम बने रहें फिट और हेल्दी।

# भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य उपासक और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि संत सूरदास

**सूरदास हिन्दी के भक्तिकाल के महान कवि थे। हिन्दी साहित्य में भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य उपासक और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि महात्मा सूरदास हिंदी साहित्य के सूर्य माने जाते हैं। सूरदास जन्म से अंधे थे या नहीं, इस संबंध में विद्वानों में मतभेद है।**



महाकवि श्री सूरदास का जन्म 1478 ई में रुनकता क्षेत्र में हुआ। यह गाँव मथुरा-आगरा मार्ग के किनारे स्थित है। कुछ विद्वानों का मत है कि सूरदास का जन्म दिल्ली के पास सीही नामक स्थान पर एक निर्धन सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वह बहुत विद्वान थे, उनकी लोग आज भी चर्चा करते है। वे मथुरा के बीच गऊघाट पर आकर रहने लगे थे। सूरदास के पिता, रामदास बैरागी प्रसिद्ध गायक थे। सूरदास के जन्मांध होने के विषय में अनेक भ्रान्तिया है, प्रारंभ में सूरदास आगरा के समीप गऊघाट पर रहते थे। वहीं उनकी भेंट श्री वल्लभाचार्य से हुई और वे उनके शिष्य बन गए। वल्लभाचार्य ने उनको पुष्टिमार्ग में दीक्षित कर के कृष्णलीला के पद गाने का आदेश दिया। सूरदास की मृत्यु गोवर्धन के निकट पारसौली ग्राम में 1583 ईस्वी में हुई

सूरदास की जन्मतिथि एवं जन्मस्थान के विषय में विद्वानों में मतभेद है। "साहित्य लहरी' सूर की लिखी रचना मानी जाती है। इसमें साहित्य लहरी के रचना-काल के सम्बन्ध में निम्न पद मिलता है -

**मुनि पुनि के रस लेख।**
**दसन गौरीनन्द को लिखि सुवल संवत् पेख॥**

इसका अर्थ संवत् 1607 ईस्वी में माना गया है, अतएव "साहित्य लहरी' का रचना काल संवत् 1607 वि॰ है। इस ग्रन्थ से यह भी प्रमाण मिलता है कि सूर के गुरु श्री वल्लभाचार्य थे।

सूरदास का जन्म सं॰ 1540 ईस्वी के लगभग ठहरता है, क्योंकि वल्लभ सम्प्रदाय में ऐसी मान्यता है कि बल्लभाचार्य सूरदास से दस दिन बड़े थे और बल्लभाचार्य का जन्म उक्त संवत् की वैशाख् कृष्ण एकादशी को हुआ था। इसलिए सूरदास की जन्म-तिथि वैशाख शुक्ला पंचमी, संवत् 1535 वि॰ समीचीन जान पड़ती है। अनेक प्रमाणों के आधार पर उनका मृत्यु संवत् 1620 से 1648 ईस्वी के मध्य स्वीकार किया जाता है। रामचन्द्र शुक्ल जी के मतानुसार सूरदास का जन्म संवत् 1540 वि॰ के सन्निकट और मृत्यु संवत् 1620 ईस्वी के आसपास माना जाता है।

**श्री गुरु बल्लभ तत्त्व सुनायो लीला भेद बतायो।**

सूरदास की आयु "सूरसारावली' के अनुसार उस समय 67 वर्ष थी। 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' के आधार पर उनका जन्म रुनकता अथवा रेणु का क्षेत्र (वर्तमान जिला आगरान्तर्गत) में हुआ था। मथुरा और आगरा के बीच गऊघाट पर ये निवास करते थे। बल्लभाचार्य से इनकी भेंट वहीं पर हुई थी। "भावप्रकाश' में सूर का जन्म स्थान सीही नामक ग्राम बताया गया है। वे सारस्वत ब्राह्मण थे और जन्म के अंधे थे। "आइने अकबरी' में (संवत् 1653 ईस्वी) तथा "मुतखबुत-तवारीख" के अनुसार सूरदास को अकबर के दरबारी संगीतज्ञों में माना है।



## अष्टछाप के कवि का नाम है

सूरदास श्रीनाथ की "संस्कृतवार्ता मणिपाला", श्री हरिराय कृत "भाव-प्रकाश", श्री गोकुलनाथ की "निजवार्ता" आदि ग्रंथों के आधार पर, जन्म के अन्धे माने गए हैं। लेकिन राधा-कृष्ण के रूप सौन्दर्य का सजीव चित्रण, नाना रंगों का वर्णन, सूक्ष्म पर्यवेक्षणशीलता आदि गुणों के कारण अधिकतर वर्तमान विद्वान सूर को जन्मान्ध स्वीकार नहीं करते।

श्यामसुन्दर दास ने इस सम्बन्ध में लिखा है - "सूर वास्तव में जन्मांध नहीं थे, क्योंकि शृंगार तथा रंग-रुपादि का जो वर्णन उन्होंने किया है वैसा कोई जन्मान्ध नहीं कर सकता।" डॉक्टर हजारीप्रसाद द्विवेदी ने लिखा है - "सूरसागर के कुछ पदों से यह ध्वनि अवश्य निकलती है कि सूरदास अपने को जन्म का अंधा और कर्म का अभागा कहते हैं, पर सब समय इसके अक्षरार्थ को ही प्रधान नहीं मानना चाहिए।"

## हिंदी काव्य

(1) सूरसागर - जो सूरदास की प्रसिद्ध रचना है। जिसमें सवा लाख पद संग्रहित थे। किंतु अब सात-आठ हजार पद ही मिलते हैं।
(2) सूरसारावली
(3) साहित्य-लहरी - जिसमें उनके कूट पद संकलित हैं।
(4) नल-दमयन्ती
(5) ब्याहलो

नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित हस्तलिखित पुस्तकों की विवरण तालिका में सूरदास के 16 ग्रंथों का उल्लेख है। इनमें सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी, नल-दमयन्ती, ब्याहलो के अतिरिक्त दशमस्कंध टीका, नागलीला, भागवत्, गोवर्धन लीला, सूरपचीसी, सूरसागर सार, प्राणप्यारी, आदि ग्रंथ सम्मिलित हैं। इनमें प्रारम्भ के तीन ग्रंथ ही महत्त्वपूर्ण समझे जाते हैं, साहित्य लहरी की प्राप्त प्रति में बहुत प्रक्षिप्तांश जुड़े हुए हैं।

**साहित्य लहरी, सूरसागर, सूर की सारावली।**
**श्रीकृष्ण जी की बाल-छवि पर लेखनी अनुपम चली।।**

- सूरसागर का मुख्य वर्ण्य विषय श्री कृष्ण की लीलाओं का गान रहा है।
- सूरसारावली में कवि ने जिन कृष्ण विषयक कथात्मक और सेवा परक पदों का गान किया उन्ही के सार रूप में उन्होंने सारावली की रचना की है।
- सहित्यलहरी मैं सूर के दृष्टिकूट पद संकलित हैं।

## सूरदास की काव्यगत विशेषताएँ

1. सूरदास के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के अनुग्रह से मनुष्य को सद्गति मिल सकती है। अटल भक्ति कर्मभेद, जातिभेद, ज्ञान, योग से श्रेष्ठ है।
2. सूर ने वात्सल्य, श्रृंगार और शांत रसों को मुख्य रूप से अपनाया है। सूर ने अपनी कल्पना और प्रतिभा के सहारे कृष्ण के बाल्य-रूप का अति सुंदर, सरस, सजीव और मनोवैज्ञानिक वर्णन किया है। बालकों की चपलता, स्पर्धा, अभिलाषा, आकांक्षा का वर्णन करने में विश्व व्यापी बाल-स्वरूप का चित्रण किया है। बाल-कृष्ण की एक-एक चेष्टा के चित्रण में कवि ने कमाल की होशियारी एवं सूक्ष्म निरीक्षण का परिचय दिया है-

## मैया कबहिं बढैगी चौटी?

किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।

सूर के कृष्ण प्रेम और माधुर्य प्रतिमूर्ति है। जिसकी अभिव्यक्ति बड़ी ही स्वाभाविक और सजीव रूप में हुई है।

3. जो कोमलकांत पदावली, भावानुकूल शब्द-चयन, सार्थक अलंकार-योजना, धारावाही प्रवाह, संगीतात्मकता एवं सजीवता सूर की भाषा में है, उसे देखकर तो यही कहना पड़ता है कि सूर ने ही सर्व प्रथम ब्रजभाषा को साहित्यिक रूप दिया है।
4. सूर ने भक्ति के साथ श्रृंगार को जोड़कर उसके संयोग-वियोग पक्षों का जैसा वर्णन किया है, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है।
5. सूर ने विनय के पद भी रचे हैं, जिसमें उनकी दास्य-भावना कहीं-कहीं तुलसीदास से आगे बढ़ जाती है-

हमारे प्रभु औगुन चित न धरौ।
समदरसी है मान तुम्हारौ, सोई पार करौ।

6. सूर ने स्थान-स्थान पर कूट पद भी लिखे हैं।
7. प्रेम के स्वच्छ और मार्जित रूप का चित्रण भारतीय साहित्य में किसी और कवि ने नहीं किया है यह सूरदास की अपनी विशेषता है। वियोग के समय राधिका का जो चित्र सूरदास ने चित्रित किया है, वह इस प्रेम के योग्य है
8. सूर ने यशोदा आदि के शील, गुण आदि का सुंदर चित्रण किया है।
9. सूर का भ्रमरगीत वियोग-शृंगार का ही उत्कृष्ट ग्रंथ नहीं है, उसमें सगुण और निर्गुण का भी विवेचन हुआ है। इसमें विशेषकर उद्धव-गोपी संवादों में हास्य-व्यंग्य के अच्छे छींटें भी मिलते हैं।
10. सूर काव्य में प्रकृति-सौंदर्य का सूक्ष्म और सजीव वर्णन मिलता है।
11. सूर की कविता में पुराने आख्यानों और कथनों का उल्लेख बहुत स्थानों में मिलता है।
12. सूर के गेय पदों में हृदयस्थ भावों की बड़ी सुंदर व्यजना हुई है। उनके कृष्ण-लीला संबंधी पदों में सूर के भक्त और कवि हृदय की सुंदर झाँकी मिलती है।
13. सूर का काव्य भाव-पक्ष की दृष्टि से ही महान नहीं है, कला-पक्ष की दृष्टि से भी वह उतना ही महत्वपूर्ण है। सूर की भाषा सरल, स्वाभाविक तथा वाग्वैदिग्धपूर्ण है। अलंकार-योजना की दृष्टि से भी उनका कला-पक्ष सबल है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने सूर की कवित्व-शक्ति के बारे में लिखा है-

सूरदास जब अपने प्रिय विषय का वर्णन शुरू करते हैं तो मानो अलंकार-शास्त्र हाथ जोड़कर उनके पीछे-पीछे दौड़ा करता है। उपमाओं की बाढ़ आ जाती है, रूपकों की वर्षा होने लगती है। इस प्रकार हम देखते हैं कि सूरदास हिंदी साहित्य के महाकवि हैं, क्योंकि उन्होंने न केवल भाव और भाषा की दृष्टि से साहित्य को सुसज्जित किया, वरन् कृष्ण-काव्य की विशिष्ट परंपरा को भी जन्म दिया।



बेंगलुरु में बारिश के बीच ही मैदान पर पहुंचे भारत के विराट कोहली, बारिश के कारण भारत-न्यूजीलैंड पहले टेस्ट में बाधा आई है।

## भारत-न्यूज़ीलैंड टेस्ट- पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्दः टॉस तक नहीं हो सका, बेंगलुरु में सुबह से रुक-रुककर वर्षा होती रही

**बेंगलुरु. भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल रद्दकर दिया गया है। बेंगलुरु में बुधवार सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही। ऐसे में अंपायर्स ने ग्राउंड स्टॉफ से बात करने के बाद दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया। मौसम की वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार बेंगलुरु में अगले 4 दिन तक इसी तरह के मौसम का अनुमान है। इससे पहले कानपुर टेस्ट के शुरुआती 3 दिन बारिश से प्रभावित रहे थे।**

## माइकल ब्रैसवेल के चाचा जॉन ने दिलायी थी न्यूज़ीलैंड को अंतिम बार भारत के खिलाफ जीत

बेंगलुरु (ईएमएस)। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल के प्रदर्शन पर यहां सबकी नजरें रहेंगी। मेबमान टीम न्यूजीलैड को भारतीय धरती पर अंतिम बार जीत दिलाने में ब्रैसवेल के चाचा जॉन ब्रैसवेल की अहम भूमिका रही थी। ये मैच साल 1988 में खेला गया था। जॉन ने नंवबर 1988 में खेले गए मुंबई टेस्ट मैच में 84 रन बनाए थे और 6 विकेट भी लिए थे। तब उन्होंने पहली पारी में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 52 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। इसके बाद दूसरी पारी में नौवें नंबर पर 32 रन बनाए थे। वहीं गेंदबाजी में उन्होंने पहली पारी में 2 और दूसरी पारी में 4 विकेट लिए थे। इस मैच में कोई भी टीम 300 रन तक नहीं पहुंच पाई थी। न्यूजीलैंड ने इस मैच में पहली पारी में 236 और दूसरी पारी में 279 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टीम इसके जवाब में 234 और 145 रन ही बना पायी थी।

# डेब्यू टेस्ट में शतक बनाने वाले गुलाम ने माना, बाबर की जगह लेना आसान नहीं था

मुल्तान (ईएमएस)। बाबर आजम की जगह पाकिस्तान की टीम में शामिल बल्लेबाज कामरान गुलाम ने कहा है कि जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे थे तो उनपर दबाव था। कामरान ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां शुरु हुए दूसरे टेस्ट में शानदार शतक लगाया। पदार्पण टेस्ट में ही शतक लगाने से उत्साहित इस बल्लेबाज ने कहा कि पिछले 4 वर्षों से घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा करने के कारण ही उन्हें अवसर मिला जिसका वह लाभ उठा पाये। गुलाम के शतक से पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन 5 विकेट पर 259 रन बनाए। बाबर की जगह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए गुलाम ने 224 गेंद पर 118 रन की अच्छी पारी खेलकर अपने चयन को सही साबित किया। इसी के साथ ही गुलाम पदार्पण टेस्ट में शतक बनाने वाले 13वें पाकिस्तानी बल्लेबाज बन गए है। वह इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज हैं।

गुलाम ने कहा कि देश की ओर से खेलने का अवसर मिलने के लिए लगभग 4 साल तक मुझे इंतजार करना पड़ा। मेरे अंदर बहुत जोश था और जब भी मुझे मौका मिलता तो मैं अच्छा प्रदर्शन करने तैयार रहना चाहता था। उन्होंने कहा कि मैंने धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा का फल मुझे मिला है। गुलाम ने माना कि बाबर जैसे स्टार खिलाड़ी की जगह लेना बेहद कठिन पर था उन्होंने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया।



**डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले गुलाम को बाबर ने बधाई दी**

पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार शतक लगाने वाले बल्लेबाज कामरान गुलाम की जमकर प्रशंसा की है। गुलाम को बाबर आजम की जगह इस मैच में शामिल किया गया था। गुलाम ने इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने अच्छा खेल दिखाते हुए 224 गेंदों पर 11 चौकों और 1 छक्के की मदद से 118 रन बनाए। बाबर ने सोशल मीडिया पर गुलाम को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी औरलिखा - अच्छा खेला कामरान। कामरान ने अपने डेब्यू पर शानदार शतक लगाकर पाक टीम को पांच विकेट पर 259 के स्कोर तक पहुंचाया। इस नये बल्लेबाज ने खराब फॉर्म में चल रहे बाबर की जगह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की और इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमकण का अच्छे से सामना किया। वहीं दिन के अंत में मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा क्रमशः 37 और पांच रन बनाकर नाबाद थे। जब मेजबान टीम टॉस जीतकर 19 पर दो विकेट खोकर दबाव में थी तब कामरान ने सैम अयूब के साथ तीसरे विकेट के लिए 149 रन जोड़े जिन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 77 रन की पारी खेली और रिजवान के साथ पांचवें विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। उन्होंने स्पिनर जो रूट की गेंद पर चौका लगाकर शतक तक पहुंचने में 280 मिनट का समय लिया और अपने डेब्यू टेस्ट में शतक बनाने वाले पाकिस्तान के 12वें बल्लेबाज बन गए।

### क्यूरेटर टोनी हेमिंग को पिच बनानी नहीं आती : बासित

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने पिच क्यूरेटर टोनी हेमिंग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि उसे पिच कैसे बनानी है ये भी नहीं पता। इसी कारण हेमिंग ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ऐसी पिच तैयार की जिसपर पाक टीम को करारी हार झेलनी पड़ी। साथ ही कहा कि उसे भारतीय पिच क्यूरेटर से सीखना चाहिये कि कैसे अपनी टीम के अनुरुप पिचें बनायीं जाती हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में ही मेजबान पाक टीम मेहमान टीम के सामने टिक नहीं पायी। उसे एक पारी और 47 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। पिच स्पिनरों के लिए आरामदायक नहीं पायी गयी। इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर दोनों पारियों में केवल एक विकेट ले पाये। वहीं पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद ने 35 ओवर में 4.97 की इकॉनमी से 174 रन दिये और बीमार होने के बाद अस्पताल में इलाज करवाने से पहले एक भी विकेट नहीं ले पाए। सैम अयूब और समलान अली आगा ने विकेट लिए पर काफी अधिक रन दे दिये।

बासित ने कहा कि अपने अनुभव के बावजूद हेमिंग पिच तैयार करने में सफल नहीं रहे। बासित ने कहा, हमने पहले टेस्ट मैच में सोचा था कि गेंद दूसरे दिन स्पिन करेगी पर पांचवें दिन भी ऐसा नहीं हुआ। क्यूरेटर ऑस्ट्रेलिया से है और वह आईसीसी का भी हिस्सा रहा है। लेकिन उसे नहीं पता कि पिच कैसे तैयार की जाती है। उन्होंने कहा, अब खिलाड़ी इसी पिच पर खेलेंगे, इस उम्मीद में कि गेंद घूमेगी। ऐसे क्यूरेटर को नियुक्त करने का क्या मतलब है जो पिच बनाना नहीं जानता? यह बहुत सवाल सवाल है। पूरी दुनिया हमारा मजाक उड़ा रही है।

# ऋषभ, जुरेल और जितेश से मेरी प्रति प्रतिस्पर्धा नहीं : सैमसन

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा है कि उनकी ऋषभ पंत से कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सैमसन के अनुसार उनकी ऋषभ, ध्रुव जुरेल और जितेश शर्मा सभी से अच्छी दोस्ती है क्योंकि उन्होंने काफी समय साथ खेला है। ऐसे में जिसे भी अवसर मिलता है वह टीम की ओर से बेहतर योगदान देने का प्रयास करता है। भारतीय टीम में आज विकेटकीपिंग के कई विकल्प मौजूद हैं। जिससे चयन कठिन हो गया है। टेस्ट मैच के लिए विकेटकीपिंग में ऋषभ पहली पसंद रहते हहैं, उनके बाद ध्रुव जुरेल हैं। वहीं एकदिवसीय में केएल राहुल और संजू सैमसन का मुकाबला ऋषभ से है जबकि जितेश शर्मा टी20ई में ऋषभ और सैमसन को टक्कर देते दिखते हैं। सैमसन को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20ई सीरीज के में जगह मिली थी। उन्होंने इस अवसर का लाभ उठाया और तीसरे और आखिरी मैच में न सिर्फ शतक लगाया बल्कि टीम में अपनी जगह भी पक्की कर ली। उन्होंने स्वीकार किया कि वह



दबाव में थे, क्योंकि टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए कई अन्य विकल्प थे।

सैमसन ने कहा कि हमारा काम अवसर का इंतजार करना और प्लेइंग इलेवन में चुने जाने पर अपना सर्वश्रेष्ठ देना है। दबाव हमेशा रहता है, लेकिन जब विकेटकीपिंग स्लॉट की बात आती है तो हम उस तरह से नहीं देखते हैं। ऋषभ , ध्रुव और जितेश मुझे लंबे समय से जानते हैं और मैंने उनके साथ काफी क्रिकेट खेला है। हम खुद को प्रतिस्पर्धी के रूप में नहीं देखते हैं और हम हमेशा एक-दूसरे की सफलता का आनंद लेते हैं। आख़िरकार, हम अपने देश के लिए खेल रहे हैं, और जब भी हममें से किसी को टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले तो हमें जीत में योगदान देना चाहिए। सैमसन ने बीते दिनों हैदराबाद टी20 में 40 गेंदों पर शतक लगाया था। वह ऐसे करने वाली दूसरे सबसे तेज भारतीय बन गए हैं। मैच के बाद सैमसन ने अपनी रणनीति पर बात करते हुए कहा था कि लय पाने के लिए वह राजस्थान रॉयल्स अकादमी गए थे। वहां नई गेंद के गेंदबाजों के खिलाफ जमकर अभ्यास किया। इससे उन्हें मदद मिली। सैमसन ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इस श्रृंखला में किसी भी अन्य श्रृंखला की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक तैयार होकर आया था। सैमसन ने कहा कि अपनी भूमिका को लेकर स्पष्टता से उन्हें अपने खेल को लेकर अधिक जागरूकता हासिल करने में मदद मिली।

# टी20 महिला विश्वकप : इंग्लैंड को हराया सेमीफाइनल में पहुंची वेस्टइंडीज

दुबई (ईएमएस)। वेस्टइंडीज की टीम टी20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। वेस्टइंडीज ने ग्रुप बी के अंतिम मैच में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। इस हार के साथ ही इंग्लैड की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। वहीं ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका की टीम बेहतर नेट रन रेट से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गयी है। इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 141 रन बना पायी। इसके बाद वेस्टइंडीज ने दो ओवर पहले ही चार विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज की ओर से किआना जोसेफ ने 38 गेंद में 52 और कप्तान हेली मैथ्यूज ने 38 गेंद में 50 रन बनाये। दोनों ने ही पहले विकेट के लिए 102 रन की शतकीय साझेदारी बनायी। वेस्टइंडीज की टीम एक दशक बाद इंग्लैंड से जीती है। इससे पहले उसने अंतिम बार इंग्लैंड को साल 2012 में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हराया था। अब 12 साल बाद एक बार फिर से वेस्टइंडीज जीती है। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की ओर से माइया बाउचियर ने 14 और डेनिएल व्याट-हॉज ने 16 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की पर इस जोड़ी के आउट होने के बाद हालात बदल गये। एलिस केवल मात्र 1 रन बनाकर रन पेवेलियन लौट गई। इसके बाद नेट साइवर ब्रंट ने कप्तान हीथर नाइट के साथ मिलकर इंग्लैंड टीम का स्कोर बढ़ाया। नेट ने 57 रन बनाकर स्कोर 141 तक पहुंचाया। वहीं कप्तान हीथर ने 21 रनों की पारी खेली। वहीं वेस्टइंडीज की ओर से फ्लेचर ने 21 रन देकर 3 जबकि हैले मैथ्यूज ने 2 विकेट लिए। इंग्लैंड के जवाब में वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान हेले मैथ्यूज और कियाना जोसेफ ने अच्छी शुरूआत की। दोनों ने ही अर्धशतक लगाये और पहले विकेट के लिए 13 ओवर के अंदर ही 102 रन बना दिये। हैले ने 50 जबकि कियाना ने 52 रन बनाए। डॉटिन ने अंत में तेजी से खेलते हुए 19 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर टीम को 18 ओवर में ही जीत दिला दी। वेस्टइंडीज की टीम की खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में पहुंचने पर खुशी जतायी है।

## मेसी की हैट्रिक से अर्जेंटीना ने विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6-0 से हराया

ब्यूनस आयर्स (ईएमएस)। स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी की शानदार हैट्रिक से अर्जेंटीना ने विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6-0 से हराया। इससे मेसी के प्रशंसकों का जश्न शुरु हो गया। मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में अपनी टीम की ओर से गोल दागे। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी की पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के गोलों में भी अहम भूमिका निभाई। विश्व क्वालीफाइंग मैच के अन्य मुकाबलों में ब्राजील ने पेरू को 4-0 से हरा दिया। इससे ब्राजील 16 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में 22 अंक लेकर नंबर एक पर है। उससे तीन अंक पीछे कोलंबिया है। इसमें से शीर्ष छह टीमें अगले साल होने वाले विश्व कप में उतरेंगी। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मुकाबले नवंबर में खेले जाएंगे। पुर्तगाल को स्कॉटलैंड ने गोलरहित ड्रॉ पर रोका, रोनाल्डो विफल रहे वहीं दूसरी ओर नेशंस लीग में पुर्तगाल को स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया।

# मिताली ने महिला टीम के साथ ही कप्तान पर भी उठाये सवाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने आईसीसी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के बाहर होने के बाद टीम के साथ ही कप्तान हरमनप्रीत कौर पर भी सवाल उठाये हैं। भारतीय टीम पहले ही दौर से बाहर हो गई थी। मिताली ने कहा कि अब हरमनप्रीत कौर की जगह टीम की कप्तानी किसी युवा के हाथों में दिये जाने का समय आ गया है। पूर्व कप्तान ने भारतीय टीम की हार का कारण खराब फील्डिंग को भी बताया। साथ ही कहा कि जेमिमा रोड्रिग्ज और राधा यादव के अलावा सभी खिलाड़ियों की फील्डिंग कमजोर रही। उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह काफी निराशाजनक था कि जेमिमा और राधा के अलावा किसी की फील्डिंग में प्रयास नहीं किये। इसके अलावा टी की फिटनेस भी स्तर के अनुरुप नहीं दिखी।'' साथ ही कहा कि अगर चयनकर्ताओं को टीम की कप्तानी मे बदलाव की जरुरत लगती है तो उन्हें शीघ्र ही ऐसा करना चाहिये। अगला विश्व कप काफी करीब है ऐसे में टीम में अभी से सुधार की जरुरत है। उन्होंने किसी युवा खिलाड़ी को टीम की कप्तान बनाने की बात कही है। मिताली ने कहा, ''अगर चयनकर्ता बदलाव का फैसला करते हैं तो मैं एक युवा कप्तान चाहूंगी। अगर अभी नहीं कर रहे तो फिर उन्हें अगले विश्व कप के बाद ही ऐसा करने के बारे में सोचना चाहिये।'' उन्होंने कहा, ''स्मृति लंबे समय से उप-कप्तान रही हैं पर मुझे लगता है कि जेमिमा कप्तानी के लिए अधिक बेहतर रहेंगी। इसका कारण है कि वह अभी युवा हैं और लंबे समय तक टीम की कप्तानी कर सकती हैं। ''

# मयंक ओर नितीश को शीघ्र ही टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का अवसर मिलेगा : रोहित

बेंगलुरु (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आने वाले समय में तेज गेंदबाज मयंक यादव और ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को भी टेस्ट पदार्पण का अवसर मिलेगा। मयंक और नितीश दोनों ही बांग्लादेश के खिलाप हाल ही में संपन्न तीन मैचों की सीरीज में भारत की टी20 टीम में शामिल थे ओर इसमें इन दोनो का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। दूसरे टी20 मैच में नितीश ने 34 गेंदों पर 74 रन बनाकर प्रभावित किया। इसमें 3 विकेट भी शामिल थे।

वहीं मयंक ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए तीन मैचों में सात से कम की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए। इन दोनों को प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। रोहित ने कहा कि, मैं समझता हूं कि इन दोनो ने ही अब तक बहुत अधिक नहीं खेला है। हम बेंच स्ट्रेंथ बनाना चाहते हैं। अगर हम किसी को जल्दी से जल्दी टीम में



चाहते हैं। ऐसे में अगर कोई चोटिल हो जाता है तो हम चाहते हैं कि वे आगे आएं। उनके आस-पास होना, उनसे बात करना और ये देखना अच्छा है कि वे टेस्ट क्रिकेट को कैसे देखते हैं। इस प्रकार उन्हें धीरे-धीरे तैयार करना बेहतर होगा। इस साल के आईपीएल में नितीश और मयंक ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। सनराइजर्स के लिए नितीश ने शानदार बल्लेबाजी की जबकि मयंक ने लखनऊ सुपरजायंटस की ओर से अपनी रिकार्ड तेज गति से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

### रोहित नीलामी में उतरे तो कई टीमें लगाएंगी बोली : हरभजन

पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि अगर वह आईपीएल 2025 सत्र के लिए नीलामी में शामिल होते हैं तो नीलामी का आकर्षक और बढ़ जाएगा। रोहित को मुम्बई इंडियंस ने 2024 आईपीएल सत्र में कप्तानी से हटा दिया था। ऐसे में माना जा रहा है कि वह इस बार नीलामी में उतर सकते हैं। टीम को 5 बार खिताब जिताने के बाद भी जिस प्रकार उन्हें हटाया गया उससे रोहित नाराज माने जा रहे हैं। हरभजन ने कहा कि अगर रोहित नीलामी के लिए अपना नाम देते हैं तो फ्रेंचाइजी को उनके लिए बोली लगाते देखना एक अच्छा अनुभव होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि मुंबई इंडियंस उन्हें रिटेन करती है या नहीं। अगर वह नीलामी पूल में प्रवेश करते हैं, तो वह बोली को विशेष बना देंगे, क्योंकि बहुत सी टीमें उनके नाम पर बोली लगाएंगी। मुम्बई के साथ तीन आईपीएल खिताब जीतने वाले भज्जी ने रोहित की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट बचा है। उन्होंने कहा कि रोहित एक नेता और खिलाड़ी के रूप में काफी अच्छे हैं। वह एक उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेटर और एक मैच विजेता हैं। ऐसे में अगर रोहित नीलामी में उतरते हैं तो उन्हें मोटी रकम मिलेगी। नीलामी देखना रोमांचक होगा। रोहित को एक दशक पहले साल 2013 सत्र के बीच में मुंबई ने कप्तान बनाया तब रिकी पोंटिंग ने अपना पद छोड़ दिया था। रोहित ने पूरी तरह से फ्रेंचाइजी की किस्मत बदल दी और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल कप्तानों में से एक बन गए। इस बीच, उन्होंने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को सफलता दिलाई। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई उन्हें 18वें सीजन से पहले रिलीज करता है या नहीं।

### शमी का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना संभव नजर नहीं आता : रोहित

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में खेलने की संभवानांए नहीं है। शमी साल 2023 एकदिवसीय विश्वकप में लगी टखने की चोट के बाद से ही परेशान हैं। रोहित ने बताया कि शमी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में खेल पायेंगे या नहीं इस बारे में अभी कहा नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा , ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए उन पर फैसला करना कठिन होगा। उन्हें चोट लगी थी और उनके घुटनों में सूजन आ गई थी। इससे उनकी स्थिति थोड़ी खराब हो गई और उन्हें फिर से शुरुआत करनी पड़ी। वह डॉक्टरों और फिजियो के साथ अभी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अभ्यास कर रहे हैं। रोहित ने कहा, हम पूरी तरह से फिट नहीं हुए शमी को ऑस्ट्रेलिया नहीं ले जाना चाहेंगे। शमी ने नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। उन्हें दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के दो टेस्ट मैचों के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया था, फिटनेस स्वीकृति मिलने तक।

## महिला टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में आज ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा मुकाबला

दुबई (ईएमएस)। आईसीसी महिला टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल के लिए चार टीमें तय हो गयी हैं। इसमें सेमीफाइनल मुकाबलों की शुरुआत गुरुवार 17 अक्टूबर से होगी। इसमें पहला सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। इसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप ए में थी जबकि दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला 17 अक्टूबर को खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया की टीम लीग स्टेज में अपने चारों मैच जीतकर अंक तालिका में पहले स्थान पर रही थी। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने चार में से अपने तीन मुकाबलों को जीता था और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं दूसरा सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला जाएगा। ये मैच 18 अक्टूबर को शारजाह क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। इसमें न्यूजीलैंड की टीम ने ग्रुप ए में चार में से अपने तीन मैच जीते थे। वह 6 अंक लेकर ऑस्ट्रेलिया के बाद वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप बी की टॉप टीम है। वेस्टइंडीज ने भी अपने चार में से तीन मैच जीते थे, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण अंक तालिका में वह दक्षिया अफ्रीका के बराबर अंक होते हुए वह पहले स्थान पर रही। सेमीफाइनल में जीतने वाली टीम रविवार, 20 अक्टूबर को खेले जाने वाले फाइनल में पहुंचेगी। फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

## पीएसएल में कामरान को राउफ के मारे थप्पड़ का विडियो सामने आया

मुल्तान (ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ मुल्तान में शुरु हुए दूसरे टेस्ट में पदर्पण के साथ ही शतक लगाने वाले बल्लेबाज कामरान गुलाम को एक बार तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने एकबार थप्पड़ मारा था। इसका एक वीडियो अब आया है। साल 2022 में पेशावर जाल्मी और लाहौर कलंदर्स के बीच पीएसएल मैच में हुई इस घटना का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राउफ, विकेट लेने के बाद लाहौर कलंदर्स में अपने साथी खिलाड़ी रहे गुलाम को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि यह टीम के जश्न का हिस्सा लग रहा था। तब गुलाम ने भी हंसते हुए इसे हल्का बनाने की कोशिश की। रऊफ के हाव-भाव और थप्पड़ की तेजी पर लोगों ने तब सवाल उठाये थे। ने वहीं कमरन को बाबर आजम की जगह टीम में जगह मिली है। इस बल्लेबाज ने कहा कि उसपर अच्छा प्रदर्शन करने का बहुत दबाव था। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों से घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन का ये फल है। गुलाम ने शतक यहां एक मुश्किल विकेट पर आया जिससे पाकिस्तान ने पहले दिन 5 विकेट पर 259 रन बनाए। गुलाम ने 224 गेंदों पर 118 रन की पारी खेली।

## एनसीएल विजेता शिकागो को ट्रॉफी देकर उत्साहित हुए सचिन, अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल बताया

डलास (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अमेरिका में हुई राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप (एनसीएल) की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। सचिन से ट्रॉफी प्राप्त करना शिकागो क्रिकेट क्लब के लिए एक यादगार पल बना है। शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में खेले गये इस मैच के फाइनल में अटलांटा क्रिकेट क्लब को हराकर खिताब अपने नाम किया। तेंदुलकर ने शिकागो टीम के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी सौंपी। उन्होंने दर्शकों से मुलाकात कर उनसे हाथ मिलाया और तस्वीरें भी खिंचवाई। इस अवसर पर इस महान बल्लेबाज ने कहा, 'क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और आज मैं यहां क्रिकेट के कारण ही हूं। डलास में फाइनल और विजेता को ट्रॉफी देकर बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य आने वाले समय में और भी बेहतर होगा।

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहुंचकर पुरानी यादों में खोये राहुल

बेंगलुरु (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आये भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल पुरानी यादों में खो गये। ये राहुल का घरेलू मैदान रहा है। राहुल ने इस मैदान पर पहली बार 11 साल की उम्र में खेला था। वहीं अब वह भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल हैं। राहुल ने बीसीसीआई के सोशल मीडिया में आये एक वीडियो में कहा कि आपके घरेलू मैदान पर जहां आप बड़े हुए और आपने बहुत सारा क्रिकेट खेला हो वहां वापस आना एक विशेष अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि जब मैंने यहां पहला मैच खेला था तब मैं साढ़े 11 साल का था। मैं अब 32 साल का हूं और इसलिए बहुत कुछ बदल गया है। एक 11 साल का लड़का जो पहली बार यहां आया था और उसने एक मैच खेला था, वो अहसास आज भी नहीं बदला है। इतने वर्षों के बाद भी मुझे वो एहसास याद है। इसके अलावा उन्होंने उन दिनों को याद किया जब वह स्टेडियम में क्लब हाउस कैंटीन में डोसा और कॉफी पीते थे। राहुल यहां अपना तीसरा टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यहां मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में 90 और 51 रन बनाए थे। इसके एक साल बाद अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 54 रन बनाए थे। उन्होंने कहा कि जब आप ड्रेसिंग रूम बाहर निकल कर मैदान की तरफ आते है तो बहुत सारी भावनाएं और बहुत सारी यादें ताजा हो जाती हैं। दो मिनट में आप पूरी तीन घंटे की फिल्म देख लेते हैं और आपके दिमाग में उस समय के अतीत और जब मैंने यहां पहली बार खेला था तब की यादें ताजा होने लगती है।

## श्रीलंका के निसंका एक ओवर में छह चौके लगाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल

दांबुला (ईएमएस)। श्रीलंका के बल्लेबाज पथुम निसंका एक ओवर में छह चौके मारने वाले विश्व के 7वें बल्लेबाज बन गये हैं। निसंका ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में ये विश्व रिकॉर्ड बनाया। निशंका ने मैच के चौथे ही ओवर मेहमान टीम वेस्टइंडीज के गेंदबाज शमर जोसेफ के एक ओवर में ही 6 चौके लगाकर ये रिकार्ड अपने नाम किय। इससे पहले एक ही ओवर में छह चौके मारने वाले खिलाड़ी हैं। संदीप पाटिल : भारत के संदीप पाटिल ने इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले के दौरान सबसे पहले छह चौके मारने का ये रिकार्ड बनाया था। वहीं आईपीएल में राजस्थान के लिए खेलते हुए भारत के ही आजिंक्य रहाणे ने आरसीबी के गेंदबाज श्रीनाथ अरविंदर के खिलाफ 6 चौके मारे थे। इसके अलावा श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने एकदिवसीय विश्व कप 2015 में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल जॉनसन के एक ही ओवर में ओवर में 6 चौके लगाये थे। वेस्टइंडीज के रामनरेश सरवरण ने भारत के गेंदबाज मुनाफ पटेल के एक ओवर में 6 चौके लगाए थे जबकि वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने भी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मुकाबले के दौरान मैथ्यूज होगार्ड की गेंद पर 6 चौके लगाए थे। पृथ्वी शॉ ने आईपीएल में दिल्ली की ओर से खेलते हुए केकेआर के शिवम मावी के खिलाफ ये अहम रिकॉर्ड बनाया था।

## एचआईएल नीलामी में सबसे महंगी बिकी उदिता , विदेशी खिलाड़ियों में यानसेन

नई दिल्ली (ईएमएस)। हॉकी इंडिया महिला लीग (एचआईएल) के लिए हुई नीलामी में युवा डिफेंडर खिलाड़ी उदिता दुहान, वहीं विदेश खिलाड़ियों में नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन सबसे महंगी बिकी। नीलामी में सभी देशी और विदेशी खिलाड़ियों को अच्छी खासी रकम मिली। उदिता को श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने नीलामी में 32 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा जबकि नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रुपए में खरीदा, यानसेन नीलामी में सबसे महंगे दामों पर बिकने वाली विदेशी खिलाड़ी हैं। भारत की लालरेम्सियामी (बंगाल टाइगर्स, 25 लाख), सुनेलिटा टोप्पो (दिल्ली एसजी पाइपर्स, 24 लाख), संगीता कुमारी (दिल्ली एसजी पाइपर्स, 22 लाख) पर भी अच्छी बोलियां लगी। विदेशी खिलाड़ियों की बात करें तो बेल्जियम की चार्लोट एंजेलबर्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख) , जर्मनी की चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख) और आस्ट्रेलिया की जेसलिन बार्टरम (ओडिशा वारियर्स 15 लाख) अच्छे दाम पर बिकीं। अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को बंगाल टाइगर्स ने 10.5 लाख रुपए में खरीदा। भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे (20 लाख), इशिका चौधरी (16 लाख) और नेहा गोयल (10 लाख) को ओडिशा वारियर्स ने खरीदा। पूर्व कप्तान सविता (20 लाख), शर्मिला देवी (10 लाख) और निक्की प्रधान (12 लाख) को सूरमा हॉकी क्लब ने खरीदा।

# सिन्नर थर्मल पावर प्लांट खरीदने की दौड़ में अदाणी, जिन्दल पावर शामिल, दो सरकारी कंपनियों ने भी बोली लगाई

भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट बिजली कंपनी अदाणी पावर लिमिटेड ने जिन्दल पावर लिमिटेड, वेदांता ग्रुप, ओडिशा मेटलिक्स और वीएफएसआई होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर 1,350 मेगावाट के सिन्नर थर्मल पावर प्लांट को खरीदने के लिए बोली लगाई है। यह प्लांट महाराष्ट्र के नासिक के पास स्थित है। इसके साथ ही, दो सरकारी कंपनियां महाजेनको और एनटीपीसी ने भी इस प्लांट के लिए संयुक्त रूप से बोली लगाई है। यह जानकारी द इकोनॉमिक टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से दी है।



सिन्नर थर्मल पावर प्लांट फिलहाल रत्तनइंडिया पावर के स्वामित्व में है। इसे पहले इंडियाबुल्स पावर ने विकसित किया था। सितंबर 2022 में इस प्लांट को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल द्वारा कॉरपोरेट दिवालियापन प्रक्रिया में शामिल किया गया था। जनवरी 2023 में शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी की याचिका के बाद इसे दिवालियापन की प्रक्रिया में डाला गया, जिसमें प्लांट निर्माण से जुड़ी बकाया राशि के भुगतान की मांग की गई थी। इस महीने की शुरुआत में प्लांट के लिए छह समाधान योजनाएं प्रस्तुत की गई हैं, जिनकी जांच अभी चल रही है। इन बोलियों का मूल्य अभी तय नहीं हुआ है, क्योंकि समाधान पेशेवर और लेनदारों के बीच बातचीत जारी है। सभी बोलीदाताओं ने अपनी प्रारंभिक योजनाओं के साथ 10 करोड़ रुपये की जमा राशि भी दी है।

प्लांट के प्रमुख लेनदारों में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन पर 6,553 करोड़ रुपये और इसकी सहायक कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन पर 5,262 करोड़ रुपये का बकाया है। कुल बकाया राशि 15,909 करोड़ रुपये है, जिसमें पंजाब नेशनल बैंक, एक्सिस बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और जीवन बीमा निगम भी शामिल हैं। यह प्लांट सिन्नर विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) में स्थित है, जो नासिक से लगभग 50 किलोमीटर और एक राष्ट्रीय राजमार्ग से 4 किलोमीटर की दूरी पर है।

सिन्नर थर्मल पावर प्लांट के आसपास 1,600 एकड़ जमीन होने से नए मालिक के पास प्लांट की क्षमता को 1,350 मेगावाट और बढ़ाने की संभावना है। हालांकि, जमीन विवाद, कोयले की सप्लाई की समस्या और बिजली खरीद समझौते की कमी के कारण प्लांट का मूल्यांकन जटिल हो सकता है। द इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, एक सूत्र ने बताया कि प्लांट के पास रेलवे लाइन की सुविधा नहीं है और जमीन से जुड़े विवाद भी हैं। 150 से 200 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन बनाने में सैकड़ों करोड़ रुपये का खर्च आएगा, जिसे खरीदार को ध्यान में रखना होगा। फिलहाल, प्लांट की केवल 270 मेगावाट की एक यूनिट चल रही है, जबकि बाकी यूनिट्स कभी-कभी काम करती हैं। महाजेनको और एनटीपीसी की संयुक्त बोली मजबूत मानी जा रही है, क्योंकि वे मौजूदा सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। खासकर, महाजेनको का नागपुर के पास 2,190 मेगावाट का कोराडी पावर प्लांट सिन्नर प्लांट के लिए कोयले की सप्लाई कर सकता है। महाजेनको, जिसकी 13,000 मेगावाट से ज्यादा की क्षमता है, भारत की सबसे बड़ी राज्य सरकार की बिजली उत्पादक कंपनी है।

दिसंबर 2022 में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने प्लांट के कोयला अनुबंध को रद्द कर दिया था, तब से कोयले की सप्लाई यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इसके पीछे कारण PPA की कमी और प्लांट का आंशिक रूप से चालू होना था।

## टाटा संस हुई कर्ज मुक्त, नए उद्यमों में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** 18 साल में पहली बार टाटा संस शुद्ध आधार पर कर्ज मुक्त कंपनी बनी है। टाटा समूह की मुख्य होल्डिंग कंपनी टाटा संस पर वित्त वर्ष 2023 के आखिर में 22,176 करोड़ रुपए का कर्ज था जो मार्च 2024 में घटकर 363.2 करोड़ रुपए रह गया था। वित्त वर्ष 2024 के आखिर में टाटा संस के पास 3,042 करोड़ रुपए की नकदी और समतुल्य राशि थी, जो इससे एक साल पहले 1,534 करोड़ रुपए थी। कंपनी पर कर्ज खत्म होने के बाद 2,679.2 करोड़ रुपए की नकदी बचेगी। मार्च 2020 के आखिर में टाटा संस पर सबसे ज्यादा 31,603 करोड़ रुपए का कर्ज था और उसका शुद्ध कर्ज एवं इक्विटी का अनुपात 0.56 गुना था।




कर्ज-मुक्त बैलेंस शीट और समूह की सूचीबद्ध कंपनियों जैसे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स, टाइटन और टाटा कंज्यूमर से ज्यादा लाभांश मिलने से टाटा संस को नए उद्यमों में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे पहले वित्त 2006 में टाटा संस शुद्ध आधार पर कर्ज मुक्त हुई थी। उसके बाद विदेशी में कई बड़े अधिग्रहण किए गए थे, जिसने समूह को पूरी तरह से बदल दिया। टाटा संस की बैलेंस शीट और विभिन्न उद्यमों में इसके पूंजी निवेश की रफ्तार में संबंध दिखता है।

वित्त वर्ष 2005-06 से 2014-15 के दौरान जब टाटा संस की बैलेंस शीट मजबूत थी तब उसने कई सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध उद्यमों में निवेश किया था। दिलचस्प बात यह है कि टाटा स्टील ने अक्टूबर 2006 में कोरस समूह के लिए 8.1 अरब डॉलर की बोली लगाई थी और 12.1 अरब डॉलर की प्रतिस्पर्धी बोली लगाकर ब्रिटेन की इस कंपनी का अधिग्रहण किया था। टाटा मोटर्स ने जनवरी 2008 में ब्रिटेन की लक्जरी कार विनिर्माता जगुवार लैंड रोवर को 2.3 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया था। 2006 के बाद की अवधि में टाटा केमिकल्स, इंडियन होटल्स और टाटा ग्लोबल बेवरिजेज ने भी विदेश में कई बड़े सौदे किए थे। टाटा समूह की कंपनियों ने अपने संसाधनों और कर्ज के जरिये इन अधिग्रहण सौदों को पूरा किया था। टाटा संस इन सौदों में परोक्ष रूप से शामिल थी और संबंधित कंपनियों को अतिरिक्त इक्विटी पूंजी मुहैया कराई थी जिससे वे बड़ा कर्ज जुटा सके।

## सरकार ने 8 जरूरी दवाओं की कीमतें 50% बढ़ाईः इनमें अस्थमा, टीबी जैसी बीमारियों के दवा शामिल

**नई दिल्लीः** नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ने 8 शेड्यूल दवाओं की मैक्सिमम प्राइस को बढ़ाने का फैसला किया है। इन दवाओं का इस्तेमाल अस्थमा, टीबी, ग्लूकोमा के साथ कई अन्य बीमारियों को ठीक करने के लिए किया जाता है। हेल्थ एंड फैमिली अफेयर मिनिस्ट्री ने बताया कि एनपीपीए ने आठ दवाओं के ग्यारह शेड्यूल्ड फॉर्मूलेशन की अधिकतम कीमतों में उनकी मौजूदा मैक्सिमम प्राइसेस से 50% तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इससे पहले एनपीपीए ने 2019 और 2020 में 21 और 9 फॉर्मुलेशन दवाओं की कीमतों को 50% बढ़ाने का फैसला किया था।



### इन दवाओं और फॉर्मूलेशन की कीमतों को सरकार ने रिवाइज किया है...

- स्लो-हर्ट रेट के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एट्रोपिन इंजेक्शन (0.6 mg/ml)
- टीबी के उपचार के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला इंजेक्शन पाउडर स्ट्रेप्टोमाइसिन (750mg और 1000mg फॉर्मूलेशन)
- अस्थमा की दवा साल्बुटामॉल की 2mg और 4mg की गोलियों और 5mg/ml की रेस्पिरेटर
- ग्लूकोमा के उपचार में इस्तेमाल होने वाला पिलोकार्पिन 2% ड्रॉप
- यूरिन ट्रैक्ट इन्फेक्शन के उपचार के लिए इस्तेमाल होने वाला सेफैड्रोक्सिल टैबलेट 500mg
- थैलेसीमिया के उपचार के लिए डेफेरोक्सामाइन 500mg इंजेक्शन और 300mg की लिथियम टैबलेट।

### सरकार बोली- दवा निर्माताओं के आवेदन पर फैसला

सरकार ने इन दवाओं की मैक्सिमम प्राइस में बढ़ोतरी पर कहा कि नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) को इन दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए मैन्यूफैक्चरर्स की ओर से लगातार आवेदन मिल रहे थे। दवा कंपनियों की ओर से एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रेडिएंट्स की कीमतों में बढ़ोतरी से दवाओं की लागत में बढ़ोतरी और एक्सचेंज रेट में बदलाव का हवाला दिया गया था। मंत्रालय ने बताया कि कंपनियों ने कुछ दवाओं के अवेलेबिलिटी नहीं होने के चलते उन्हें बंद करने के लिए भी आवेदन दिया है। इसमें से अधिकतर दवाएं सस्ती हैं और देश के पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम्स के लिए फर्स्ट-लाइन उपचार के लिए उपयोग की जाती हैं।

## लॉफिंग ज़ोन

नौकर ने घबराए हुए लहजे से मालकिन से कहा, 'मालकिन गजब हो गया। अभी-अभी एक आदमी ने मालिक को एक कागज और एक पैकेट ला कर दिया। उसे देखते ही मालिक बेहोश हो गए और अभी तक होश में नहीं आए।'

मालकिन (खुश होकर), 'अच्छा, मालूम होता है जौहरी वह हार बनाकर दे गया है जिसका आर्डर मैंने पिछले हफ्ते दिया था।'

□ □ □

अमित, 'सुमित अपने बर्थडे पर तुम्हें कौन-सा गिफ्ट सबसे ज्यादा पसंद आया?'

सुमित, 'बाजा।'

अमित, 'क्यों?'

सुमित, 'क्योंकि उसे न बजाने के लिए पापा मुझे रोज पांच रूपये देते हैं।'

□ □ □

हाथी और चीटी के बच्चे में दोस्ती हो गई। दोनों खेल रहे थे कि हाथी का बच्चा परेशान हो गया।

चींटी के बच्चे ने पूछा, 'क्या बात है तुम बड़े परेशान दिखाई देते हो?'

हाथी का बच्चा बोला, ' मेरे पापा आ गए है।

चींटी का बच्चा बोला, 'तो इसमें परेशान होने की क्या बात है तुम मेरे पीछे छुप जाओ।'

□ □ □

## आज का इतिहास

1793 फ्रांसीसी क्रांति के दौरान रानी मेरी एटोनेशे को मौत के घाट उतार दिया गया।

1943 शिकागो के मेयर एडवर्ड केली ने भूमिगत रेल प्रणाली का उद्घाटन किया।

1946 दस नाजी युद्ध अपराधियों को फांसी दी गयी।

1951 बंगाल का प्रथम विभाजन हुआ।

1964 चीन ने प्रथम परमाणु परीक्षण किया।

1971 अनवर सादात विधिवता मिस्त्र के राष्ट्रपति चुने गए।

1973 अमरीका के हेनरी किसिंजर और वियतनाम के ली डक को नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की गई लेकिन ली डक ने उसे ठुकरा दिया।

1978 रोमन कैथोलिक पादरियों ने केरोल वोजतिलका को पोप चुना।

1983 बेरूत हवाई अड्डे पर हमले में अमरीकी कैप्टन माइकल ओलर मारे गए और कई अन्य सैनिक घायल हो गए।

1986 हरगोविंद खुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई।

1988 अलास्का में आर्कटिक महासागर में फंसी तीन व्हेलों को बचाने के लिए बचाव कर्मियों ने प्रयास शुरू किए।

1993 दक्षिण पूर्व लंदन में रंगभेद विरोधी प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़की।

1994 जर्मनी के चुनावों में चांसलर हेल्मुट कोल की सरकार को सफलता मिली।

2000 वीरप्पन ने अभिनेता राजकुमार के दामाद को मुक्त किया।

2002 भारतीय एथलीट सुनीता रानी से 14 वें एशियाई खेल में दोनों पदक वापस ले लिए गए।

## दैनिक पंचांग

**16 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | कन्या में | **तुला** | 06.06 बजे से |
| **चंद्र** | मीन में | **वृश्चिक** | 08.20 ब.से |
| **मंगल** | मिथुन में | **धनु** | 10.36 बजे से |
| **बुध** | तुला में | **मकर** | 12.42 बजे से |
| **गुरु** | वृष में | **कुंभ** | 14.28 बजे से |
| **शुक्र** | वृश्चिक में | **मीन** | 16.01 बजे से |
| **शनि** | कुंभ में | **मेष** | 17.31 बजे से |
| **राहु** | मीन में | **वृष** | 19.11 बजे से |
| **केतु** | कन्या में | **मिथुन** | 21.10 बजे से |
| **राहुकाल** | | **कर्क** | 23.23 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | **सिंह** | 01.39 बजे से |
| बजे तक | | **कन्या** | 03.51 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 290 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 20.41 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 19.18 बजे को समाप्त। **योग** ध्रुव 10.09 बजे तदनन्तर व्याघात 05.56 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** गर 10.32 बजे तदनन्तर वणिज 20.41 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 59' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872134 **जूलियन दिन** 2460599.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 12 **विशेष** कोजागरी व्रत, शरद पूर्णिमा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **लाभ** | 05.54 से | 07.22 बजे तक | **उद्वेग** | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| **अमृत** | 07.22 से | 08.51 बजे तक | **शुभ** | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| **काल** | 08.15 से | 10.19 बजे तक | **अमृत** | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| **शुभ** | 10.19 से | 11.47 बजे तक | **चर** | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| **रोग** | 11.47 से | 01.16 बजे तक | **रोग** | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| **उद्वेग** | 01.16 से | 02.44 बजे तक | **काल** | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| **चर** | 02.44 से | 04.12 बजे तक | **लाभ** | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| **लाभ** | 04.12 से | 05.41 बजे तक | **उद्वेग** | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8159

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. तमाशा करने वाला-4
4. शेविंग, दाढ़ी बनाना-4
7. बेल, लतिका-2
8. मामला-3
9. स्तर, परत-2
10. भागना (अंग्रेजी-2)
12. गिरवी रखी वस्तु-2
14. सजदे में झुका हुआ-5
15. असंभव-5
17. खुदा की इबादत-3
19. फायदा, लाभ-2
21. क्रिकेट खिलाड़ी युवराज की प्रेमिका-2
23. मुस्लिम, यवनी-3
24. मोल, कीमत-2
25. स्वभाव, आदत-4
26. करतब, करिश्मा-4

**ऊपर से नीचे**

1. शमशीर, कृपाण-4
2. मां, मम्मी-3
3. नीयत, चरित्र-4
4. ज्वरताप-2
5. राय, वोट-2
6. आंदोलन, संग्राम-4
11. क्षारीय, चटपटा-4
13. आशियां, नीड़-4
14. नेत्र, आंखें-3
15. अनभिज्ञ-4
16. बचत, रिआयत-4
18. आवश्यकता-4
20. उन्माद-2
22. वोट-2
24. अस्थमा, श्वास संबंधी रोग-2

**शब्द पहेली -8158 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | नु | हा | र | ■ | नी | ■ | ■ |
| ■ | हा | ■ | नि | ■ | म | र | घ | ट |
| भं | व | र | ■ | म | नो | ज | ■ | क |
| ■ | र | ज | त | ■ | का | ■ | ता | रा |
| म | ■ | नी | ल | क | म | ल | ■ | व |
| हा | ल | ■ | ब | ■ | ना | ह | क | ■ |
| व | ■ | आ | गा | र | ■ | र | वा | ना |
| त | क | रा | र | ■ | रा | ■ | य | ■ |
| ■ | ■ | म | ■ | त | ह | म | द | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7700

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 18 | 11 | 37 | 37 | ■ | ■ | 14 | 17 | ■ |
| 22 | | 4 | | 8 | ■ | 7 | | 5 | 14 |
| 14 | 7 | | 5 | | ■ | | 2 | | 14 |
| ■ | | 5 | | 7 | | 6 | | 5 | 44 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | | 5 | | 6 | | 30 |
| 32 | | 8 | | 3 | | 6 | ■ | ■ | ■ |
| 34 | 7 | | 2 | | 1 | | 6 | | ■ |
| 16 | | 8 | | ■ | | 2 | | 4 | 17 |
| 18 | 5 | | 7 | ■ | 8 | | 1 | | 20 |
| ■ | 25 | 25 | ■ | ■ | 30 | 52 | 10 | 9 | ■ |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

**अंकजाल 7699 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 19 | 23 | ■ | 31 | 19 | 16 | 11 | ■ |
| 14 | 7 | 2 | 5 | ■ | 7 | 8 | 5 | 4 | 24 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 13 | 3 | 8 | 2 | ■ | 7 | 3 | 4 | 2 | 16 |
| 32 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | 5 | 9 | 2 | 3 | 21 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | ■ | 6 | 4 | 4 | 14 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 26 | ■ | 21 | 16 | 18 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6644

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 5 | | 1 | |
| | 27 | | 33 | | 38 | 3 |
| | 4 | 1 | | 7 | | |
| 7 | 27 | | 35 | | 38 | 2 |
| 2 | | 3 | | 6 | | 4 |
| 4 | 27 | 5 | 35 | | 27 | |
| | | 4 | 7 | 1 | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6643 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 33 | 7 | 40 | 6 | 34 | 6 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 4 | 27 | 5 | 34 | 1 | 29 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 25 | 6 | 30 | 3 | 38 | 4 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 6004

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | | 5 | | 2 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 24 | | 2 | | 68 | | 2 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 3 | | 70 | | 50 | = | 55 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 15 | | 56 | | 2 | | 18 | = | 25 / 51 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 6003**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | ÷ | 5 | + | 75 | - | 65 | = | 20 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 10 | + | 25 | - | 5 | + | 4 | = | 34 |
| - | ■ | x | ■ | - | ■ | - | ■ | + |
| 25 | - | 2 | + | 55 | - | 14 | = | 64 |
| + | ■ | ÷ | ■ | x | ■ | - | ■ | - |
| 20 | x | 5 | x | 3 | ÷ | 25 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 35 | + | 12 | - | 45 | x | 30 | = | 106 / 60 |

## शब्दजाल- 7691

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | ग | ल | ए | अ | व | धी | ल | ध |
| द | अ | व | प्रे | व | अ | स | द | ह | र्म | ड़ |
| र | स | ल | का | दी | व | स | अ | कां | ख | र |
| जी | लि | ल | प | श | ता | स | द | ह | बा | ल |
| त | य | अ | अ | र | र | अ | गु | ख | प | दे |
| क | त | अ | शो | त | अ | भि | अ | न | श | जू |
| क | स | अ | क | अ | न | ला | द | शा | जू | व |
| द | अ | ल | च | व | जी | षा | ऐ | बें | प | सा |
| क | बा | ना | क्र | त | क | छ | प्प | न | हिं | जू |
| क | र्च | बा | तें | व | न | ज | द | अ | जू | व |
| अ | र | अ | प | अ | व | लो | क | न | प | रु |

शब्द जाल में 'अ' से शुरु होने वाले 10 शब्द ढूंढिए. दिए गए शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अवधी, अवकाश, अवतार, अर्चना, असलियत, अखबार, अभिलाषा, अवलोकन, अशोकचक्र, अहिंसा.

**शब्दजाल - 7690 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | अ | मे | रि | का | पा | तू | फा | न | प | क |
| न | खु | क | प | इं | डो | ने | शि | या | ड़ | क |
| अ | दा | जा | ला | र | ग | स | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | पा | ब | दू | स | पा | ह | लि | ल |
| त | ना | अ | सौ | न | जा | ला | कि | या | प | दे |
| आ | इ | इ | मो | व | प | वा | स्ता | ह | यु | बां |
| ग | जी | ल | ह | व | प | रि | न | व | प | ग |
| र | रि | भा | र | त | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | या | बा | तें | व | न | ज | जी | शा | जू | दे |
| र | ग | ल | प | व | सिं | ब्रा | स | अ | प | श |
| बां | स | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | क | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## बिष्टुपुर में कदमा के युवक की हत्या मामले में आठ गिरफ्तार, चाकू, दो बाइक व स्कूटी बरामद



जमशेदपुर । शहर में 13 अक्टूबर विजया दशमी की रात बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में बाइकर्स गैंग द्वारा कदमा के एक युवक देवराज पिल्लई की चाकू मारकर हत्या के बाद एक अन्य युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया था. इस मामले में एसएसपी के निर्देश पर एसपी ने डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया. पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य का सहारा लेते हुए घटना में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवक ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकारी. इसके बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि गिरफ्त में आए अपराधियों के पास से मोबाइल कांड में प्रयुक्त चाकू और दो मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद किया गया है.

## उपायुक्त और एसएसपी ने स्ट्रांग रुम व डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



जमशेदपुर । झारखंड राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने के बाद पूर्वी सिंहभूम जिले में चुनाव की तैयारियां जोरों पर है. इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं जिले के एसएसपी समेत तमाम आला अधिकारियों ने बुधवार को स्ट्रांग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया. आपको बता दे कि पूर्वी सिंहभूम जिले के छह विधानसभा सीटों पर आगामी 13 नवंबर को मतदान होना है. निमित्त इससे पूर्व तमाम इवीएम डिस्पैच सेंटर सह स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया जा रहा है. जमशेदपुर के एलबीएसएम कॉलेज एवं कोऑपरेटिव कॉलेज में यह डिस्पैच सेंटर सह स्ट्रांग रूम निर्माण किया जा रहा है. इन दोनों ही स्थान को पूर्णता सील कर दिया जाएगा. पुलिस की निगरानी में इन्हीं स्थानों से ईवीएम सहित पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा.

## दादा और पोती की नहर में डूबने से हुई मौत,गांव में पसरा मातम



कोयलांचल संवाद संवाददाता

मयूरहंड (चतरा): जिले के मयूरहंड के महेशा गांव में बुधवार 12 बजे अंजनवा नहर में मछली मारने गये दादा व पोती की नहर में डूबने से मौत हो गयी।मृतक 55 वर्षीय कल्लू भुइंयां व पोती शामिल है।मौत की खबर सुन गांव में मातम पसर गया।बताया गया कि दादा व पोती साथ में अंजनवा डैम से निकलने वाले पानी के नाले में मछली मारने गए थे।जहां मछली मारने के लिए नाले में पहले पोती उतरी और गहरे पानी में चली गई जहां पानी अधिक रहने से डूबने लगी जिसे देख दादा बचाने गया पर दुर्भाग्य से दोनों के डूबने से मौके पर हीं मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दिया।सूचना पाकर अवर निरीक्षक शिवदोय तिर्की दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में कर अंतियपरिक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया। वहीं घटना की सूचना पाकर जेएमएम पार्टी के सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी मनोज चंद्रा उक्त गांव पहुंच मृतक के परिजनों से मुलाकात कर आर्थिक मदद कर हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक,विस चुनाव व आचार संहिता पर चर्चा



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विधानसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर बीडीओ राजीव सिंह ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारीयों की विंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बीडीओ श्री सिंह ने निर्वाचन कार्य से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिंता का सख्ती से अनुपालन करने-कराने का निर्देश कर्मियों को दिया। बीडीओ ने बैठक में कर्मियों को मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कराने,मतदाताओं के बीच मतदान के लिए प्रचार प्रसार करने,स्वीप गतिविधियों का संचालन सहित अन्य विषयों पर जानकारी देते हुए कई दिशा निर्देश भी दिया। साथ हीं सार्वजनिक स्थानों पर लगे सभी पार्टियों के बैनर पोस्टर को आज से ही उखाड़ने को कहा। इसके अलावा चूनाव अवधि में चूनाव संबंधी सभी कार्य समय पर निष्पादित करने का भी निर्देश दिया। बीडीओ के आदेश के बाद प्रखंड परिसर में लगे बैनर पोस्टर को स्थानीय प्रशासन द्वारा आज ही उखाड़ दिया। बीडीओ ने सभी राजनीतिक पार्टी से अपने अपने बैनर पोस्टर को हटाने का अपील भी किया।

## बरकट्ठा में हुई सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)।बरकट्ठा में बुधवार को जीटी रोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौत हो गई। बरकट्ठा थाना के समीप बुधवार कि सुबह 8:30 बजे के करीब बगोदर कि ओर से आ रही सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल नंबर जेएच 10 सीबी 9444 को पीछे से आ रही एक अज्ञात ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक चालक ग्राम गोविंदपुर धनबाद निवासी शिक्षक राजू मंडल 36 वर्ष पिता बीरबल मंडल की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय गैड़ा में वोकेशनल शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। जो अपने घर से दुर्गा पूजा कि छुट्टी मनाकर विद्यालय जा रहे थे।घटना पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार रविदास, शिक्षक संघ जिला कमेटी सदस्य सुनील कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, सचिव रामकिशुन महतो समेत अन्य शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी को लेकर भागने में सफल रहा।मौके पर पहुंचकर बरकट्ठा थाना पुलिस ने मृतक के शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पलामू में छह लाख का शराब जब्तः पुलिस देख गाड़ी छोड़कर भागे तस्कर, अधिसूचना जारी होते ही प्रशासन एक्टिव

पलामू : विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पलामू पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। जिले के पड़वा और हरिहरगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने छह लाख से अधिक मूल्य का शराब जब्त किया है।

पड़वा थानाक्षेत्र से पांच लाख 82 हजार 93 रूपए की शराब पकड़ी गई है। साथ ही शराब ढोने वाले बोलेरो मैक्सी ट्रक (बीआर01जीके3228) को भी जब्त किया गया है। वाहन से 750 एमएल की 358 बोतल और 180 एमएल की 3264 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई है।



### गश्ती के दौरान पुलिस ने पकड़ा

मंगलवार रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस टीम को देखकर बोलेरो मैक्सी ट्रक वाहन को चालक मध्य विद्यालय पड़वा के पास रोककर भाग गया। तलाशी लेने पर रॉयल स्टेग व्हीस्कि विदेशी शराब 29 कार्टून में 12-12 बोतल एवं एक कार्टून में 10 बोतल बरामद हुई। प्रत्येक बोतल पर फोर सेल इन उतरप्रदेश ओनली अंकित पाया गया।

इसी तरह ऑफिसर्स च्वाइस ओरिजल व्हीस्कि विदेशी शराब 68 कार्टून में 3264 पीस शराब बरामद हुई। इस पर भी फोर सेल इन उतरप्रदेश ओनली अंकित पाया गया। हरिहरगंज इलाके में 650 एलएल की 216 बोतल और 500 एमएल की 48 केन बीयर बरामद की गयी है। इसका बाजार मूल्य 44 हजार रूपए है।

एसपी रीष्मा रमेशन ने अवैध शराब तस्करी को लेकर छापामारी अभियान का पुष्टि किया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस चेकिंग देखकर गाड़ी छोड़कर शराब तस्कर भाग निकले। जिस कारण किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व को किया सम्मानित , 100 से अधिक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

जमशेदपुर । टाटा स्टील फाउंडेशन ने टाटा स्टील फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के सुकिंदा क्रोमाइट माइन परिसर में अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की थीम "हमारे सामूहिक भविष्य के लिए ग्रामीण महिलाओं द्वारा प्रकृति का संरक्षण" था, जिसमें ग्रामीण, आदिवासी और कृषक समुदायों की महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। इन महिलाओं ने न केवल सस्टेनेबल भूमि और संसाधन प्रबंधन को नया आकार दिया, बल्कि ग्रामीण समुदायों में जलवायु के अनुकूल विधियों को विकसित करने में भी एक सशक्त भूमिका निभाई है। सुकिंदा और कलिंगानगर (जाजपुर जिला) तथा बामनीपाल (क्योंझर जिला) क्षेत्रों की ग्रामीण और आदिवासी समुदायों से आईं 100 से अधिक महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्होंने सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समाज के निर्माण और ग्रामीण परिदृश्य को बदलने में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, पंकज सतीजा, एक्जीक्यूटिव इंचार्ज एफएएमडी, ने कहा, "विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, हम महिला नेतृत्व के विकास में योगदान देने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। एक जिम्मेदार



कॉर्पोरेट के रूप में, हमने हमेशा ग्रामीण महिलाओं की शक्ति, दृढ़ता और समाज में उनके बहुमूल्य योगदान का सम्मान किया है। चाहे कृषि हो या परिवार की देखभाल, उनके नेतृत्व ने हमेशा एक अधिक समान और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।"सभा को संबोधित करते हुए शंभू नाथ झा, चीफ माइन (एफएएमडी), ने ग्रामीण महिलाओं की गृह निर्माण और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए अंजना तिवारी, सीनियर एरिया मैनेजर, सेफ्टी (एफएएमडी), ने ग्रामीण विकास में गांव की महिलाओं के योगदान और समाजिक परिवर्तन में उनकी प्रमुख भूमिका को रेखांकित किया। इसके साथ ही, ओडिशा आजीविका मिशन (ओएलएम) और वन स्टॉप सेंटर (सखी) के वक्ताओं ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और संसाधनों के बारे में जानकारी साझा की, जो ग्रामीण महिलाओं को संभावित अवसरों का पता लगाने और अपने हुनर का पूरा लाभ उठाने में मदद करती हैं। यह कार्यक्रम टाटा स्टील फाउंडेशन की ग्रामीण और आदिवासी समुदायों की महिलाओं को सशक्त बनाने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा था। शिक्षा, कौशल विकास और आजीविका संसाधनों तक पहुंच प्रदान करने के लिए विभिन्न पहलों के माध्यम से, टाटा स्टील फाउंडेशन यह सुनिश्चित करता है कि महिलाएं अपने समुदायों का नेतृत्व करने और एक सतत् व आत्मनिर्भर भविष्य का निर्माण करने के लिए सशक्त बनें।

## सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर आयोजित

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : स्पेशल कैंपेन 4.0 के तहत ढोरी क्षेत्र में 16 अक्टूबर 2024 को सुबह 11:00 बजे एक शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ढा , बीएंडके, कथारा और गिरिडीह क्षेत्रों के कर्मचारियों और हितधारकों की शिकायतों का संयुक्त रूप से निवारण किया गया।



शिविर का आयोजन ढोरी क्षेत्र में हुआ, जहाँ ढोरी,कथारा, बीएंडके और गिरिडीह से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुना गया और उनका समाधान करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर श्री एन.सी. झा, महाप्रबंधक सीएमसी, श्री ए.के. मलिक, मुख्य प्रबंधक (पी) समाधान, श्री रंजय सिन्हा, जीएम ढोरी के साथ साथ ढोरी, बीएंडके, कथारा के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा, यूनियन प्रतिनिधि और मीडिया कर्मी भी शिविर में उपस्थित रहे ।

यह शिकायत निवारण शिविर सीसीएल के *स्पेशल कैंपेन 4.0* का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और हितधारकों को शिकायत निवारण प्रक्रिया एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। यह पहल सीसीएल की अपने कर्मचारियों और हितधारकों के प्रति उत्तरदायित्व और एक स्वस्थ, सक्रिय एवं प्रभावी कार्य वातावरण को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय

ओरमांझी(मोहसीनआलम)-प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय सदमा मैदान में बुधवार क्रो भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति सदमा चंदरा के बाबूलाल महली की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह आदिवासी 22 पड़हा जतरा को लेकर एक बैठक बुलाई गई.बैठक में पहुंचे लोगों ने अपना अपना विचार देते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी 14नवंबर 2024 को शाम 7 बजे झिरगा पाहन के अगुवाई से जतरा खूंटा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्वज का किया हुआ को रंगुवा मुर्गा का बलि देकर जतरा का शुभारंभ किया जाएगा और 15 नवंबर 2024 को समय 9बजे सुबह भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर 11 पाहनों के द्वारा पूजा पाठ करने के बाद माल्यार्पण किया जाना तय हुआ है. और दोपहर 2 बजे से पारंपरिक वेशभूषा खोड़हा के जतरा कार्यक्रम 4 बजे से 9:30



बजे तक छोटे-छोटे बच्चे बच्चीयों का सामाजिक डांस साथ ही साथ रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का कार्यक्रम रखी गई है 9:45 में जतरा का समापन की घोषणा की जाएगी. बैठक में कमिश्नर मुंडा जिला परिषद सदस्य औरमांझी , रमेश चंद्र उरांव कोषाध्च्छ,गीता कच्छप पूर्व मुखिया सदमा,रमेश उरांव 22 पड़हा सचिव, रितेश मुंडा जतरा सचिव ,धनंजय करमाली,शिबू उरांव,ललिता मुंडा दीपक मुंडा,संजय मुंडा,करमचंद उरांव,रंजीत पाहन,खुदन मुंडा, बिरसा मुंडा,डिस्को मुंडा,सोनू मुंडा,भगत उरांव,सुमित मुंडा, रामदास टोप्पो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आचार संहिता लगते ही वाहनों की सघन जांच शुरू



जमशेदपुरः निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव के तिथि घोषणा करते ही राज्य की सीमा पर प्रशासन द्वारा बैरिकेड लगाकर वाहनों की सघन जांच की जा रही है. बहरागोड़ा प्रखंड की सीमा पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल तथा ओडिशा से मिलती है. प्रशासन द्वारा पड़ोसी राज्य से प्रवेश वाले सभी सीमा पर चेक नाका लगाकर आने जाने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है. प्रशासन द्वारा कहा गया कि यह जांच अभियान निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार ही किया जा रहा है. जिसमें नगद पैसे ,आभूषण, आग्नेय शस्त्र तथा वाहन संबंधित कागजात की जांच पड़ताल करने के उपरांत ही अन्य राज्य से आने वाले वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी जा रही है.

## भीषण सड़क हादसे में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सहित दो गंभीर रूप से घायल

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : भीषण सड़क हादसे में ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। यह सड़क दुर्घटना मंगलवार की रात बिहार के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात ब्रह्मदेव प्रसाद रांची से गया जा रहे थे। गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी इनोवा कार को जोरदार टकर मार दी। घटना रात्रि एक बजे की बताई जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर ही चालक विजय शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई। कार में सवार मंच अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद व संतोष




ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में श्री प्रसाद व संतोष ठाकुर को गया स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद श्री प्रसाद की गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताते चलें कि ब्रह्मदेव प्रसाद विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं। वे यहां से दो बार विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। हालांकि उन्हें दोनो बार ही हार का सामना करना पड़ा है। इस बार भी वे पूरी ताकत के साथ चुनावी समर में उतरे हुए हैं। लेकिन इस दुर्घटना के बाद उनके समर्थक काफी दुखी और मायूस हैं।।ओबीसी एकता अधिकार मंच के पदाधिकारी,सदस्य व समर्थक उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए विशेष पूजा और हवन करवा रहे हैं। इधर दुर्घटना पर कई लोगों ने दुःख जाहिर करते हुए श्री प्रसाद के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## जमशेदपुर बार में वकीलों ने दी रतन टाटा को श्रद्धांजलि

जमशेदपुर। देश के शीर्ष उद्योगपति टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष व पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा के निधन पर जमशेदपुर के वकीलों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा केंद्र सरकार से मांग की कि उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया जाए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह भी मांग की गई कि उड्डयन क्षेत्र में टाटा घराने के योगदान के मद्देनजर धालभूमगढ़ के प्रस्तावित हवाई अड्डे का नामकरण रतन टाटा हवाई अड्डा किया जाए और यहां इंटरनेशनल स्तर की सेवाएं को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक बनाया जाए। इस दिशा में स्थानीय सांसद विद्युत वरण महतो से भी पहल करने की अपील की गई। वकीलों के अनुसार देश के उद्योग जगत में उनका नाम आदर के साथ लिया जाता है। उन्होंने टाटा समूह को देश ही नहीं विदेशों में भी बुलंदियों तक पहुंचाया। रतन टाटा ने सामाजिक उत्थान के लिए काफी कुछ किया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उनका बड़ा योगदान है। उन्होंने रांची में 100 करोड़ की लागत से कैंसर अस्पताल का निर्माण करवाया। देश में जहां भी विपदा आई रतन टाटा ने दिल खोलकर सहयोग दिया।




अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उक्त बातें जिला व्यवहार न्यायालय परिसर बार भवन में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि जमशेदपुर शहर टाटा समूह की नहीं भारत देश की धरोहर है। टाटा समूह ने रतन टाटा के नेतृत्व में लाखों लोगों को रोजगार दिया और करोड़ों लोगों को रोजी-रोटी मिली। उनके जैसे महान हस्ती को बार-बार नमन करता हूं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अधिवक्ता पीएन गोप, मोहम्मद कासिम, बीजी डे, एसएम राजू, एसके नंदी, अभय कुमार सिंह, , समरेंद्र प्रताप सिंह, राहुल प्रसाद, जगदीप सिंह सैनी, जन्मेजय सिंह, राजू सिंह, सीमा इंदु, युगल किशोर , जयंतो डे, ललित मोहन गोप, पवन कुमार, दिनेश पांडे, नोटरी ओम प्रकाश, बिजेंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, कुलविंदर सिंह व अन्य अधिवक्ता गण के अलावा न्यायालय परिसर में आए जनता भी श्रद्धांजलि देने में शामिल थे।

## चतरा जिले में झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ प्रशासनिक हलचल बढ़ी

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतरा : बुधवार को झारखंड विधानसभा आम चुनाव की घोषणा के साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चतरा एवं सिमरिया विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा की। 26 सिमरिया और 27 चतरा विधानसभा का चुनाव पहले चरण में 13 नवंबर को होगा। वहीं वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। उन्होंने कहा कि जिले की दोनों विधानसभा के लिए 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किये जायेंगे। 28 अक्टूबर को स्कूटनी एवं 30 अक्टूबर को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। चतरा विधानसभा के आरओ चतरा अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम होंगे जबकि सिमरिया विधानसभा के आरओ सिमरिया के अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज होंगे। चतरा विधानसभा का नामांकन चतरा अनुमंडल कार्यालय में और सिमरिया विधानसभा का नामांकन सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में दाखिल किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 419 मतदान केंद्र हैं, जबकि चतरा विधानसभा क्षेत्र में 475 मतदान केंद्र हैं। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का 20 मतदान केंद्र जिले के टंडवा प्रखंड में है। इस प्रकार चतरा जिले में कुल 914 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 4 लाख 27 हजार 209 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 17 हजार 96 और महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख 10 हजार 111 है। तीसरा लिंग 2 है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 3 लाख 77 हजार 183 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 92 हजार 872 और महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 311 है। इस प्रकार चतरा जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 4 हजार 392 है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि आज से आचार संहिता लागू हो गयी है। चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जायेगा।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू का सामाजिक बहिष्कारः रश्मि प्रकाश के अंतरजातीय विवाह से नाराज है समाज, अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा का निर्णय

चतरा : अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा ने राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू रश्मि प्रकाश का सामाजिक-राजनीतिक बहिष्कार कर दिया है। इसकी जानकारी बैठक के बाद पत्र जारी कर की गई है।



समाज की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि रश्मि प्रकाश ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता के बेटे के साथ अंतरजातीय विवाह किया है। इस वजह से रश्मि प्रकाश का सामाजिक और राजनीतिक बहिष्कार किया जाए।

### सामाजिक परंपरा के साथ किया खिलवाड़

अनुसूचित जाति समाज के द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि अंतरजातीय विवाह कर समाज के द्वारा इसे समाजिक परंपरा के साथ एक खिलवाड़ माना जा रहा है। साथ ही समाज के विरूद्ध चुनौती बताया जा रहा।

अनुसूचित जाति समाज की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि इससे पूरे दलित समाज के युवक-युवतियों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए समाज अपने सामाजिक व्यवस्था के अनुकूल निर्णय लेते हुए रश्मि प्रकाश के बहिष्कार करने का निर्णय लेती है।

जिसके तहत उनके घर परिवार से मरनी-जीनी, शादी-विवाह सहित सामाजिक और राजनीतिक कार्यों से समाज को दूर रहना है। साथ में अब से कोई दलित परिवार का संबंध इस परिवार से नहीं रखा जाएगा। साथ ही समाज को सूचित करते हुए कहा गया है कि दलित परिवार के किसी भी कार्यक्रम में हमारे समाज के लोगों को आने और जाने पर प्रतिबंधित किया जाता है।

## भाजपा नेता शिव शंकर सिंह ने झारखंड में 2 चरण में चुनाव कराने का किया स्वागत

जमशेदपुर । चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों 2024 की तारीखों का ऐलान कर दिया है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग होगी, जबकि झारखंड में दो चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण की वोटिंग 13 नवंबर को होगी एवं दूसरे चरण की वोटिंग 20 नवंबर को होगी। चुनाव आयोग के झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान का भाजपा नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह ने स्वागत किया है और कार्यकर्ताओं से चुनाव तैयारियों में पूरी ताकत से जुट जाने की अपील की। कहा "हेमंत सरकार जनविरोधी है। जनता के 5 साल के दुःख दर्द से उसका कुछ भी लेना देना नहीं है। इस कुशासन से प्रदेश की जनता अब पूर्णतया ऊब चुकी है और बदलाव चाहती है। देश के लोकप्रिय प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा समेत राज्य की अन्य 81 विधानसभा सीटों पर रिकॉर्ड मतों जीत दर्ज कर एनडीए की बहुमत की सरकार बनाएगी। निश्चित रूप से जनता का जनादेश भाजपा के पक्ष में आएगी। साथ ही, भाजपा नेता शिव शंकर सिंह ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने में चुनाव आयोग का सहयोग करने की अपील सभी से की।

## भाजपा जिला महामंत्री के महुदा स्थित आवास पर डकैती का प्रयास

धनबादः कांड्रा पंचायत के मुखिया सह धनबाद जिला भाजपा के महामंत्री धनेश्वर महतो के महुदा मोड़ स्थित आवास पर मंगलवार की देर रात डैकती का प्रयास हुआ. दर्जनों अपराधियों ने पहुंचकर उनके घर का ताला तोड़ दिया. अपराधियों की आवाज सुनकर भाजपा नेता ने चुपके से फोन पर महुदा पुलिस को सूचना दी. महज 10 मिनट में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस को देख अपराधी भाग खड़े हुए. धनेश्वर महतो ने बताया कि रात में वे जैसे ही वह अपने रूम से बाहर निकले, तो देखा कि एक दर्जन से अधिक नकाबपोश अपराधी हथियार लेकर उनके घर में घुस आए हैं. उन्होंने तुरंत अपना कमरा अंदर से बंद कर लिया और पुलिस को सूचना दी.

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।